गुलाल साहब सत्यज्ञान की उपलब्धि के लिए सत्तगुरू को अत्यधिक महत्व देतं हुए कह रहे है कि उच्च कोटि के साधक ही लक्ष्य की सिद्धि कर सकता है[4]। क्योकि सतगुरू के वचन से ही प्रकाशित ज्ञान प्राप्त होता है।

संत भीखा ने लिखा है कि मेरा सच्चा हितैषी वही है, जो श्रेष्ठ ज्ञान सुनावे अथवा जो उस ज्ञान की चर्चा करे जो सतगुरू से प्राप्त होता है। हम लोग तो ऐसे मूढ़ अज्ञानी हैं जो अपने कल्याण के मार्ग को भी नही जानते ।[5] उन्होंनें, योग, पाठ, पूजा, स्नान और यज्ञ आदि के प्रति विरोध नहीं प्रगट किये हैं लेकिन उनका मत है कि आत्मस्वरूप की उपलब्धि से अन्र्तदृष्टि खुल जाती है। यह ज्ञान गुरू के चरणों में ही प्राप्त हो सकता है।

राम नाम जाने बिना वृथा है सकल काम,
गुरू जी सो ज्ञान लेवे चरनों में चित देवै ।[6]

जगजीवन साहब सतगुरू के प्रत्येक वचन को हृदय में समाहित करने का आह्वावान कर रहे हैं।[7] गोविन्द साहब ने लिखा है कि माया गुरू-ज्ञान से ही दूर चली जाती है।[8] जो गुरू का पूरा ज्ञान प्राप्त कर लेता है, उसे आत्मानुभूति प्राप्त हो जाती है, तव वह गर्व गुमान को छोड़कर गुरू ज्ञान में ही अपने को तपाए रखता है।[9] संत पलटू साहब के मतानुसार जिसको पूर्ण गुरू की प्राप्ति हो जाती है, वह ज्ञान साधना से आत्मानुभूति को प्राप्त कर लेता है[10] उन्होंने लिखा है कि जो गुरू दरियाव रूपी जल में स्नान कर लिया, उसकी अज्ञानता समाप्त हो गयी क्योकि गुरू के चरणों में अरसठ (68) तीर्थ का फल प्राप्त है। जो

---

1. सतगुरू की महिमा अनन्त अनन्त किया उपकार ।
   लोचन अनन्त उघाड़िया, अनन्त दिखा बड़हार।
   -कबीर ग्रन्थावली, अंग 1, साखी 3।
2. यारी साहब की 'रत्नावली', पृ0 6।
3. बुल्ला साहब का 'शब्दसार' पृ0 34।
4. ज्ञान ध्यान सब ही हर लीन्हो, काहु न आपु संभारी।
   कहै गुलाल कोउ, कोउ, उबरै, सतगुरू की बलिहारी।।
   -गुलाल साहब की वानी, पृ0 13।
5. मेरो हित सोई जो गुरू ज्ञान सुनावै ।।
   - संत भीखा की मर्मभेदी पुकार, पृ0 132
6. संत भीखा की मर्मभेदी पुकार, पृ0 248।
7. गुरू के वचन हृइय धरू मूरख, ज्ञान ध्यान मन लाव।
   -जगजीवन साहब की वानी, भाग-1, पृ0 47।
8. जब वह सुरति चैतन्य मता गुरू ज्ञान में पैठी।
   तब माया हरि जाय ठिकाने अपने बैठी ।
   - गोविन्द साहब की हिन्दी रचनाएं, पृ0 41
9. छोड़ै गर्व गुमान ज्ञान गुरू पूरा पावै।
   साधै आपे आप ताप सब दूरि बहावै।- वही, पृ0 29
10. गुरू पूरा मिलै, ज्ञान साधना करै।- पलटू साहब की वानी भाग-2, पृ० 1

संत लोग वैराग्य को केवल साधन मात्र मानते थे, साध्य नहीं । साधना रूप में भी उसे अनिवार्य नही समझते थे। यदि गृहस्थ जीवन में सहज रूप से ज्ञानोदय हो जाय तो वैराग्य के ढोंग रचने की कोई आवश्यकता नही होती। पलटू साहब ने लिखा है कि यदि मन विकार छोड़ दें तो घर में ही वैराग्य प्राप्त हो जाता है । विकार छुड़ाने का एक मात्र साधन साधु सेवा है। इसीलिए सच्चा वैराग्य साधु सेवा ही है।

पहले दासा तन करै सो वैराग प्रमान ।
सो वैराग प्रमान सेवा साधुन की कीजै ।।
तब छोड़े संसार बूझ घर ही में लीजै।।[1]

संतों ने अपने सहजीकृत मार्ग में नाम के महत्व का बड़े प्रवेग पूर्ण शब्दों में प्रतिपादन किया है। संत गुलाल ने नाम महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि जब मन को समन करके ज्ञान का उदय हुआ, तब नाम के अचल अविनाशी पदार्थ प्राप्त हो गये।

उदित भयो जब ज्ञान कर्म मन नासई । भरो पदारथ नाम अचल पद पावई ।।[2]

संत भीखा ने 'नाम' के सम्बन्ध मे बहुत ही गूढ़ प्रश्न अपने गुरू गुलाल साहब से पूछा है कि क्या नाम, राम से अलग है? क्योकि नाम को राम से अधिक महत्व दिया जाता है? वह नाम क्या है? कौन सा नाम सुखदायी है? भीखा साहब कहते हैं कि नाम तो एक ही है। यदि राम से भिन्न नाम है तो उसका भेद बतावे।

गुरू गुलाल साहब उत्तर दे रहे हैं कि 'नाम' निर्गुण ब्रह्म तथा अवतारी 'राम' से भी बड़ा है। उन्होंने नामो में 'राम' नाम जपने को ही कहा है 'भीखा रामै राम रटु रामै नाम कहाव'।

रामै नाम कहाव'-रमने वाले अलख राम जो भीतर आतमराम हैं वे ही स्वयं नाम है। 'रमिता राम बोलता नामा'। रमने के कारण राम है। और बोलने के कारण नाम है। आतम राम से जो शब्द निकल रहा है वह नाम है। प्रत्येक जीव के भीतर एक ही नाम है। एकै नाम सकल तन गहिए'। पुनः कहते हैं 'आतम राम नाम सौ जापे '। नाम को अलग से जपना नही है। वह स्वतः हो रहा है। उसमें समा जाना ही जप है। उसमें समा जाने का सीधा फल है स्वरूपस्थ हो जाना।

शिष्य प्रार्थना -

नामै नाम तो सब कोउ कहई । नाम को भजन कौन विधि लहई।।
नाम तो एक अनन्त न भयऊ। कौने नाम भजै सुख पैयऊ।।

पुर्ष पुरान अकेल रह, जब कछु दोबिधा नाहिं ।
राम नाम तब कहाँ रह, जब कछु दोविधा नाहिं ।।

सतगुरू उत्तर -

भीखा नाम सो एक कहावै । दूजो सब कछु भर्म बहावै ।।
राम नाम परमातम कहिये। आतम रूप अनन्त न लहिये ।।

राम को नाम अचल भयो, सकल ग्रन्थ निज गांव ।
भीखा रामें राम रटु, रामै नाम कहाव ।।[3]

भीखा साहब ने एक दूसरे स्थल पर भी नाम की महिमा का वर्णन किया है -

नामे पानी नामै पवना। ररंकार मगल सुख रवना ।।
नामै धरती नाम अकास । नामै पावक तेज प्रकास ।।

---

1. पलटू साहब की बानी, भाग 1, पृ0 38।
2. गुलाल साहब की वानी, पृ0 35।
3. संत भखा की मर्मभेदी, पुकार, पृ0 295' - 96 - 97

मन पवना को संगम कोई नर पाइया ।
अनहद बजे अपार तो अलख लखाईया ।।[1]

उन्होंने एक स्थल पर त्रिवेणी के तीर पर चन्द्र एवं सूर्य के मिलने को बताया है।[2] एक अन्य स्थान पर वे चांद, सूर साधना का वर्णन अर्ध-उर्ध के खेल तथा इंगला -पिंगला को बांधकर बतलाया है।कुछ संतों में अर्ध-उर्ध के स्थान पर अरध और उरध भी मिलता है, ये प्राणायाम के बाचक है ।

अर्ध- उर्ध को खेल कोउ नर पावई । चांद सूर को बांधि गगन ले जावई ।।
ईंगल पिंगल दोउ बांधि सहज तब आवई । कहै गुलाल हर रोज आनन्द तब आवई[3]।।

बुल्ला साहब ने एक स्थान पर वायु साधना से सम्बन्धित प्राणायाम के पूरक, कुभक, रेचक आदि अंगों का उल्लेख किया है ।

लै कुंभक पूरक घर रखना रेचक संजम देई ।[4]

संत भीखा साहब ने प्राणायाम के सन्दर्भ में लिखा है कि - बाईं नासिका की चन्द्र नाड़ी पिंगला और दाहिनी नाड़ी इंगला के साथ बीच की सुषुम्णा नाड़ी का शोधन करके ज्ञान- अग्नि को जगावे, प्रज्ज्वलित करें । इन्हीं इंगला पिंगला तथा सुषुम्णा को एकाग्र करके उलटकर उर्ध्वमुखी कर दे। इस क्रिया द्वारा गगन - गुफा के गगन मण्डल में अनाहद नाद और प्राण का संयोग होता है[5]। एक दूसरे स्थान पर उन्होंने दृष्टि को उलाट करके प्राणायाम करने का उपदेश दिया है[6]।

भीखा साहब को हम कबीर की भांति हठयोगियों के कठोर साधना की तीखी आलोचना करते हुए पाते हैं -

पान अपान उदान व्यान करि विसरेउ सारंग पानी ।
अपरम्पार पार परमेश्वर अविगति अकथ कहानी ।।[7]

योगी लोग पान, अपान, व्यान, उद्वान तथा समान वायु को साधने में विश्वात्मा रूप परमतत्व को त्याग देते हैं ।

संत गोविन्द साहब ने 'पवन' साधना की सहायता से सुरति - निरति को पार करने का उपदेश दिया है ।[8] संत पलटू साहब ने लिखा है कि बांई नासिका की चन्द्र नाड़ी पिंगल और दाहिनी नासिका की सूर्य नाड़ी इंगला के बीच की सुषुम्णा से त्रिकुटि में मिला देने पर सोहं शब्द सुनाई पड़ने लगता है ।[9] एक स्थान पर उन्होंने पवन साधना का भी संकेत किया है -

इंगला माहिं सहज समानी, पिंगल पवन अहारी हो[10]

रामचरन साहब ने पान-अपान वायु को शोधने का उपदेशं दिया है -

'रामचरन गोविन्द भजु। शोधेउ पान अपान ।।[11]

---

1. गुलाल साहब की बानी, पृ0 51 ।
2. चंद सूर घर आयल तिरबेनी तीर ।
   निरखि - निरखि गति साजल दरसन रघुबीर - वही, पृ0 26 ।
3. वही, पृ0 46 ।
4. बुल्ला साहब का 'शब्दसार', पृ0 3 ।
5. चन्द्र सूर्य एकाग्रह करि, उलटि उर्ध अनुसरै। नाद विन्द का जूह गगन में, मन माया तब टेरे।।
   -संत भीखा की मर्मभेदी पुकार, पृष्ठ 93
6. बैसाख मास फल पूरन, योग युक्ति प्रानायाम।
   दृष्टि उलटि कै लगि रहै, निसुदिन आठो याम ।। वही, पृष्ठ 165
7. वही, पृष्ठ 54
8. पवन पयाना करि गया। सुरति निरति के पार।। गोविन्द साहब की हिन्दी रचनायें, पृष्ठ 25
9. बायें चन्द सुर है दाहिने, सुखमन सुरति समानी हो।
   सोहं सोहं सुन में बोलै, वही शब्द की खानी हो- पलटू साहब की वानी, भाग 3, पृष्ठ 28
10. वही, पृष्ठ 28
11. श्री रामचनर साहब के शब्द, पृष्ठ 2 (हस्तलिखित)

संत थानदास ने पान, अपान, उद्वान को मिलाने का संकेत दिया है[1]। संत देवकीनन्दन साहब ने अष्टांग योग की महत्ता बतलाई है[2]। आगे उन्होंने पान, अपान, उद्वान, व्यान को उलाट कर भरने का उपदेश दिया है[3], तो कही पर मात्र पान, अपान को मिलाने की बात कही है[4]। हुलासदास ने इड़ा पिंगला को शोध करके सुषुम्णा में समाने को बतलाया है --

इड़ा पिंगला सोधि के सुख मन रहे समाय । त्रिकुटि दास हुलास गे, कौन सकै अलगाय ।।[5]

स्वामी गैबानन्द ने अष्टयाम के आठो नियमों का नामोल्लेख निम्न प्रकार से किया है

औरहु एक उपाय सुनु, नाश विक्षेपहिं हेत ।यम अरू नियमासन कही, प्राणायाम समेत ।।

प्रत्याहार पुनि धारणा, ध्यान समाधी जान ।यही योग अष्टांङ्ग है, करत विक्षेपहिं हान[6]।।

बावरी पंथ के संत कवियों ने कहीं भी योग का क्रमबद्ध रूप नही प्रस्तुत किये हैं। ये लोग प्राणायाम साधना का संकेत मन, पवन साधना के रूप में अधिकतर किये हैं। जो पलटू साहब तक आते-आते हठयोग का प्रभाव क्षीण-सा दिखाई पड़ने लगता है । कुछ संतों ने अष्टांग योग की साधना का भी उल्लेख किये हैं ।

विपरीतकरण मुद्रा से योगी लोग सूर्य को ऊपर कर देते हैं और चन्द्र को नीचे कर देते है ।यह क्रिया प्रत्याहार और प्राणायाम के द्वारा ही सिद्ध होती है।[7] विपरीतकरणी मुद्रा ही आगे चलकर संतों में विपरीतकरणी सूर्य चन्द्र साधना के नाम से प्रसिद्ध हुयी है । बावरी पंथ के संत यारी साहब ने विपरीतकरणी मुद्रा का संकेत करते हुए लिखा है - भगवान की कृपा से ही साधक चन्द्र को अधस्तात स्थिर करने में और सूर्य को उर्ध्वमुखी करने में समर्थ होता है ।

अैन-इनायत हरि की बढ़ै। चन्द उतारै सूरज चढ़ै।[8]

प्रत्याहार की साधना में सहायक प्रणव जप भी है, ये जप एक लाख बीस हजार संख्या में बताएं गये हैं, किन्तु बावरी पंथ के संतों ने जप को बहुत महत्व दिया है। फिर भी एक लाख बीस हजार जप, संख्या का उल्लेख किसी ने नही किया है ।

ये लोग प्रणव जप के स्थान पर सोहं के अजपाजाप को ही विशेष महत्व देते हैं । यारी साहब ने अजपा-जाप की ओर संकेत करते हुए लिखा है-

गगन गुफा में बैठि के रे, उलटि के अपना आप देखे।
अजपा जपै विन जीभि सो रे, बिन नैन निरंजन रूप लेखै ।।[9]

बावरी साहिबा ने भी अजपा - जाप के महत्व का प्रतिपादन किया है -

अजपा जाप सकल घट बरतै, जो जानै सोइ पेखा ।
गुरू गम जोति अगम घर बासा, जो पाया सोई देखा।।[10]

केशवदास ने निर्गुण ब्रह्म की उपासना के लिये साधना में अजपाजाप करने का उपदेश दिया है ।

निर्गुन राज समाज है, चँवर सिंहासन छत्र ।
तेहि चढ़ि यारि गुरू दियो, केसोहिं अजपा मंत्र ।।[11]

बुल्ला साहब ने त्रिवेणी में स्नान करने का उपदेश दिया है -

तीनिउ जना त्रिवेणी आना, गंग जमुन कीन्हों अस्नाना ।।[12]

बुल्ला साहब ने सोऽहं जप की ओर भी संकेत किया है[13]। प्रत्याहार के साधक के लिये शब्द सुरति योग की साधना भी जरूरी है।

---

1. पान-अपान उदान मेलि एक अन्तर हो।। थान साहब के शब्द, पृष्ठ 9
2. अष्ट जाम विहृवल व्याकुल तन प्रेम अभये मदमाती।- देवकीनन्दन साहब की हिन्दी रचनायें। पृष्ठ 3
3. पान अपान उदान व्यानहि उरध भरनि भरै। वही, पृष्ठ 9
4. पान अपान मिलान करो तहां मेरूदण्ड को धार । वही, पृष्ठ 10
5. हुलासदास कृत 'ब्रह्म विलास' पृष्ठ 53
6. स्वामी गैबानन्द कृत अध्यात्मसुधा, पृष्ठ 9
7. हठयोग प्रदीपिका- तृतीय पटल, 3/79
8. यारी साहब की रत्नावली, पृष्ठ 11
9. यारी साहब की रत्नावली, पृष्ठ 21
10. महात्माओं की वानी, पृष्ठ 1
11. केशवदास् की अमीघूट, पृष्ठ 2
12. बुल्ला साहब का 'शब्दसार', पृष्ठ 15
13. वही, पृष्ठ 27

सुरति निरति लै घंट बजावै, जगमग जोति परम पद पावै ।।[1]

संत गुलाल साहब ने भी अपने गुरू की भांति अजपाजाप के महत्व की ओर संकेत किया है[2] आगे उन्होंने चन्द्र सूर्य साधना के द्वारा त्रिकुटि द्वार को साधने का उपदेश दिये हैं

पैठि पताल सूर ससि बांधौ, साधौ त्रिकुटि द्वार ।
गंग जमुन के वार पार बिच, भरतु है अमिय करार ।।[3]

गुलाल साहब ने सुरति- निरति की ओर संकेत करते हुए लिखा है -

सुरति निरति लै सखि सब गावहिं, घरहि नव निधि पाई।[4]

भीखा साहब के साहित्य में सोऽहं जाप की झलक मिलती है।[5] उन्होंने त्रिवेणी के सम्मुख सिर झुकाने का उपदेश भी दिया है।[6] सुरति निरति का संकेत करके उन्होंने लिखा है-

सुरति सुभाव निरति लपटानो, दृष्टि रूप अरूझाऊ।।[7]

जगजीवन साहब ने त्रिकुटि के बीच् में ताड़ी लगाने का उपदेश दिया है[8]। गोविन्द साहब गंगा, यमुना एवं सरस्वती को पवन साधना के द्वारा सुषुम्णा पर चढ़ाने को बतलाया है[9]।

बावरी पंथ के संत सदा जटिलता को सरलता एवं अनेकता में एकता लाने के लिये प्रयासरत थे। इसीलिये इस पंथ के संत पलटू साहब हठयोग साधना की आवश्यकता पर बहुत अधिक बल नहीं दिया है। उन्होंने उसी प्रकार की साधना को अपनाया है, जिसे साधक सहज भाव से उसका आचरण कर सकता है। इसी ओर संकेत करते हुए पलटू साहब ने लिखा है कि योगी का कर्तव्य है कि सदाचार पूर्वक साधु-जीवन व्यतीत करते हुए, आठों पहर पद्मासन में बैठा रहे। उसे दसों द्वार बन्द कर लेना चाहिये और प्रयत्नपूर्वक त्रिकुटि में वायु आकृष्ट करके स्वासोच्छ्वास की गति रोक देनी चाहिए ।[10] संत पलटू ने मुद्रा एवं भेष की जगह अजपा-जाप के ही महत्व का प्रतिपादन किया है।[11] आगे उन्होंने चाँद एवं सूर्य दोनों को ऊपर उठाने की ओर संकेत किया है[12]।

श्री रामचरनदास जी ने इंगला, पिंगला और सुषुम्णा के ऊपर उस परमतत्व को बतलाया है।[13] थानदास ने अर्ध-उर्ध संगम के बीच अजपाजाप करने का उपदेश दिया है।[14] देवकी नन्दन साहब ने लिखा है कि सहज भाव से सिद्धासन लगाकर इंगला, पिंगला और सुषुम्णा को एक सिद्ध में करके त्रिकुटी में षट्चक्र भेदन को बताया है।1[15] देवकीनन्दन साहब ने अजपाजाप में ही ब्रह्म की स्थिति को माना है।[16] परसाद साहब ने इंगला, पिंगला एवं सुषुम्णा को साधना के द्वारा बंकनाल पर चढ़ाने का उपदेश दिया है।[17]

---

1. बुल्ला साहब का शब्दसार, पृष्ठ 18
2. गुलाल साहब की वानी, पृष्ठ 43
3. गुलाल साहब की वानी, पृष्ठ 34
4. वही, पृष्ठ 24
5. रमिता राम तू अन्तरजामी, सोहं अजपाजापै हौ- संत भीखा की मर्मभेदी पुकार, पृष्ठ 55
6. मध्य सरस्वती गंगा यमुना, सन्मुख शीश नवावै। वही पृष्ठ 88
7. वही, पृष्ठ 201
8. त्रिकुटि मध्य दृष्टि करू नैनन ताड़ी तहां लगाव।- जगजीवन साहब की वानी, भाग 1 पृष्ठ 47
9. गंगा जमुना और सरस्वती, सुखमन चढै निसैनी, पावन पवन अनल जल बरसत सरसत फेनी।- गोविन्द साहब की हिन्दी रचनायें। पृष्ठ 39
10. पलटू साहब की वानी, भाग 3, पृ0 53 ।
11. वही, पृ0 19 ।
12. वही, भाग- 3, पृ0 28 ।
13. श्री रामचरन साहब के शब्द, पृष्ठ 9
14. थानदास के शब्द, पृष्ठ 11
15. संत देवकीनन्दन साहब की हिन्दी रचनायें, पृष्ठ 11
16. वही, पृष्ठ 72
17. बावरी पंथ के हिन्दी कवि, पृष्ठ 354।

ध्यानावस्था में मन को सूक्ष्म स्तर पर स्थित करने का विधान है - जैसे कोई वस्तु मेरे सामने नहीं है किन्तु उसके सूक्ष्म रूप का ध्यान मै कर सकता हूँ। साधनावस्था में सूक्ष्म ब्रह्म का ध्यान अपेक्षित है, किन्तु ब्रह्म के किसी स्वरूप का स्मरण करके भी उसका ध्यान किया जा सकता है। यह ध्यान मन का ही कार्य है। यदि मन स्थिर न रहे तो ध्यान कल्पना मात्र है। इसलिए ध्यान योग में मन को केन्द्रित करके ब्रह्म को किसी भी रूप में स्थित किया जा सकता है। उस अवस्था में मन अपने को भी भूल जाता है। कंवल स्वयं एवं ब्रह्म का ज्ञान रहता है तो यह सम्प्रति ज्ञान समाधि की अवस्था है। किन्तु ध्यानावस्था में साधक स्वयं एवं ध्याता को भी भूल जाता है उसे असम्प्रतिज्ञान समाधि की अवस्था कहते है। जो सर्वश्रेष्ठ है। इस तथ्य में एक रहस्य यह है कि सम्प्रति ज्ञान साधना की अनुभूति कोई उच्चकोटि का साधक कर सकता है किन्तु असमप्रतिज्ञान समाधि की अवस्था का स्मारण ही भूला जाता है। इसलिये असम्प्रतिज्ञान समाधि की दिव्यावतरण का वर्णन किसी भी साधक के द्वारा नही हुआ है। बावरी पंथ के किसी भी संत कवि ने असम्प्रति ज्ञान अवस्था का वर्णन नहीं किया है।

लययोग-

कुण्डलिनी क्रिया के द्वारा शिव और शक्ति का एकत्व होने पर लयावस्था की प्राप्ति होती है। ब्रह्मरन्ध्र में प्राणवायु पहुंचाकर अनहनाद सुनना और जिह्वा उलटकर अमृतपान करना हठयोग की चर्मावस्था है, किन्तु लययोग के अभ्यासी के लिए यह आवश्यक नहीं है कि वह उक्त अमृतरस का भी पान करे। वह ब्रह्मरन्ध्र में प्राणवायु पहुँचाकर उसमें अपने को लय कर देता है। लयावस्था में वासनाओं का नाश हो जाता है और वाह्य पदार्थ एक प्रकार से भूल जाते हैं, इसलिए 'हठयोग प्रदीपिका' में वासनाओं का लय कर देना ही लययोग माना गया है।[1] इन्द्रियों का स्वामी मन और मन का स्वामी प्राण है। प्राण का नाथ मन का लय है। मन का लय नाद के श्रवण से होता है।[2] योगतत्वोपनिषद[3] में चित्त लय को लययोग कहा गया है। लययोग में साधक चलते समय, बैठते समय, सोते समय, खाते समय ईश्वर का ही ध्यान करता है। इससे प्रगट होता है कि लय योग में ध्यान को विशेष महत्व दिया जाता है। ध्यान का सम्बन्ध मन और चित्त से होता है। मन और चित्त का लय करना ही वास्तव में लययोग है। योग ग्रन्थों में लय योग के लाखों प्रकार बंतलाए गये हैं। किन्तु सबसे अधिक मान्यता नाद लययोग को दी गयी है।

मन को केन्द्रित करने के लिए नाम-जप आवश्यक है, जिसे बावरी साहिबा ने अजपा-जाप कहा है। अजपा-जाप की स्थिति में बहिर्मुखी वृत्तियों को अर्न्तमुखी करना आवश्यक है। इसी को कबीर ने उल्टी चाल कहा है-

उल्टी चाल मिंले परब्रह्म कौ सो सत्तगुरू हमार।[4]

संत यारी साहब ने लिखा है कि- भगवान का स्मरण करते हुए अपने तन से अहंकार मिटाकर उस परमतत्व में मिल जावो। क्योकि मनोवृत्तियों के नष्ट हो जाने पर साधक के

---

1. हठयोग प्रदीपिका- 4/34।
2. वही- 4/29।
3. लय योगश्चित्तलयः कोदिशः परिकीर्तितः ।
   गच्छंस्तिष्ठन्स्वपन्भुञ्जन्ध्यायेन्निष्क लमीश्वरम् ।।
   -योगत्वोपनिषद, श्लोक -23।
4. कबीर ग्रन्थावली, पृ0 145 ।

संत पलटू साहब के अनुसार, जीव को ब्रह्ममय उसी प्रकार होना चाहिए जिस प्रकार से समुद्र मे पानी का एक बूँद मिल जाने पर वह उसी जल में एकाकार होकर समुद्र के जल से अभिन्न हो जाता है-

समुँदर के बीच में बुन्द परा,
उसी में गया समाय है[7]।।

समाधिस्थ अवस्था में ध्यान को शून्य में लय कर देना चाहिए-

सुन्न समाधि में ध्यान को लाई कै,
सहज का ख्याल सोई बीतरागी ।[8]

सुरति शब्दयोग-

'सुरति शब्दयोग' में अपनी सुरति को अपने भीतर निरन्तंर उठते रहने वाले अनहदनाद के साथ जोड़ना पड़ता है। इस किया के द्वारा साधक का मन उसमें केन्द्रित हो जाता है। सुरति शब्दयोग कोई नयी साधना नहीं है। यह अपनी पूर्ववती योग साधनाओं का ही अभिन्न रूपान्तर है। योगशास्त्रों में लययोग के अनेक प्रकार का उल्लेख किया गया है।

1. हरि-हरि करते आपा खोवै। तब हरि में हरि आपुहि होवै।
   - यारी साहब की 'रत्नावली, पृ0 12।
2. बुल्ला साहब का 'शब्दसार, पृ0 20।
3. जीव ब्रह्म जब मेला होवे, आवागमन निवारै ।।
   -गुलाल साब की वानी, पृ0 3।
4. संतकाव्य- आचार्य परशुराम चतुर्वेदी, पृ0 36।
5. मन तुम नाम सो लय लाव ।
   त्यागि यह परिपंच माया, सकल जग को चाव ।।
   -संत भीखा की मर्मभेदी पुकार, 91।
6. संत भीखा मर्मभेदी पुकार, पृ0 104।
7. पलटू साहब की बानी, भाग-2, पृ0 54।
8. वही, पृष्ठ 23

बावरी पंथ का सुरति शब्द योग एक प्रकार से लययोग ही है। जैसा कि निवेदन किया जा चुका है कि मन बड़ा चंचल और चोर है प्राय: सभी साधको का लक्ष्य मन पर विजय प्राप्त करना होता है। यारी साहब की शब्द ब्रह्म में पूर्ण आस्था थी। उन्होंने 'यारी आदि ओंकार जा सो यह भयो संसार[1]' कहकर शब्द ब्रह्म से ही सृष्टि की उत्पत्ति मानते हैं। कही-कही पर उन्होने 'गगन मद्धे सुरति लागी, शब्द अनहद हुआ।[2] कहकर अनाहद शब्द की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करते हैं। उन्होने आगे लिखा है कि जो सुरति शब्द में समाहित हो जाता है वह स्वयं ब्रह्ममय हो जाता है।[3] सुरति शब्द योग को बुल्ला साहब सोहं शब्द के साथ भी जोड़ते हैं-

सोहं हंसा लागल डोर सुरति-निरति चढु मनुवा मोर[4]।।

संत गुलाल साहब सुरति शब्द में समा जाने का भी उपदेश दिये हैं।[5] उन्होंने चिन्तन करके कहा है कि शब्द में जीव की स्थिति वर्तमान है[6]। संत भीखा साहब ने 'आदि शब्द ओंकार उठत है'[7]। कहकर ओंकार रूप 'शब्दब्रह्म' को सृष्टि का कर्ता माना है। उन्होने शब्द से सृष्टि का स्वरूप साकार करते हुए लिखा है कि सातवें स्थान पर जहाँ योगी ब्रह्ममय हो जाता है, उस ब्रह्म की जब इच्छा होती है, तब उससे सत्य शब्द ओंकार की ध्वनि का विस्फोट होता है। उसी शब्द से सृष्टि का रूप साकार हो जाता है।[8]संत पलटू साहब ने शब्द ब्रह्म में पूर्ण आस्था व्यक्त की है-

सुरति शब्द के मिलन में मुझ को भया अनंदा ।
मुझको भया अनंद मिला पानी में पानी[9]।।

इस प्रकार हम देखते हैं कि बावरी पंथ के विभिन्न संतों में सुरति शब्दयोग के प्रति अत्यधिक आस्था है।

नामभजन के दो प्रकार हैं—एक सस्वर नामोच्चारण और दूसरा 'अजपा जाप'। रामटहल राम लिखते हैं कि—

अजपा शब्द निराला सन्तो अजपा शब्द निराला।
जो जो अजपा में सुरत लगाई, अजपा अजर अमान।
गुरु के कृपा से पाई, अजपा शब्द निराला सन्तो।[१८७]

किनाराम ने 'अजपा जाप' पर कुछ विस्तार से विचार किया है और इस प्रकार के जप के लिए 'सोहं' मंत्र का विधान किया है। यह मंत्र सहज-स्वरूप-प्रकाश है और इसके मौन जपन से काम, क्रोध का परिहार होता है तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है।[१८८] अलखानंद ने 'सोहं' जप की विधि का विश्लेषण करते हुए बतलाया है कि जब साधक इसका अभ्यास करता है तब प्रत्येक अन्दर जानेवाला श्वास 'सो'-'सो' की अन्तर्ध्वनि करता हुआ त्रिकुटी की ओर दौड़ता है और 'हं'-'हं' की ध्वनि करता हुआ बाहर निकलता है। 'सो' शक्ति का प्रतीक है और 'हं' महादेव का तथा 'सोहं' घट में शक्ति-शिव-संयोग का। सोहं का यह जप रात और दिन मिलाकर इक्कीस हजार छह सौ बार होता है। जिस दिन घट से 'सोहं' निकल गया, उस दिन मरण हो गया।[१८९] 'अजपा जाप' के लिए स्थिरता-पूर्वक ध्यान लगाना और आत्म-तत्त्व तथा परमात्म-तत्त्व में अभेद स्थापित करना आवश्यक है।[१९०] कोई-कोई सोहं के बदले 'ॐ' अथवा 'राम' का भी श्वास-निःश्वास के साथ जप करते हैं; राम-राम का जप करते-करते ऐसी अवस्था आती है कि आप भी बेसुध हो जाते हैं और राम भी भूल जाता है।[१९१] यह अवस्था 'सहज-समाधि' की अवस्था है, जो ज्ञान और ध्यान दोनो के परे है और जहाँ मुक्ति का दरबार है।[१९२]

भक्ति और भजन के प्रसंग में सन्तो ने वैष्णव-भक्ति की 'पुष्टि' के सिद्धान्त की ओर बार-बार संकेत किया है। भक्त जब भक्ति के पथ पर अग्रसर होता है तब उसे यह विश्वास होता है कि भगवान् ने उसको अपनी शरण में रख लिया है और जब कभी उसको संकट पड़ेगा, तब वे उससे उसका उद्धार करेंगे। इस विश्वास के अस्त्र से सन्नद्ध हो वह किनारे पर खड़े होकर क्षण-भर के लिए भी नहीं हिचकता और हठात् 'मँझधार' में कूद पड़ता है; क्योकि वह यह सोचता है कि 'मँझधार' से बचाने का उत्तरदायित्व भगवान् का है न कि भक्त का। भगवान् अपनी लाज आप रखेंगे।[१९३] सूर, तुलसी आदि सगुण भक्तो के समान निर्गुण भक्त भी अपनेको कामी, क्रूर, कुटिल, कलंकी कहकर भगवान् की शरण में अर्पित कर देते हैं और यह आशा करते हैं कि वे उसकी त्रुटियो पर ध्यान न देकर उसे अपना लेंगे।[१९४]

वैष्णव भक्तो ने भक्त और भगवान् के बीच जो सम्बन्ध है, उसे मुख्यतः दास्य भाव और सख्य भाव—दो प्रकार का माना है। जहाँ भक्त अपनेको दुर्गुणो से पूरित मानकर भगवान् की आराधना करता है, वहाँ दास्य भाव की भक्ति हुई। दास्य भाव के सम्बन्ध को पुनः दो दृष्टियो से सम्पन्न माना गया है, फलतः एक को मर्कट-न्याय की और दूसरे को मार्जार-न्याय की भक्ति कहते हैं। जिस प्रकार मार्जारी, अर्थात् बिल्ली अपने नवजात बच्चे की

१८२. अब मन ले लो हरि का नामं ।।
सुख संपत यह चार दिना के। कोउ न आवत काम ।।
हित मित उत कोउ संग न जैहै। सुत बनिता धनधाम ।।
रामकिना सतगुरु सरन पा। नाथ लह्या विश्राम ।।
—किनाराम : रामगीता, पृ० २३, पद ३

१८३. विषय शब्द समहद्य है, अनहद धुनि जों होय।
करता कहे दुनौ तजो, रामराम रटि लोय ।।१२।।
—कर्ताराम धवलराम-चरित्र, पृ० ५३

१८४. क्या बैठा है मूरख मौन धार, श्री रामराम कहु बार-बार ।।
राम रंग मे रंगु पट अपनो सतसंग जल मे पखारि निखार ।।
नाम का बुक्का उडाव चहुँ दिश, घट पट चमकै झार-झार ।।
प्रेम गुलाल भरि सुरत कुमकुमा, गुरु चरनन बिच तकि-तकि मार ।।
गायबे चाहे कबीर तो बौरे, रामराम सियाराम पुकार ।।
मिलना होय तो मिलु सन्तन से, निज स्वरूप सब रूप निहार ।।
यह विधि 'भगवती' होरी खेलहू आनन्द मिलिहै ह्वै है बहार ।।
—आनन्द सुमिरनी, पृ० ३०-३१

१८५. 'सुक्खू' भजन का आनन्द सो पावे खाय जो जाति के हीरा कनी रे।
—सुक्खू भगत : आनन्द सुमिरनी, पृ० ६

१८६. अनमोल वचन, पृ० ३६

१८७. भजन-रत्नमाला, पृ० ६

१८८. सो शिव तोहिं कहत हौं अबही। सोहम् मंत्र न संशय कबहीं।
सहज सुखाकर मंत्र कहावै। जाहि जपे तें बहुरि न आवै ।।
सहज प्रकाश निरास अमानी। रहनि कहों यह अजपा जानी।
जहाँ तहाँ यह मंत्र विचारै। काम क्रोध की गरदन मारै ।।
— विवेकसार, पृ० २४-२५

१८६ स्वासे स्वासे सो सो करते त्रिकुटी को धावता।
हं हं करते स्वासे स्वासे बाहरिको आवता ।।
सो सो सो सो शक्ति मानो हं हं महादेवता। शक्ति शिव सबको घट में बाहरि क्यों धावता।
शिव शक्ति में लभ्यो सोहं कहलावता। एकइस हजार छै सौ रात्रि दिन में आवता ।।
याहि संख्या स्वास ही को बेद बुध गावता। स्वासे स्वासे सोहं सोहं घंटे घटे छावता।
जाहा दिन सोहं निकले मृत्यु ही को पावता। कहे अलखानन्द क्यौं सोहं बिसरावता ।।
—अलखानन्द : निर्पक्ष वेदान्तरागसागर, पृ० ३३

१६०. नहीं दूरि नहिं निकट, अति नहिं कहुँ अस्थान।
बेदी पै दृढ़ गहि करै, जपै सो अजपाजान ।।
आपु बिचारै आपु मैं, आपु आपु महँ होइ।
आपु निरन्तर रमि रहैं, यह पद पावै सोइ ।।
—किनाराम : विवेकसार, पृ० २३

१६१. कोउ कहे राम राम स्वासे स्वासे माँहि हो।
राम राम रटते रटते रामहूँ भुलाहिं हो ।।
—अलखानन्द : निर्पक्ष वेदान्तरागसागर, पृ० ३४

पड़ेगा।[३७] योगेश्वरदास बाह्य संसार को 'नैहर' और आभ्यंतर जगत् को ससुराल कल्पित करते हुए सुहागिन से कहते हैं कि त्रिकुटी-मध्य में दोनों नयन लगाकर पवन को उल्टी गति

चलाकर मकड़ी के तार के समान अविच्छिन्न सुरति की डोर के सहारे चढ़कर वहाँ चलो जहाँ पिया मिलेंगे।[३८] एक अन्य सत कहते है कि अष्टदल-कमल अधोमुख रहता है। सुरति जब-जब जिस-जिस दल पर जाती है, तब-तब उस पर एक विशेष प्रभाव पड़ता है। जब पूर्व दल पर जाती है तब जीवदया, जब अग्निकोण के दल पर जाती है तब निद्रा और आलस्य, जब दक्षिण दल पर जाती है तब मात्सर्य और क्रोध, जब नैऋ त दल पर जाती है तब मोह, जब पश्चिम दल पर जाती है तब जड़ता, जब वायव्य कोण के दल पर जाती है तब त्रिदोष, जब उत्तर दल पर जाती है तब भोग और जब ईशान कोणवाले दल पर जाती है तो अभिमान की वृद्धि होती है। साधना से इन दोषों पर विजय पाई जा सकती है।[३९]

योग की प्रक्रिया की अवस्था में 'सोहं' का जप आवश्यक होता है। वस्तुतः सोहं की अन्तर्ध्वनि का एक निरन्तर तार बँध जाता है।[४०] अलखानन्द कहते हैं कि इस प्रकार की सोहं ध्वनि जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति अवस्था में नहीं, किन्तु उससे भी परे तुरीयावस्था में ही सुन पड़ती है। जबतक सोहं जप का अभ्यास न होगा, तबतक दैहिक, दैविक और भौतिक ताप नहीं मिटेंगे; सागर के तीर पर रहते हुए भी साधक को नीर नहीं मिलेगा, कल्पतरु के तले निवास करते हुए भी दारिद्र्य नहीं नष्ट होगा।[४१] ध्वनि अथवा शब्द कालान्तर में स्वतः और सहज हो जाता है, साधक स्वय शब्दमय हो जाता है, और शब्द ही ब्रह्म है, अतः वह ब्रह्ममय हो जाता है। इसलिए शब्द का संतमत में बहुत बड़ा स्थान है।[४२] इसी शब्द अथवा अनाहत नाद की प्रधानता को ध्यान में रखते हुए योग की क्रिया को 'अनाहत योग' (अनहद योग) भी कहा गया है।[४३] ब्रह्माण्ड के जिस अनुभूति-लोक में योगी अपनी दिव्यदृष्टि द्वारा चित्त-वृत्ति की स्थिरता प्राप्त करता है और आनन्द का रसास्वादन करता है, उसे अनेक संज्ञाएँ दी गई हैं—'सुन्न महल', 'सुन्न सहर', 'गगनगुफा', 'गगन मंडल', 'गगन अटारी', 'सुन्न सिखर', 'अमरपुरी', 'गगन महल', 'ध्रुव-मंदिर' आदि। टेकमनराम की निम्नलिखित पंक्तियाँ देखिए—

सुन्ने आया सुन्ने जायगा, सुन्ने का विस्तार।
सुन्ने सुन्न सहज धुन उपजे, कर बन्दे निरवार॥[४४]

समाधि का यह शून्यलोक घट में ही है। भक्तिन भौजाई माई कहती हैं कि—'ऐ ननदी! मैंने घर में ही अपने 'पिया' को पा लिया है। मैंने बहुत तीर्थ और व्रत किया, जोगिन बनकर वन-वन ढूँढा, लेकिन मेरा समय व्यर्थ गया[४५]। स्पष्ट है कि यहाँ घर से तात्पर्य ब्रह्माण्डगत शून्यलोक से है। रामटहल राम कहते हैं कि—

सुन्न सिखर से अम्रित टभके
हंसा पिये अघाय।[४६]

किनाराम ने शून्यलोक की समाधि की अद्वैतता तथा स्थिरता का विश्लेषण करते हुए कहा है कि जिस तरह घट के भीतर का सीमित आकाश उसके फूटने से असीम आकाश में मिल जाता है, उसी प्रकार समाधि की अवस्था में श्वास प्राण में, शब्द शब्द में,

प्राण प्राण में, ब्रह्म ब्रह्म में, हंस हंस में, अविनाशी अविनाशी में, काल शून्य में, पवन पवन में, जीव शिव में, शिव निरंजन में, निरंजन निराकार में, निराकार अविगति में, अनहद अविनाशी में, और अविनाशी अपने आप में विलीन हो जाता है।[४७]

शून्य गगन में जिस दृश्यावली का अनुभव और जिस आनन्द का आस्वादन होता है, उसका संतो की 'बानियो' के आधार पर एक संक्षिप्त विवरण आगे प्रस्तुत किया जायगा। यहाँ इस योग-संबंधी चर्चा को समाप्त करने के पहले उस 'सुरत शब्द-योग' का विवरण दिया जाता है, जिसे गोपालचन्द्र 'आनन्द' ने अपने 'आनन्द-योग' में भक्तो के कल्याण और सुगमता के लिए सरल शब्दो में लिखा है। यहाँ उनके विवरण में से कुछ चुने हुए अंश उन्हीं के शब्दो में उद्धृत किये जा रहे हैं :—

"लीजिये बात ही बात में युक्ति भी बता दी गई, अर्थात् मन को वश में करने के लिये केवल सुरत-शब्द-योग का अभ्यास कीजिये।

"आँख, कान, ज़ुबान को बाहर की ओर से बन्द करके उन्हें अन्दर की ओर खोलिये। यहाँ आन्तरिक जगत् में अपूर्व सुख और आनन्द मिलेगा। इसी प्रकार आँख अन्तर में प्रकाश देखती है। जिह्वा अन्तर का नाम जपती है। तीनो इन्द्रियो के लिये तीन काम मिल गये। अब तो मानेगा कि अब भी नही। इधर से हटे उधर को लगे। आन्तरिक जगत् के सुहावने दृश्य को देखकर, मनोरंजन बाजे को सुनकर अजपा जाप की मधुर वाणी में लीन होकर हृदय प्रफुल्लित हो जाता है। वहाँ के मधुर गान, मनोहर दृश्य तथा अजपा जप 'सोऽहं' 'सोऽहं' शब्द श्रवण करते ही सुरत सनसनाती हुई ऊपर की ओर उठी और आकाश में लीन हो गयी। वहाँ का अनुपम दृश्य अकथनीय है, केवल अभ्यासी लोग ही उस सत्+चित्+आनन्द का दर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

सहजे ही धुन होत है, हरदम घट के माँह।
सुरत शब्द मेला भया, मुख की हाजित नाँह॥

जाग्रत में स्वप्न का और स्वप्न में जाग्रत का दृश्य देखकर इस श्रेष्ठ मार्ग में जो आया वह फिर वापस नहीं जाता, और न तो उसे जन्म-मरण का खटका रहता है। अब प्रश्न केवल यह है कि जब अन्तर में तीन इन्द्रियाँ काम करने लग गयीं तो फिर उन पर बन्द कहाँ लगा? हालत तो पहले जैसी थी वैसे ही अब भी रही, केवल स्थान बदल गया। संसार में तीन प्रकार के ज्ञान अर्थात् प्रमाण, अनुमान और शब्द होते हैं। प्रमाण तो इन्द्रियों का ज्ञान है। (देखना, सुनना, चखना यह प्रमाण ज्ञान है)। अन्दाजा लगाना, नतीजे को देखकर कारण सोचना या विचारना अनुमान कहलाता है। इसका संबंध दिल से है। शब्द गुरु का वचन और आप्त पुरुष का कथन है, बाहिरी जगत् में ज्ञान इसी तरह प्राप्त होता है। आन्तरिक जगत् में इनके संस्कार दिल में रहते हुए अपना काम करते हैं परन्तु भेद केवल इतना ही है कि कान जहाँ बाहिरी जगत् के शब्दो को सुनता था अब आन्तरिक जगत् में प्रवेश कर अनहद-शब्द को सुनता है, आँख जहाँ और दृश्यो को देखती थी अब आन्तरिक जगत् में उस प्रकाशमय ज्योति को देखती है।

गया है—'सत-लोक', 'अमरपुर', 'गैब नगर', 'सुन्न सहर', 'आनन्द नगरी', 'नूर महल' आदि। यह लोक सबसे परे, 'निरकार' से भी परे है।[४९] यहाँ 'अलख' 'अलेख' का दर्शन मिलता है। आत्मा का असल घर अमरपुर ही है, वह सिर्फ सौदा करने के[५०] लिए सौदागर बनकर इस माया के बाजार में आया हुआ है और सराय में डेरा डाले हुए है। उस दिव्यलोक को 'नूर महल' या 'गैब नगर' इसलिए कहा गया है कि वहाँ अद्भुत ध्वनि सुन पड़ती है और आश्चर्यजनक दृश्य दीख पड़ते हैं। 'सुन्न सहर', 'गगन गुफा' आदि नाम इस कारण हैं कि यह ध्वनि और ये समस्त दृश्य अपने ही 'कायागढ़' या 'कायानगर' के अन्दर विद्यमान हैं। इस दृष्टि से स्वर्ग और नरक सभी इस पिंड में ही हैं; क्योकि पिड में ही ब्रह्माण्ड है।

हम कह चुके हैं कि संत-साहित्य में 'शब्द' एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। एक तो वह ब्रह्म का प्रतीक है; क्योकि राम अथवा सोहं ध्वनि सत् साधना तथा अभ्यास के अनन्तर स्वयं ब्रह्म का रूप ग्रहण कर लेती है और समाधि की अवस्था में साधक यह भूल जाता है कि उसकी सत्ता सोहं के अतिरिक्त है, अर्थात् आत्मा शब्द-ब्रह्म में मिलकर अभिन्न हो जाता है; दूसरे, शब्द सद्गुरु के मंत्र का भी प्रतीक है। सद्गुरु के महत्त्व की चर्चा हम अन्यत्र करेंगे, किन्तु यहाँ इतना कह देना पर्याप्त होगा कि संत और सद्गुरु में अन्योन्याश्रय है। ऐसा संभव नहीं कि विना सद्गुरु के कोई संत हो जाय। जब साधक सद्गुरु की सेवा और सान्निध्य से अपने को पात्र साबित कर देता है, तब सद्गुरु उसे अपनी शरण में ले लेते हैं, उसे विधिवत् दीक्षित करते हैं और एक गुप्त-मन्त्र भी देते हैं, जिसे गुरु-मन्त्र कहा जाता है। शब्द का तात्पर्य इस गुरु-मन्त्र से भी है। संतो की वाणियाँ भी 'शब्द' कही जाती हैं। हमने कबीर के शब्द, रैदास के शब्द, दरिया साहब के शब्द नामक पदो के संग्रह देखे हैं। कबीर के शब्द-संग्रह को 'बीजक' भी कहते हैं। यहाँ 'शब्द' संतो की वाणी अथवा पद के ही अर्थ में है। बीजक का प्रयोग भी साभिप्राय है। वाणिज्य-क्षेत्र में बीजक (Invoice) उस पुर्जी या सूची को कहते हैं, जिसमें क्रय-विक्रय के पदार्थों का असली मूल्य अंकित है और जिसके साथ गोपनीयता का वातावरण रहता है। संत-साहित्य के जिज्ञासुओ को यह पता होगा कि अभी तक शत-सहस्र संतो की वाणियाँ ऐसी हैं जो मुद्रित नहीं हैं। वे या तो हस्तलिखित हैं या संतो के कंठ में हैं। सामान्य धारणा यह है कि ये वाणियाँ बाजार में खुलेआम बिकनेवाले सौदे के समान नहीं हैं। उनको साधारणतः गुप्त तथा सँजोकर रखना चाहिए, और उन्हें तभी प्रदान करना चाहिए जब योग्य शिष्य अथवा पात्र मिल जाय। इस तरह हम देखते हैं कि शब्द के सभी अर्थों में रहस्यमयता की अन्तर्धारा प्रवाहित हो रही है।

प्रस्तुत प्रसंग में सरभंग-संतो द्वारा किये हुए शब्द के कुछ ऐसे विवरण दिये जाते हैं जिनका सबध शब्द-ब्रह्मवाले पहले अर्थ से है। किनाराम कहते हैं कि शब्द में और सत्पुरुष में कोई भेद नही है; वह अज, अमर, अद्वितीय, व्यापक तथा पुरुष से अभिन्न है; सद्गुरु ही उसके रहस्य को बता सकता है।[५१]

एक दूसरे पद में वे कहते हैं—

शब्द में शब्द है शब्द में आपु है,
आपु में शब्द है समुझ ज्ञानी।[५२]

शब्द अखंड ज्योति है, जो शून्यलोक में प्रकाशित है और जिसके अवबोध से कठिन-से-कठिन भव-बंधन मिट जाते हैं तथा इस प्रकार की शांति मिलती है, जिसमें केवल भाव ही भाव हैं, अभाव का नाम नहीं।[५३] यह शब्द सामान्य अर्थ में प्रयुक्त शब्द से न्यारा है। यह उस विराट् शब्द का अंग है, जो समग्र ब्रह्माण्ड में व्याप्त है। इसका ज्ञान 'अनुभव' से ही संभव है, किन्तु यदि ज्ञान हो गया तो उसके सहारे हम भवसागर पार सकते हैं।[५४] इस शब्द को 'सहज' अथवा 'अनाहत' कहा गया है। सामान्य जगत् में प्रत्येक ध्वनि के लिए संघर्ष तथा आघात की आवश्यकता होती है, किन्तु समाधि की अवस्था में जो शब्द गूँजता है, वह सहज अथवा स्वतः उत्पन्न होता है और अनाहत अर्थात् विना किसी आघात अथवा सघर्ष के पैदा होता है।[५५] शब्द-विज्ञान अत्यन्त रहस्यमय है। वस्तुतः यह तर्क और बुद्धि के क्षेत्र की वस्तु नहीं है, अनुभूति की वस्तु है—

शब्द मो शब्द है शब्द सो भिन्न है, शब्द बोलै कौन शब्द जानै।
शब्द के ही हेतु उठै, शब्द के ही मो बसै शब्द की चाल गहि शब्द मानै॥
शब्द को उलटि कै शब्द पहिचानलै, शब्द का रूप गहि क्यो बखानै।
किनाराम कहै शब्द की समुझि बिनु, शब्द कहै कौन शब्द टानै॥[५६]

यहाँ 'शब्द का रूप गहि क्यो बखानै' इस अंश द्वारा शब्द की अनिर्वचनीयता का द्योतन है। टेकमनराम कहते हैं कि आत्मा में गुंजित 'अनहद शब्द' की उपमा एक ऐसे सुरम्य मंदिर से दी जा सकती है, जो विना जमीन के अधार के अवस्थित है।[५७] शब्द रूपी लक्ष्य को विद्ध करना बहुत कठिन है, किन्तु नाम के प्रताप से ऐसा संभव है।[५८] साधक जब चित्त की स्थिर वृत्ति को प्राप्त करता है, तब उसके भीतर शब्द का ऐसा तार बँध जाता है कि वह कभी टूटता नहीं। शब्द एक अद्भुत अस्त्र है। और अस्त्रों के आघात से जीवित मृत हो जाता है; किन्तु शब्द के आघात से मृत, जीवित हो उठता है। वह अपनी दुर्मति खोकर और निर्भय होकर विचरने लगता है।[५९] पलटू दास कहते हैं कि हद, अनहद के पार एक मैदान है, उसी मैदान में पैर दक्षिण और सिर उत्तर करके सोना चाहिए तथा 'शब्द की चोट' को सम्हाल कर सहना चाहिए।[६०] यहाँ शब्द की अवर्णनीयता की ओर इंगित है। आनन्द ने दैनन्दिन जीवन में भी शब्द का लाभ बतलाया है। वे कहते हैं कि यदि मनुष्य क्रोध के आवेश में हो जाय तो तुरन्त शब्द के साथ सुरति मिलाकर अजपा-जप आरंभ करे; क्रोध स्वयं निवृत्त हो जायगा।[६१]

ध्यानावस्था में किस प्रकार का शब्द सुनाई देता है और किस तरह के अन्य दृश्य दीख पड़ते हैं, इसकी संक्षिप्त चर्चा आवश्यक होगी। स्पष्ट है कि शब्दों और दृश्यों

प्राण प्राण में, ब्रह्म ब्रह्म में, हंस हंस में, अविनाशी अविनाशी में, काल शून्य में, पवन पवन में, जीव शिव में, शिव निरंजन में, निरंजन निराकार में, निराकार अविगति में, अनहद अविनाशी में, और अविनाशी अपने आप में विलीन हो जाता है।[४७]

शून्य गगन में जिस दृश्यावली का अनुभव और जिस आनन्द का आस्वादन होता है, उसका संतो की 'बानियों' के आधार पर एक संक्षिप्त विवरण आगे प्रस्तुत किया जायगा। यहाँ इस योग-संबंधी चर्चा को समाप्त करने के पहले उस 'सुरत शब्द-योग' का विवरण दिया जाता है, जिसे गोपालचन्द्र 'आनन्द' ने अपने 'आनन्द-योग' में भक्तो के कल्याण और सुगमता के लिए सरल शब्दो में लिखा है। यहाँ उनके विवरण में से कुछ चुने हुए अंश उन्हीं के शब्दो में उद्धृत किये जा रहे हैं :—

"लीजिये बात ही बात में युक्ति भी बता दी गई, अर्थात् मन को वश में करने के लिये केवल सुरत-शब्द-योग का अभ्यास कीजिये।

"आँख, कान, जुबान को बाहर की ओर से बन्द करके उन्हें अन्दर की ओर खोलिये। यहाँ आन्तरिक जगत् में अपूर्व सुख और आनन्द मिलेगा। इसी प्रकार आँख अन्तर में प्रकाश देखती है। जिह्वा अन्तर का नाम जपती है। तीनो इन्द्रियो के लिये तीन काम मिल गये। अब तो मानेगा कि अब भी नही। इधर से हटे उधर को लगे। आन्तरिक जगत् के सुहावने दृश्य को देखकर, मनोरंजन बाजे को सुनकर अजपा जाप की मधुर वाणी में लीन होकर हृदय प्रफुल्लित हो जाता है। वहाँ के मधुर गान, मनोहर दृश्य तथा अजपा जप 'सोऽहं' 'सोऽहं' शब्द श्रवण करते ही सुरत सनसनाती हुई ऊपर की ओर उठी और आकाश में लीन हो गयी। वहाँ का अनुपम दृश्य अकथनीय है, केवल अभ्यासी लोग ही उस सत्+चित्+आनन्द का दर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

सहजे ही धुन होत है, हरदम घट के माँह।
सुरत शब्द मेला भया, मुख की हाजित नाँह॥

जाग्रत में स्वप्न का और स्वप्न में जाग्रत का दृश्य देखकर इस श्रेष्ठ मार्ग में जो आया वह फिर वापस नहीं जाता, और न तो उसे जन्म-मरण का खटका रहता है। अब प्रश्न केवल यह है कि जब अन्तर में तीन इन्द्रियाँ काम करने लग गयीं तो फिर उन पर बन्द कहाँ लगा? हालत तो पहले जैसी थी वैसे ही अब भी रही, केवल स्थान बदल गया। संसार में तीन प्रकार के ज्ञान अर्थात् प्रमाण, अनुमान और शब्द होते हैं। प्रमाण तो इन्द्रियों का ज्ञान है। (देखना, सुनना, चखना यह प्रमाण ज्ञान है)। अन्दाजा लगाना, नतीजे को देखकर कारण सोचना या विचारना अनुमान कहलाता है। इसका संबंध दिल से है। शब्द गुरु का वचन और आप्त पुरुष का कथन है, बाहिरी जगत् में ज्ञान इसी तरह प्राप्त होता है। आन्तरिक जगत् में इनके संस्कार दिल में रहते हुए अपना काम करते हैं परन्तु भेद केवल इतना ही है कि कान जहाँ बाहिरी जगत् के शब्दो को सुनता था अब आन्तरिक जगत् में प्रवेश कर अनहद-शब्द को सुनता है, आँख जहाँ और दृश्यो को देखती थी अब आन्तरिक जगत् में उस प्रकाशमय ज्योति को देखती है।

(४)

लखु ए सज्जन सोऽहं तार ॥टेक॥
आगे में नाम देखो श्वासा विचार।
त्रिकुटी उपर जोति उजियार॥

अष्ट दल कमल फुले गुलजार।
मेरे मन मधुकर, करै गुलजार॥
इंगला पिंगला के काया निरुआर।
सुखमन बटिया के खुलु न केवार॥
नाभि कुंड बहे अमृत धार, शब्द उठै जहाँ ओकार।
तालेदास इहाँ काया निरुआर, जीति चलहुँ वहि देशवा बिरान॥

(५)

दिहलन एक जड़ी हमारे गुरु ॥टेक॥
इहो जड़िया मोही प्यार लगत है, अमृत रस से भरी।
इहो जड़िया केउ सन्त लोग जाने, लै के जपत रही॥१॥
त्रिविध तापना तन से भागे, दुर्मति दूर करी।
इहो जड़िया देखि मृत्यु डेराने, और कौन बा पुरी॥२॥
मनही भुजग पाँचो नाड़ी सन तरंग भरी।
डाइन एक सकल जग खाये, बोली देख डरी॥३॥
निशि बासर जन ताहि न बिसरै, पल चित एको घड़ी।
कहे 'ताले' सुन 'गिरिधर' योगी सकलो ब्याध हरी॥४॥

(६)

भजन में सन्तो प्यारा है॥टेक॥
बिनु सड़सी बिनु हाथ हथौड़ी, गढ़ल सजल तइयारा है।
बिनु खम्भा - असमान खड़ा है, उसमें धागा लागा है॥
बिनु चूना के मंदिल चुनौटल, उसमें साहेब हमारा है।
कहे 'ताले' सुन 'गिरिधर' योगी, सतगुरु सबसे न्यारा है॥

(७)

सोऽहं नाहि विचारी जम्हु हो॥टेक॥
नाटा बएलवा टाट् नहिं अंगछै, छन छन देत गिराई।
गुरु के शबद लै नाथु बएलवा, हनि हनि मान्हु पेटारी॥१॥
ना हम लादो हीरा - मोती, ना हम लौंग सुपारी।
हमहुँ त लादब गुरु के सबदवा, पूरा खेप हमारी॥२॥
'तालेराम' पतिया लिखि भेजल, लक्ष्मी के भटभारी।
साहब कबीर के घर भरत है, अपने भइले बेपारी॥३॥

(८)

सद्गुरु बनिया पिंजड़ा पा लेना॥टेक॥
एक दमरी के मुनिया बेसहलो, नौ दमड़ी के पिंजड़ा।
आएल बिलाई झपट लेलक मुनिया, रोये सारी दुनिया॥

५०. नूर महल मे पैठिके, नूर महल को देख।
रामकिना निज हाल मे, पायो अलख अलेख ॥
—किनाराम : रामगीता, पृ० १९, पद ५०

५१. शब्द का रूप साँचो जगत,
पुरुष शब्द का भेद कोई संत जानै।
शब्द अजर अमर अद्वितीय व्यापक पुरुष,
सतगुरु के शब्द को विचार आनै ॥
—गीतावली, पृ० ९, पद २३

५२. किनाराम : गीतावली, पृ० ९, पद २२।

५३. शब्द ज्योति जग सुन्य प्रकासा।
समुझत मिटै कठिन भव फांसा ॥
भ्रान निवृत्ति सदा तेहि जानौ।
भाव अभाव न सकौ मानौ ॥
—किनाराम : विवेकसार, पृ० १४

५४. शब्द शब्द सो मिलि रहै, शब्द शब्द सों न्यार।
शब्द निरंतर सो मिलै. रामकिना कोइ यार ॥
अनुभौ सोई जानिये, जो गति लहै विचार।
रामकिना संत शब्द गहि, उतर जाय भव पार ॥
मगन मस्त निज हाल में, ख्याल ख्याल को खण्ड।
रामकिना अनुभौ तिलक करयो ईश ब्रह्मण्ड ॥
—किनाराम : रामगीता, पृ० १७, पद ४४

५५. सतगुरु, सहज लखाय उर, सहज शब्द परिमान।
शब्दहि शब्द विचार के सत्य शब्द नित मान ॥
—किनाराम ' रामगीता पृ० ७, पद १६

५६. रामगीता, पृ० ८, पद २१

५७. बिना जमीन मंदिर उदबुद है, मूरत छबी अपार।
अनहद शब्द उठे दिन रसना, निस दिन राराकार ॥
—टेकमनराम : भजन-रत्नमाला, पृ० १५

५८. सबद के निसाना मार, नाम की दोहाई हो।
कहे दर्शन जीव, लोक चलि जाई हो ॥
—टेकमनराम ' भजन-रत्नमाला, पृ० १२

५९. सतगुरु शब्दै मारिके, मिरतक लियो जिआय।
रामकिना निरभै कियो, दुरमति दूहि बहाय ॥
—किनाराम : गीतावली, पृ० १

६०. हद अनहद के पार मैदान है. उसी मैदान में सोय रहना।
पैर दक्षिण धरे शीष उत्तर धरे, शब्द के चोट सम्हार सहना ॥
—पलटूदास : ह० लि० संग्रह, पद ५

६१. क्रोध आवै जब तो सुरत को मिलाकर शब्द
जाप अजपा का हर यक स्वाँसा पै करना चाहिए ॥
—गुलाबचन्द्र ' आनन्द : आनन्द-भण्डार, पृ० ६३

|| चौपाई ||

हृदय बसै मन परम प्रवीना । बाल वृद्ध नहिं सदा नवीना ॥139॥[36]
इंद्री सकल प्रकाशक सोई । तेहि हित बिनु सुख लहै न कोई ॥140॥
पवन बास नाभी परमाना । सहज रुप तेहि कछु नहिं जाना ॥141॥
शब्द अनाहद महँ गृह कीन्हा । जेहि लखि परै आपु तिन्ह चीन्हा ॥142॥
प्रान निरंतर महँ होइ बसई । शुभ अरु अशुभ एक नहिं रसई ॥143॥
बास ब्रह्म ब्रह्माण्ड करंता । हे शिष समुझि लेहु यह तंता ॥144॥
हंस बसे सो कहियत गगना । सदा एक रस आनंद मगना ॥145॥
बास अनूप सून्य कहँ दीन्हा । जतन जुक्ति सों एहि विधि चीन्हा ॥146॥
कमल माँह बस काल दुरंता । तेहि जानत है कोउ कोउ संता ॥147॥
काया महँ बस जीव वियोगी । इंद्रिन्ह सकल विषय रस भोगी ॥148॥
चंद्र माँह शिव बास असंका । ररंकार तहँ एकै अंका ॥149॥
देव निरंजन सुषमन माहीं । बसत वस्तु सबही घट माहीं ॥150॥

यह अत्यंत निपुण मन हृदय में बसता है, यह कभी न बालक होता है न वृद्ध, सदा नवीन बना रहता है ॥ **139** ॥ यह सभी इंद्रियों का संचालन करता है, इसकी कृपा के अभाव में कोई सुखी नहीं होता ॥ **140** ॥ पवन का वास नाभि में इंगित है, उसका रूप बिल्कुल सहज होता है, लेकिन शब्दों में वर्णनीय नहीं ॥ **141** ॥ शब्द का निवास स्थान अनंत अनहद नाद में होता है, जिसका सौभाग्य होता है वही उसे पहचान पाता है ॥ **142** ॥ प्राण अनवरोध शरीर में व्याप्त रहता है, वह शुभ अथवा अशुभ, किसी भी वस्तु का रस नहीं लेता ॥ **143** ॥ ब्रह्म का निवास ब्रह्माण्ड में होता है, हे शिष्य इस तंत्र के विधान को भली-भाँति समझ लो ॥ **144** ॥ हंस गगन में अवस्थित है, वह सदा आनंद के एक ही रस में निमग्न रहता है ॥ **145** ॥ अनूप का वास शून्य में कहा गया है, बहुत प्रयत्न करने, युक्ति लगाने की विधि से, उसे पहचाना जा सकता है ॥ **146** ॥ दुस्तर काल का वास कमल में होता है, उसे लाखों में कोई एक संत ही जान पाते हैं ॥ **147** ॥ अपने आप से पृथक जीव का वास शरीर के अंदर ही होता है, वही अपनी इंद्रियों के माध्यम से सभी रसों का स्वादन करता है ॥ **148** ॥ शिव का वास चंद्रमा में नि:शंक रूप से होता है, वहाँ केवल “रं” अक्षर की प्रतिध्वनि गूँजती रहती है ॥ **149** ॥ देव निरंजन स्वयं सुषुम्ना (नाड़ी) में वास करते हैं, इस प्रकार ये सभी वस्तुएँ इस नश्वर काया में ही विराजती हैं ॥ **150** ॥

अब गुरु क्रमानुसार शिष्य के प्रश्नों का उत्तर देना आरम्भ करते हैं। वे बताते हैं कि मन का निवास-स्थान हृदय में होता है। यह मन ही है जो सभी इच्छाओं को संचालित करता है और सभी इंद्रियों को अपने निर्देशानुसार कार्य करने को प्रेरित करता है। जब तक कि यह मन किसी साधक के अनुकूल नहीं हो जाता, उसका आध्यात्मिक मार्ग पर प्रगति करना कठिन है।

पवन का निवास, जो शरीर के भीतर श्वास है, नाभि केंद्र में होता है। यह वही बिंदु है जहाँ कि गर्भस्थ शिशु अपनी माता से जुड़ा होता है, और यहीं से इस पवन का संचालन प्रारम्भ हो जाता है। लेकिन इसके अतिरिक्त किसी और विधि से इसका वर्णन करना असम्भव है।

शरीर में स्थित शब्द का स्थान अनाहत नाद में होता है, जिसका स्पंदन काया में स्वयंमेव निरंतर चलता रहता है। कुछ विद्वान इस अनाहत नाद को ‘सोऽहं’ मानते हैं, क्योंकि श्वास के प्राकृतिक आवागमन की प्रक्रिया में यही अस्फुट ध्वनि उत्पन्न होती है।[37] वह जो प्राण-वायु है वह शाश्वत रूप से सर्वत्र व्याप्त रहती है। किंतु इतनी व्यापक होने पर भी वह मन तो नहीं है न, इसलिये उसे संसार और सांसारिकता के शुभ-अशुभ व्यवहारों से कुछ भी लेना-देना नहीं होता है।

सृष्टि के रचयिता ब्रह्म का निवास ब्रह्म-अंड यानी ‘ब्रह्माण्ड’ में होता है, और गुरु शिष्य को बल देकर कहते हैं कि वह इस ‘तंत्र’ को ठीक से समझ ले। यह कथन विचारणीय है। सिर उठाकर ब्रह्माण्ड के प्रतीक आकाश की ओर देखने से, या चित्र रूप में उसके नक्शे को देखने से भी, वह एक गोल पात्र, एक कटोरे के रूप में दिखता है। एक ऐसा कटोरा जो उल्टा हुआ है। ऐसा ही एक कटोरा मानव शरीर में भी है, और वह है मस्तक में कपाल का सबसे ऊपरी भाग। तंत्र, और शरीर में चक्रों का अनुसरण करने वाली परम्पराएँ, मानती हैं कि सृष्टि के स्रष्टा का निवास इसी कपाल पात्र के भीतरी भाग में स्थित सहस्रदल कमल, या सहस्रार में होता है। गुरु शिष्य को इसी स्थान का इंगित करते प्रतीत होते हैं, इसीलिये वे कहते हैं कि शिष्य इस तंत्र को भली-भाँति समझ लो।

36 तु.बड़थ्वाल 1960, 189 सं. 26। देखें परिशिष्ट।

37 देखें खरे 1935, 387-403।

नहीं दूर नहिं निकट अति नहीं कहूँ अस्थान ।
वेदी पै दृढ़ गहि करै जपै सो अजपा जान ॥199॥ [51]

यह सारी प्रक्रिया जो साधक के शरीर में ही चल रही है, न उस साधक से दूर ही है, न पास। इस अवस्था तक पहुँचने के लिये उसे बस अपने आसन पर दृढ़ता से विराजमान रहकर अजपा मंत्र का जप करते रहना है, इसी से ज्ञान का उदय होता है ॥ **199** ॥

समाधि का यह जो अनुभव है, चूँकि यह इस काया के भीतर ही हो रहा है, इसलिये इसे न दूर कहा जा सकता है, न पास। शरीर के अंदर होने के कारण दूर तो नहीं ही है, लेकिन ध्यान की उस अवस्था तक पहुँचने का मार्ग लम्बा होने के कारण, दूर लग भी सकता है। ऐसा भी नहीं है कि यह अनुभव किसी स्थान विशेष में ही होता है। यह तो काया के भीतर है, कभी भी, कहीं भी हो सकता है। इसका अनुभव पाने के लिये आवश्यक यह है कि साधक अपने आसन पर दृढ़ता से बैठे, वहाँ बहुत अधिक शारीरिक उपक्रम न करता रहे, और इस प्रकार सुख से बैठकर अपनी श्वास-प्रश्वास की प्रक्रिया के साथ ही उस (सोऽहं) मंत्र का अजपा जप करता रहे। वही सही ध्यान भी कहा जाएगा।

51 तु. बड़थ्वाल 1960, 103 सं. 2, “मूल चापि डिढ आसणि बैठा, तब मिटि गया आवागवनं।” अजपा-जप के लिये देखें गोरख-बानी सबदी, 7, संख्या 18 “अजपा जपै सुंनि मन धरै, पांचौं इंद्री निग्रह करै।“ सोहं-हंसा मंत्र के लिये देखें सबदी,. 17 संख्या 46 “सोहं हंसा सुमिरै सबद। तिहिं परमारथ अनंत सिध।“ प्राण संगली में भी ‘सोहं’ मंत्र का उल्लेख है। देखें, प्राण संगली-हिन्दी के पृष्ठ नं. 71 पर राम-कली–महला 1 - पौड़ी नं. 42

अैसा संम्रथु को नही किसु पहि करउँ बिनंतू
पूरा सतिगुर सेव तूँ गुरमति सोहं मंतू 42।।

प्राण संगली-हिन्दी रामकली–महला 1 - पौड़ी नं. 27
सोहं जाप जपै दिन राता। मन ते त्यागै दुबिधा भ्रांता।।27।।

नानक साहब कहते हैं कि [...] केवल सोहं का जाप दिन-रात करना चाहिए तथा मन की दुविधा त्याग कर स्वांस को आते तथा जाते नाम के साथ जाप करें। `http://kabirsahib.blogspot.com/p/265-1-2-3-1-2-3-4-17.html`.

nahī̃ dūra nahī̃ nikaṭa ati nahī̃ kahū̃ asthāna;
vēdi pai dṛṛha gahi karai japai so ajapā jāna.[60] **199**.

(that God) is neither far nor close at hand
Nor does it have any particular place;
one who stays steadfast in their posture
knows, meditating on the unchanted chant. **199**.

Thus, the Guru says, that divine being and that divine experience is not inaccessible. It is neither very far, nor is it very close because it all happens truly within this body. Its experience is not dependent on any particular place either, because it can happen anywhere and at any time. It is an experience which can be had only when one maintains their meditative posture firmly and repeats the unchanted mantra (*so-haṁ*) with every breath, maintaining an awareness of the divine being at all times, thus reaching a stage where the seeker becomes like the object of their devotion they seek so earnestly.

* गुरु वाक्य *

|| चौपाई ||

सुनु शिष अजपा जाप जो होई । तोह बुझाइ कहत हौं सोई ॥203॥
और एक कहि मंत्र बिचारा । अभिजित नखत राम अवतारा ॥204॥
सो अध्यातम महँ ठहराई । दस अवतार कथा जो गाई ॥205॥
सो शिष तोहिं कहत हौं अबहीं । सोऽहं मंत्र न संशय कबहीं ॥206॥

सुनो शिष्य, मैं तुमको समझाकर अजपा जप के विषय में कहता हूँ ॥ **203** ॥ एक और मंत्र विचार करने योग्य है। अभिजित नक्षत्र में राम का अवतार हुआ था, उनका नाम भी मंत्र-रूप है ॥ **204** ॥ उनको अध्यात्म में प्रमुख पद मिला हुआ है, वे राम, जिनकी कथा दस अवतारों की कथा में गाई जाती है ॥ **205** ॥ हाँ तो शिष्य, अब मैं तुमसे कहता हूँ, अजपा मंत्र सोऽहं है, और इसमें कोई शंका का प्रश्न नहीं है ॥ **206** ॥

पुन:, गुरु शिष्य की प्रार्थना स्वीकार करते हैं। वे चौपाइयों का उपयोग कर शिष्य को एक नहीं, अपितु दो मंत्रों से अवगत करा देते हैं। वे समझाकर कहते हैं कि सुनो, मैं तुम्हें एक और मंत्र का विचार कर के बता रहा हूँ। यह उस राम का नाम है, जिस राम ने अभिजित नक्षत्र में अवतार लिया था। आध्यात्मिक जगत में उनकी उपस्थिति, और उनका नाम, एक केंद्रीय धुरी की तरह स्थापित है। यह राम उन्हीं दस अवतारों में से एक हैं जिनका गुणगान सभी लोग करते हैं (महाकाव्य रामायण के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम राम के रूप में)। उन राम के नाम का ध्यान कर लेने के बाद अब मैं तुम्हें बताता हूँ, वह अजपा मंत्र 'सोऽहं' है, और तुम्हें इस विषय में कभी कोई संशय नहीं होना चाहिये।

* मंत्र – ऊँ रों सोऽहं सहं । इति विज्ञान मंत्र *

|| चौपाई ||

शिष ओंकार जानि कर लेहु । सो सस्तवनन्हि दृढ़ व्रत देहु ॥207॥
हं हृदये गहि सत्य बिचारै । रं रंकार रसना उच्चारै ॥208॥
रहै निरंतर अंतर खोई । सब तेहि महँ सब महँ है सोई ॥209॥
यह बिचार सुनि सदा दुहेला । रमै राम महँ होइ अकेला ॥210॥[54]
बरनाश्रम को भेद न राखै । बानी सत्य सहज सो भाखै ॥211॥
सहं शब्द समुझि सो गहई । जाति पाँति कुल कर्म को दहई ॥212॥
सहज मुखाकर मंत्र कहावै । जाहि जपे तें बहुरि न आवै ॥213॥
सहज प्रकाश निरास अमानी । रहनि कहों यह अजपा जानी ॥214॥
जहाँ तहाँ यह मंत्र बिचारै । काम क्रोध की गरदन मारै ॥215॥

शिष्य, इस सम्पूर्ण मंत्र की प्रथम ध्वनि ऊँकार को ग्रहण करो और तब ‘सो’ शब्द की ध्वनि पर सादर ध्यान केंद्रित करो ॥ **207** ॥ ‘हं’ शब्द की ध्वनि को हृदय में धारण करते हुए उस परम सत्य का चिंतन करो। ‘रं’ शब्द की ध्वनि का जिह्वा द्वारा उच्चारण करो ॥ **208** ॥ लगातार अपने ही अंतरतम में आत्मचिंतन में खोये रहो, क्योंकि सभी कुछ वहीं पाने योग्य है, और सभी कुछ में वही विद्यमान है ॥ **209** ॥ सुनो, यह विचार, एकांत में राम नाम में रमण करना, सदा कठिन होता है ॥ **210** ॥ इस अभ्यास में वर्णाश्रम का भेद नहीं माना जाता है, और सदा सत्य सम्भाषण ही किया जाता है ॥ **211** ॥ जो ‘सऽहं’ मंत्र को समझ कर आत्मसात् कर लेता है, वह जाति-पाँति इत्यादि के सभी कर्मों को भस्म कर देता है ॥ **212** ॥ इस मंत्र का उच्चारण मुख में स्वतः होता रहता है, जो इसका ध्यान से जप करता है वह मुक्ति पा जाता है ॥ **213** ॥ अजपा जप का अनुसरण करने वले की जीवन शैली उस सत्य के प्रकाश से आलोकित, बिना मान-सम्मान की इच्छा के, विश्व के प्रति आकर्षित हुए बिना जीने की होती है ॥ **214** ॥ ऐसा व्यक्ति जहाँ भी इस मंत्र पर ध्यान लगाता है, वहाँ वह काम-क्रोध का उच्छेदन कर देता है ॥ **215** ॥

गुरु समझाते जाते हैं, हे शिष्य, ‘ऊँकार’ को जानो, और उसका अभ्यास करो। ‘सो’ ध्वनि को दृढ़तापूर्वक आदर से अपनी स्मृति में बनाए रखो। ‘हं’ ध्वनि का, सत्य के रूप का चिंतन करते हुए, अपने हृदय में स्पंदन होने दो। अपनी जिह्वा से ‘रं’ मंत्र का उच्चारण करो। अपने मन को इधर-उधर भागने न दो, उसे अपने ही में रखकर अपने में खोए रहो, अपने में क्या घट रहा है उसी पर ध्यान दो, क्योंकि पाने योग्य जो कुछ भी है, वह वहीं पाया जा सकता है। ऐसा करना कठिन अवश्य है, लेकिन असम्भव नहीं, और अभ्यास से इसे सरलता से किया जा सकता है। इस अभ्यास को हृदयंगम करने के लिये प्रभु राम, और उनका नाम, जो स्वयं एक मंत्र है, उनमें रमे रहो। इसके लिये तुम्हें एकांत का भी प्रयास करना होगा, तभी तुम्हारा अभ्यास परिपक्व हो पाएगा।

यह तो हुई आध्यात्मिक अभ्यास की बात। लेकिन शरीरधारी साधु भी शून्य में तो रहता नहीं। उसे भी अन्य लोगों से व्यवहार करना पड़ता है। तो अब गुरु शिष्य को साधना के सामाजिक, व्यावहारिक सूत्रों का ज्ञान देते हैं, जो अवधूत मत में सर्वग्राह्य माना जाता है। वे कहते हैं हे शिष्य, तुम वर्ण पर आधारित जाति प्रथा का अनुसरण बिल्कुल भी न करना। सबके साथ न केवल समदर्शी रहना बल्कि समवर्ती रहते हुए सबसे एक समान व्यवहार करना। सदा सत्य बात ही कहना, वितण्डावाद को त्याग कर सहज रहना, ताकि सत्य का साथ तुम्हारे लिये प्राकृतिक हो जाय।

‘सहं’ शब्द को ठीक से समझ लेना। जब श्वास अंदर जाती है तो ‘सो’ की ध्वनि करते हुए त्रिकुटी की ओर दौड़ती है। जब बाहर आती है तो ‘हं’ की ध्वनि व्याप्त हो जाती है। यह प्राकृतिक मंत्र है इसलिये ऐसा सहज रूप से स्वयं होता रहता है, इसे करने की आवश्यकता नहीं होती। इसमें अभ्यस्त होते हुए, समाज में जाति-पाँति, कुल-परिवार पर आधारित भेद-भाव और विषमताओं को अपने व्यवहार में भस्म कर देना। ‘सहं’ मंत्र का जो इस प्रकार जप करता है वह सांसारिक आवागमन से मुक्त हो जाता है। इस प्रकार का, संसार में रहते हुए भी उससे निस्पृह रहनेवाला जीवन, मान-सम्मान को प्रश्रय न देनेवाला जीवन, एक साधु के लिये सही ‘रहनी’ होता है। ऐसा व्यक्ति जहाँ भी इस मंत्र का विचार करता है, वहाँ वह काम-क्रोध जैसी मनुष्य की दुर्बलताओं को धूल चटा देता है।

54 दुहेला शब्द संस्कृत के दुःख शब्द से उद्भूत है, किंतु इसका एक अर्थ कठिन या मुश्किल काम भी होता है। हमने यहाँ इस शब्द का यही अर्थ लिया है।

* गुरु वाक्य *

|| दोहा ||

अनुभव होते हि शिष्य तब बोले बचन विचारि ।
सोऽहं सतगुरु की कृपा संशय शोक निवारि ॥223॥

जैसे ही शिष्य को यह अनुभव हुआ, गुरु ने कुछ सोचकर कहा, सोऽहं मंत्र वह सतगुरु है जिसकी कृपा से सभी शंकाएँ और शोक तिरोहित हो जाते हैं ॥ **223** ॥

जब शिष्य ने अपने इस अनुभव के विषय में गुरु से कहा, तो गुरु ने उसके कथन का समर्थन किया और पुनः, कुछ सोचकर कहा, यह 'सोऽहं' मंत्र ही है जो सच्चा गुरु है, एक ऐसा समर्थ गुरु जो सब प्रकार के संशय और उनसे जनित दुःखों को अनायास ही दूर कर देता है। उससे जो सर्वव्यापकता का अनुभव होता है उससे साधक को अपने विराट स्वरूप का ज्ञान हो जाता है। गुरु इस अनुभव का विस्तार से वर्णन करते हैं जब साधक को प्रत्यक्ष अनुभव होता है कि वह इस सृष्टि के सभी अणु-परमाणुओं में उपस्थित है।

जा कारन जग ढूढिया सोतो घट ही या रि,
परदा दीया भरम का ताते सूझे नाहि ।''

रवि–भाण संप्रदाय के संतों ने भी कबीरजी के घटभीतर बैठे राम की बात को स्वीकार करते हुए उसे इस प्रकार व्यक्त करते हैं –

''आतमराम अलगा नहीं रे, हुं तो बुद्धि जाणु बाल :
दिल मांहि बेठा देवता रे, दर्शन देशे दीन दयाल ।''
– भाण साहेब

''भीतर खोजे रामकु, बाहर का धावो ?
बाहर खोजे नहीं, भीतर हरि पावो ।''
– रवि साहेब

''सास उसासे समरीयें, अहोनिश लेजे नाया,
नूरत–सूरत से नीरखीये तो, धरोधर आतम रामा ।''
– खीम साहेब

''देखो खावीदका खेल, दर्शन में तो देख्या रे,
बाहीर देख्या और भीतर देख्या,
देख्या अगम अमारशा रे... ।''
– त्रिकम साहेब

''बेनी मुने भीतर सत्‌गुरु मल्या,
आज तो वरताणी छे आनंद लीला ।''
– लक्ष्मी साहेब

''बोले–बोलावे सबघट बोले,
सब घरमां तो रह्यो समाय ।''
– दासी जीवण

''गुरुजी मल्या छे रे घटडानी माई, सुरता शून्यमां समुह

रवि साहब दूसरे रूपक के रूप में ''लोहि मिटटी का बंगला'' बताते हुए मनुष्य के शरीर की रचना का रहस्य बताते हैं –

''तन बंगलो क्रिया कमठाण
सोई तो करीबर न्यारा है ।
ओहम कार की इंट लगवाई,
सोहम कार का गाराथी ।
चेतन चुनो मौंही माया का मसाला
रंग लगाया रणुकार है ।''

मनुष्य शरीर–देह की रचना के पीछे क्या रहस्य है, वह किसने बनाया है ? यह रहस्य बताते हैं । बंगले के कारीगर की प्रशंशा की है, जिसने यह देह बनायी, ओहम–जीव, सोहम–ब्रह्म, रणकार, अनाहतनाद, पंचतत्त्व, पच्चीस मजदूर पच्चीस प्रकृति, तीन गुण, नौ दरवाजे, दस खिडकी, चार चपरासी इसमें मैत्री, करुणा, मुद्रिका और उपेक्षा इस विविध जीव–वस्तु का निरूपण किया है । बंगले को यहाँ मनुष्य देह की उपमा दी गई है । मनुष्य देह की रचना का अलग–अलग वर्णन करके रवि साहब ने अपनी अद्‌भुत कौशल का परिचय करवाया है । जैसे भक्तिकाल में कवियों ने किया है । इस पंक्ति में रवि साहब ने इस बंगले के द्वारा कहा कि उसके उत्तुंग शिखर पर परम पूण्य परमात्मा बिराजमान हैं ।

इस रूपकात्मक बानी द्वारा रवि साहब ने मनुष्य शरीर में बसे तैंत्रीस करोड देवताओं के दर्शन करवाते हुए कहा कि यह शरीर नहीं ईश्वर है, इसलिए उसकी पूजा अर्चना करो । यह अद्‌भुत वर्णन माना जाता है ।

तंबाकू द्वारा 'होका' का सेवन सामान्य जन–समूह में होता है । 'होका' (हुक्का) रूपक द्वारा रवि साहब ने मनुष्य देह की सूक्ष्म भूमिका समझाई है । 'होका' में श्रीफल की कोठी है । वह एक पिंड है । इस के ऊपर चोटी है । वह मेरु मंडल है ।

धार्मिक बानियों के रूप में व्यक्त करते हैं । प्रश्नों के रूप में खीम साहब कहते हैं...

"जीरे संतों भेद अगमरा बुजोरे,
कैसे सतगुरु, क्युं कर लीखे नाम,
कहाँ उनको देखिए कहाँ है आतमराम ।"

खीम साहब पूछते हैं, प्रभु प्राप्ति के लिए सतगुरु को किस रूप में स्मरण करना और नाम धारण की बात भी करते हैं, आत्माराम ईश्वर कहां है ? और उनको हम कहाँ देखें ? इसके उत्तर में रवि साहब कहते हैं...

"श्वास–उच्छवास सतगुरु–समरिये,
घटा घट है आतमराम ।"

रवि साहब उत्तर देते हुए कहते हैं कि प्रत्येक खास में सतगुरु का स्मरण करो, अहर्निश, आठों प्रहर उनका नाम जपो, सूरत उसकी मूरत की तरह देखों, तब तुम्हारी दृष्टि में, घट–घट में ईश्वर की प्राप्ति होगी ।

प्रश्न : *"कहाँ से वीज करे झबुका,*
कहाँ से ज्योत जागे,
कहाँ सतगुरु की नोबत बाजे,
तखते कौन बिराजे ।"

उत्तर : *"आप तेज से करे झबूका,*
त्रिकटी ज्योति जागे,
गगन मंडल में नौबत वागे
तखते आप बिराजे ।"

यहाँ संतों की पारस्परिक बात के संबंध में प्रश्न की उत्तर प्रक्रिया है । यह ज्ञानगोष्ठी का महत्त्व रखनेवाली है । खीम साहब के प्रश्नों का उत्तर रवि साहब द्वारा मिलता है । रवि–भाण संप्रदाय का आगम–भेद भी ज्ञानगोष्ठी में ही आता है । सतगुरु–स्मरण, नुरत–सूरत, साधना–त्रिकुटी में ध्यान करना,

गगन–मंडल में नोबत का ताल सुनना, ओहम–सोहम से भी अलग सत् शब्द के स्वरूप को जानना । सभी प्रश्नों के उतर देते हुए अपनी बानियों में उनसे सत्य निरु@ा करने का आग्रह मिला ।

गुरु भेष का अजब खेल दिखाते हुए प्रश्न–उत्तर किया जैसे : रविसाहब और खीम साहब :

प्रश्न : ''कौन तेरी माता कौन तेरा पिता
कौन पुरुष का चेला ।''

उत्तर : ''सत मेरी माता, धर्म मेरा पिता,
आदि पुरुष का मैं चेला ।''

प्रश्न : ''किस बीध करिये सेवा स्मरण
कपी से टले काण हीरा ।''

उत्तर : ''श्वास उच्छवास करी ले स्मरण,
कटे कर्म बंधन तेरा ।''
''कहे रविराम भाण प्रकाशा
खीम सतगुरु भाण मेरा
देखो खेल गुरु अजब गेबका
नाथ निरंजन का नेडा ।''

सृष्टि के सर्जन के पीछे परमात्मा का अजब खेल है । देह मेरी माता, पिता, धर्म और आदि पुरुष भाण गुरु । श्वासोश्वास उनका स्मरण करते हैं, इससे उनके अजब रहस्य को पहचान सकोगे ।

ज्ञानगोष्ठी रवि साहब का एक मुख्य लक्षण है । ऐसी बानियों में उन्होंने योग, रहस्य, उपदेश, नामस्मरण और आत्मदर्शन के अनुभव अभिव्यक्त किये है । जीव–जगत और माया का मर्म समझाते हुए ब्रह्माण्ड में अखिल स्वामी का दर्शन करते और उनकी साधना इस ज्ञान–गोष्ठीमय बानियों में अभिव्यक्त है ।

"जोगी अजरायल अनभेद ज्ञानी,
हूँ राणी सोहम वरीया ।"

अहम जिसके मन में नहीं है, वही सोहम को पा सकता है, रवि साहब कहते हैं कि जागी हूँ, मैं छोड गई उसे मृत्यु का डर नहीं है । वह – अजरायल ज्ञानी बनकर अविनाशी को पा गए, ऐसे जोगी वासना से मुक्त हैं, इस मुक्ति से शीतल शब्दों का उच्चारण करते हैं ।

रवि साहब हठयोग के द्वारा देह शरीर का दमन करनेवाले जोगियों से कहते हैं कि .....

"काहीकुँ जोगीडा दोहीकु दमत हो,
काहीकु कष्ठत हो काया, का ।"
सून मंडल शक्ति का वासा,
तीन पुत्र जनुनी जाप,
ज्यां–ज्यां जाप है त्यां–त्यां थाय है,
ध्यान धरत ही त्यां माया का ..... ।
नाम ही रूप रहीत रविदासा,
सोहं निरंतर गीत गाय का ..... ।"

क्यों देह को कष्ट देते हो ? वह अजन्मा परमात्मा है, वह जाप करने से नहीं मिलता, जाप गलत हैं, ध्यान माया है, इंगला, पिंगला और सुषुमणा साधकर त्रिपुटी बिन्दु में ध्यान करने से परिब्रह्म न्यारा लगता है । पाँच तत्त्वों के अलग–अलग रंग हैं । निर्गुण ब्रह्म रूपरंग से रहित है । स्थूल और सूक्ष्म से ज्यादा समग्र ब्रह्मांड के स्वामी परमात्मा काया को कष्ट देने से नहीं मिलते ।

"पंच मुखे अग्नि परजाले
ऊँधे मस्तक खाये जुलाहा

'शशि सूर में, सूर शशि में अणसारे उलटावे,
नीरखे पल पल नूर निरंतर, अनहद नाद बजावे ।'

सर्व प्रथम प्राण को स्थिर करके उसकी गति को जान लेना चाहिए । इडा–पिंगला में@बहते हुए प्राण को गुरु के संकेत द्वारा उलटा करके उसे सुषुम्णा में प्रवेश कराके, मेरुदंड में से गुजरते हुए ऊँचे परबत पर ब्रह्मरन्द्र तक पहुँचना है । सदगुरु के शब्द के इशारे त्रिवेणी में तार मिलाके घट के भीतर बजते अनाहत नाद को सुनने का अनुभव करना है –

'शब्द शब्द जयां सुरत समाणी, सतनाम पहिचान रे,
दास मोरार दया सदगुरु की, चिंता मटी चोखाना रे ।'

सदगुरु के वचन के अनुसार सतवृत्त का पालन करते हैं । अंतरात्मा की आराधना करते हैं । चंचल मनको नामस्मरण में स्थिर रखकर आत्मस्वरूप की पहचान कराई गई है –

'सतगुरुए सतनाम सुनायो, सोहम शब्द में सुरत पायो,
जागृत ज्योति ज्योत जगायो, तेजमा तिमिर गिया टली रे ।'

योगवाणी के साथ में संतों ने मर्म वाणी का उच्चारण किया है, मोरारसाहेब की मरमीवाणी लोकप्रिय वाणी रही है –

'अचरज नजरे आया संतों जलमे. ज्योति जगाया,
बना मुल एक तरुवर ठाडा, डाळ पान नहीं छांया,
फळ बीन फूल बीन फलीया तीन लोक छवराया ।''

'जल–ब्रह्मरन्ध्र में ज्योति प्रकाश रही है । इस देहरूपी वृक्ष में मूल, डाल, पान, फूल, फल नहीं हैं । फिर भी मानवरूपी फल तीनों लोक में फैला हुआ है । इस आत्मारूपी पक्षी के पंख नहीं है, फिर भी वह विहार कर रहा है । इस रहस्य को समझाते हुए रवि साहेब ने कहा है –

'पांव विना चलना, चांच विना चुगना, पंख विना उड जाय,
बीना सुरत की नूरत हमारी, अनल न पहोंचे त्यांइ ।'

➢ *योगसाधना :*

प्रेमलक्षणा भक्ति का साधक सिद्ध होता है । दासीजीवण की प्रेमबानी में सूक्ष्म संवेदनाओं के साथ योगबानी, योगसाधना की सिद्धि भी प्रकट हुयी है । दासीजीवण जंगल या गुफाओं में बैठकर साधना नहीं करते थे, किंतु गुरुमुखी मंत्र के प्रभाव से अपनी साधना को साहब बना दिया और 'सोहम' को

श्वासोश्वास में भरकर नाम स्मरण किया है । प्रभुनाम के जप द्वारा प्राण योग सिद्ध किया है और अपनी सुरता को शून्य में स्थापित किया है । उसीसे कुंडलिनी शक्ति जागृत की है ।

सामान्य स्थिति में कुंडलिनी सर्पाकार में अधोमुखी होती है । जिसे 'ओहम' श्वास भरके, सोहम श्वास को छोडने के बाद, इंगला नाडी में से दाई पिंगला नाडी में बदलकर उसे सुषुम्णा नाडी में प्राणों को थोडी देर रोककर ईश्वरानुभूति होती है । इस क्रिया को समझाते हुए दासीजीवण कहते हैं कि –

"अवधू दिया नखत पर डंका रे, सो घर सजे पाया रे जी,
नाभी कमले जी नटवर चडिया, पवन पुरुष पलटायो रे जी
वंकनालकी खडकी खोली, उलटा राह चलाया रे जी ।'
"इंगला पिंगला कुषम्णा साधी त्रिवेणी मोलमें आई
कोइ जागंदा आ दिलमांय, झणंक, झालरी वागी ।"
नवे दरवाजा नवी रमत का दशमें मोल ओ देखाई,
सोइ महेल मा मेरम बोले, आप त्यारे ये घर जाय ।"

इस साधना क्रिया द्वारा गगनमंडल के शून्य शिखर के सहस्त्रदल पद्म में बिराजमान परमात्मा ज्योति स्वरूप में प्रकट होते हैं । जो अवर्णनीय हैं । ऐसी स्थिति में अनहदनाद सुनाई देता है । ऐसी अवस्था में साधक स्वयं परब्रह्म में समाहित हो जाता है । इस अनुभुति के लिए दासीजीवण कहते हैं –

जाग्रत स्वप्न सुशोभित तुरिया, उनमुनि मुंदा लागी,
अक्षरातीत आपे नर ओलख्या, तेनी मे भ्रमणा भांगी ।"

अर्थात् अक्षरातीत अविनाशी परमात्मा के दर्शन करके भय, भ्रमणा दूर हो जाती है । अंतर का अंधकार दूर हो जाता हैं । ऐसा अनुभव किसे होता है ? इसका जवाब देते हुए दासीजीवण कहते हैं कि :

"सोहम घर जावे संत सुभागी बीक कछुवे नाय !

दासीजीवण सतभीमका चरणा, अटल अभेपद थाय ।"

अर्थात्, इस सोहम् के घर में परमात्मा के दर्शन के लिए कोई भाग्यशाली ही निर्भय होकर जाता है और अपने भीतर ही परमात्मा के दर्शन करता है ।

"जी रे संतो, भेद अगमरा बुणो रे,
कही उनकूं देखिये तो घटोघट आतमाराम ।"

वैसे तो रवि साहब की भाषा में तद्भव शब्दों का प्रयोग ही सबसे अधिक है, मगर उन्होंने तत्सम और अरबी–फारसी शब्द भी बडे उत्साह और कुशलता से प्रयुक्त किये हैं । तत्सम शब्द का प्रयोग देखिये...

"नवमी सोहं दश भी कोई, सोहं सहस सठायी सारा,
सोहं तेत्रीस क्रोड में व्यापक, सोई निज विरले निरधारा ।"

तो अरबी–फारसी शब्द भी सहजता से आकर काव्य में प्रकट हो जाते हैं ।

"अमर पियाला मारा सतगुरुजी पाया, मद मस्ताना हुँ दिपाना ।"

रस की दृष्टि से देखे तो रवि साहब की अधिकांश रचनाएँ शांत रस की हैं । निर्वेद भाव शांतरस की रचनाओं में प्रतीत होता है । शांत रस के अलावा वीर, शृंगार, अद्‌भुत आदि रस भी कहीं–कहीं दिखाई देते हैं । प्रेमलक्षणा भक्ति की कृतियों और रूपक कृतियों में संयोग शृंगार के सुचारु चित्र मिलते हैं ।

"मे पतिव्रता नार पिया की, बाहेर कबडु न जाऊँ
परखा पेरु, पियाकुं, ईहँ, आन पुरुष नीह चाहुँ रे ।"

प्रियतमा के रूप में भक्त को प्रभु के प्रति प्रीति हो गई है । तो निम्न पंक्तियों में संयोग शृंगार का सुंदर चित्र व्यक्त होता है –

"रे पतिव्रता नार पिया की, बाहेर कबहु न जाऊँ
परखा पेरु, पियाकुं हहँ आन पुरुष चाहुँ रे ।"

"रे रंकार पति और सुरति तोहागण,
अरसपरस खेले होरी हो ।

इसका कारण यह है कि गुरू की कृपा से ही परम तत्त्व की प्राप्ति होती है और सद्गुरु द्वारा प्रदत्त 'शब्द' से ही भक्ति का बीजांकुरण होता है। वह योग को दृढ़ करने की युक्ति बताकर मनुष्य को दुविधा मुक्त करने वाला है।

गुरु ही अपनी कृपा से भक्त को भ्रम मुक्त करता है। सद्गुरू की कृपा से मनुष्य के सब कार्य सिद्ध हो जाते हैं। साधना में गुरू का महत्त्व इसलिए है, कि शिष्य जिस मार्ग से चलकर परम तत्त्व को पाना चाहता है, गुरु उस मार्ग पर चल चुका है। उसे मार्ग की कठिनाइयों और बाधाओं का अनुभव भी है और उसने प्रभु प्राप्ति के आनन्द को भी पाया है। इसीलिए गुरु ही शिष्य का सच्चा मार्ग दर्शक हो सकता है। सभी संत इसे स्वीकार करते हैं। भगवत तत्त्व पाने के लिए गुरू आवश्यक है। सन्त कवि मोहन साह गुरु के इस महत्त्व का संकेत करते हुए कहते हैं :

बलम की सेजिया में मजवा लूटी।
सतगुरू दया मूल पद पावा, बकुलन कै संगति छूटी।
हंस-विहार करत निसुबासर, कौवन कै दोनों आँखि फूटी।
अमर सोहाग जुगन जुग सौहै, काल करम कर बंधन टूटी।
'मोहन' सब्द फुरै फुर भाखै, सुजन लिहिन मत घूँटी।। [1]

वे गुरु की महत्त्व का वर्णन करते हुए अन्यत्र कहते हैं :

पिया आये हमारी सेज भली।
जब सतगुरु ने कृपा किया, सतदृष्टि लोक की गली खुली।
चोप कै चुन्दरि प्रीति पिछोरा, सुरति सुहागिन साजि चली।
सोहंग रूप औ शब्द अटारी, तहाँ खिली एक अजब कली।
'मोहन साह' पिया संग सूते, तुमहूँ आवो मेरी अली।। [2]

गुरु की महत्ता का वर्णन करते हुए मोहन शाह कहते हैं कि गुरु की कृपा का वर्णन असीम है गुरु कृपा से तुरन्त कल्याण हो जाता है।

---

1. साँईदाता सम्प्रदाय और उसका साहित्य, डॉ० राधिका प्रसाद त्रिपाठी, पृ0 124

2. वही, पृ0 110

मोहन शाह अन्यत्र कहते हैं भगवान अनंत सौन्दर्य से युक्त है, सूर्य और चन्द्र की कान्ति भी उसके सौन्दर्य के समक्ष कुछ नहीं है :

सब्द धुनि बाजै सोहंग सार ।
इंगला पिंगला सुखमनि सोधै, तुरिया तत्तु बिचार ।

---

1. संतवानी संग्रह, भाग एक, पृ0 102
2. साँईदाता सम्प्रदाय और उसका साहित्य डॉ० राधिका प्रसाद त्रिपाठी, पृ0 73
3. वही, पृ0 75

कोटिन सुन्य रोम ब्रह्मडा, सबसे न्यारा नाम अकार ।
करम अचार ज्ञान ना पहुँचै, झीनी गयल अहै टकसार ।
'मोहन शाह', झलक वह निरखत, चाँद, सुरूज छवि वार ।। [1]

वे कहते हैं उनका दर्शन पाते ही संसार का सब कुछ वैभवहीन हो जाता है :

भा उजियारा भानु उइ आये ।
मिटिगे तारा छिपी चाँदनी, भोर होत दीपक मरि जाये ।
ज्यों-ज्यों बढ़त चढ़त ऊँचे काँ, कोटिन तेज किरन झरि लाये ।
झलकै जोति पलक नहीं लागै, खूब चटकि छविछाये ।
निरमल नाम निअच्छर निरगुन, मोहनसाह देखि सुख पाये ।। [2]

सन्त महाआन्नद शाह ने ईश्वर की असीम सत्ता का निरूपण करते हुए कहा है कि ईश्वर पुष्प में वास तथा पाषाण में आग की तरह जगत में व्याप्त है और उसकी कृपा पाने पर जगत की सारी चमक फीकी पड़ जाती है :

सूरति मोहन रसिया की नैन के रंध रहता है ।
बसी जैसे पुहुप वासा, अनल पाषाण रहता है ।
वइसे ईस सीस का वासी, बूझि सूझि में आता है ।
कहता सतगुरु जोई पंथा, सोई कहै बेद संता है ।
अलख कुल खलक का वासी, दास कोई दरस पाता है ।
चमकता है चसम आगे, खसम शोभा सोहाता है ।
चन्द्र, रवि, भास, उजियारा, दिवस रजनी देखाता है ।
महाआनंद मोहन मुख, सुजन फौरम झलकाता है ।
बिना रस वासना सारो, नाम के रंग माता है ।। [3]

इसी प्रकार यारी साहब भी अनहद नाद, जिसमें सभी राग समाहित है, को निरन्तर सुनते रहते हैं :

बाजत अनहद बाँसुरी, तिरबेनी के तीर ।
राग छतीसो होइ रहे गरजत गगन गम्भीर ।। [1]

एक अन्य पद में वे कहते हैं :

बेला फूला गगन में, बंक नाल गहि मूल ।
नहिं उपजे नहिं बीनसै, सदा फूल कै फूल ।। [2]

साँईदाता सम्प्रदाय के प्रमुख संत मोहनशाह ने भी उस दिव्य महल की ज्योति और उसके सौन्दर्य का वर्णन करते हुए कहा है कि उसकी दिव्यता की तुलना किसी अन्य दिव्यता से नहीं की जा सकती :

बलम कर बँगला बना अजायब ।
तोफा महल कँगूरा लाखों, झलक रही दर दायब ।।
नुमाँ नूर समाँ सम रोसन, राति दिवस छवि छायब ।।
अरस अनूप जड़े अति हीरा, महा मुस्क अंतर जग लायब ।
उनकी सान दुसर ना पटतर, तहँ हरदम 'मोहन' है तायब ।। [3]

साँईदाता सम्प्रदाय के एक अन्य कवि महा आनन्द शाह ने भी अपने पदों में इसी परम आनन्द की स्थिति का वर्णन किया है :

अनहद गरजा है गगन पै, बिजली चमके गुरु का ग्यान ।
इंगला-पिंगला तत्तु बिचारौ, सुरति चढ़ी असमान ।
सोहंग शब्द झरै जहाँ निसु दिन, दरसै पुरुस पुरान ।।

---

1. संतबानी संग्रह, भाग एक, पृ0 113
2. वही, पृ0 114
3. साँई दाता सम्प्रदाय और उसका साहित्य, डॉ० राधिका प्रसाद त्रिपाठी, पृ0 126

कबीर दास जी ने "पुस्तक की लेखी"की अपेक्षा "आँखों की देखी" को महत्त्व दिया है ।

सन्तों ने गुरु ज्ञान को सर्वोपरि ठहराया है । गोविन्द साहब ने ज्ञान का वर्णन करते हुए कहा है कि सद्गुर के ज्ञान के रंग में स्वंय को रंग कर उस परम ब्रह्म का परिचय प्राप्त किया जा सकता है तथा उस परम सत्ता का कृपा पात्र बना जा सकता है । अन्यत्र वे मोह माया को भंग करने में प्रमुख भूमिका गुरु की बताते हुए कहते हैं :

जब वह सुरति चैतन्यमता गुरु ज्ञान की पैठी ।
तब माया डरि जाय ठिकाने अपने बैठी ।। [1]

सन्त पलटू साहब ज्ञान के द्वारा ही मन की उदण्डता को वश में करते हैं । उनके अनुसार संसार का सारा मोह ज्ञान की तलवार से छिन्न-भिन्न हो जाता है । ज्ञान की कोटियों से तत्त्व ज्ञान को श्रेयस्कर और सर्मथ माना है । परसाद साहब ने भी तत्त्व ज्ञान की साधना को प्रमुखता दी है :

चलौ जी चलै हरि रंग और लै जब पाइ गुरू गमित देइ हेला ।
सत्य के पाप जब झूठ को छाड़ि दे उलटि के बिन्दु में नाद मेला ।।
तत्व विचार के ज्ञान को मथै जब गुरु से सरस तब हुआ चेला ।
लोक औरि वेद इन्ह दोउ को छाड़ि के दास परसाद यह खेल खेला ।। [2]

सन्त मोहन शाह ने पुस्तकीय ज्ञान को अन्धा ज्ञान कहा है । जिसमें विवेक दृष्टि प्राप्त नहीं होती है :

अन्धा ग्यान सूझि ना आवै, भूला फिरै बेकाम । [3]

---

1. गोविन्द साहब की बानी, पृ0 2
2. बावरी पंथ के हिन्दी कवि, डॉ० भगवती प्रसाद शुक्ल, पृ0 354
3. साँईदाता सम्प्रदाय और उसका साहित्य, डॉ० राधिका प्रसाद त्रिपाठी, पृ0 92

साँईदाता सम्प्रदाय के प्रमुख सन्त मोहनशाह का योगी, योग की कोई जानकारी नहीं रखता। वह ध्यान की धूनी लगाता है और भाग्य का भस्म रमाता है। वह आत्मतत्त्व की चिनगारी से परम ज्योति प्रज्ज्वलित कर, अमरत्व की प्राप्ति करने में पूर्णतः सक्षम है। मोहनशाह की साधना में योग का सन्निवेश उस समय होता है, जब साधक नाम जप की क्रिया को श्वास-प्रश्वाँस से जोड़ लेता है तथा अजपाजाप का प्रारम्भ हो जाता है। अजपाजाप की स्थिति में शब्द, इंगला पिंगला नाड़ियों से चालित स्थूल प्राण वायु के माध्यम से त्रिकुटी पर पहुँचता है जहाँ उसका सम्बन्ध सुषुम्ना नाड़ी से हो जाता है। सुषुम्ना में सूक्ष्म प्राणवायु का संचार होता है। शब्द को त्रिकुटी पर ले जाने का कार्य ध्यान द्वारा सम्पन्न होता है। अन्य योग साधकों की भाँति मोहनशाह ने भी त्रिकुटी को त्रिवेणी की संज्ञा दी है और इसे इड़ा (गंगा) पिंगला (यमुना) और सुषुम्ना (सरस्वती) का संगम स्थान बताया है :

पिया संग सजनी प्राग जावै।
गंगा जमुना बीच सरस्वति, नाम अछैबट चढ़ि जाबै।
त्रिकुटी धार बहै तिरबेनी, मंजन करत पाप सब भागै ।।
गगन किला प्रयाग में अनहद, ज्योति अलख एक जागै।
'मोहनसाह' करि मन निहकरमी, अजपा साधि चरन तर रहबै ।। [2]

---

[1] बावरी पंथ के हिन्दी कवि, डॉ० भगवती प्रसाद शुक्ल, पृ० 217

[2] साँईदाता सम्प्रदाय तथा उसका साहित्य, डॉ० राधिका प्रसाद त्रिपाठी, पृ० 85

पृथ्वीशाह ने भी अजपाजाप, अनहद, इंगला, पिंगला अष्टकमल आदि की चर्चा की है :

संतों प्रात भजो हरि नाम, जन्म नर सुफल करो।
अजपा चरखा घूमन लागे, अनहद सब्द झरो।
सत्त सुकृत का खूँटा गाड़ो, सोहं कलस धरो ।।
इंगला पिंगला सुखमन नारी, निसिदिन रगरि भरो।
मन में ही सूरत नहिं हाले, कलि मल आय जरो ।।
अष्टकमल उर अन्तर बिकसों, दीपक ज्ञान बरो।
गुरु पद नाक सीस धरि सेवो, तब भव जल उबरो ।। [1]

मोहन शाह ने इसे "सुखमनि सर" की संज्ञा देते हुए इसका बड़ा ही जीवन्त वर्णन किया है :

૯

તે કહીએ, તે કહીએ, સાધુ તે કહીએ, તે કહીએ –;
જે માન ગુમાન ન લહીએ, સાધુ તે કહીએ, તે કહીએ –
તે કહીએ ૦ ૧

જેને રોમ રોમ રંગ લાગ્યો,
તેના દલનો ધાંખો ભાગ્યો,
મન, વાણીથી રહે આઘો – સાધુ ૦
તે કહીએ ૦ ૨

જે આઠે પ્હોર ઉદાસી,
સાધુ ઉનમુનિના વાસી,
તેને શું કરશે ચોરાસી ?! સાધુ ૦
તે કહીએ ૦ ૩

જે મન ધ્યાન સુન્તમે ધાયે,
સોહંગ શબ્દે સમાયે,
એક રામ રામ ગુણ ગાયે – સાધુ ૦
તે કહીએ ૦ ૪

જે સુરત નૂરતને જાણે,
તે ધૂન ગન્યમાં આણે,
પછી જોગમાયા પરમાણે – સાધુ ૦
તે કહીએ ૦ ૫

મુનિ જીતા તે શું જાણે ?
ગુરુ હરિકૃષ્ણથી એ માણે,
જે ભાવ ભક્તિ પરમાણે – સાધુ ૦
તે કહીએ ૦ ૬

૧૬

શોધી લેજો રે તમે સંત સુજાણ !
શૂન્યમાં આંબો મ્હોરીઓ !

મૂળ ચક્રથી મૂળ નાંખ્યું, આંબો હવો પ્રકાશ રે ;
પાંખડે પાંખડે પરખા કીધી ને વૃક્ષ થયું ઝાડ રે ! –
પાંદલડાં રે પાંદલડાં રે ઉઘડીઆં ચાર ! –
શૂન્યમાં આંબો મ્હોરીઓ ! શોધી ૦ ૧

સોહં શબ્દ રૂપી સોટો ચાલ્યો ને ગુરુ મ્હોટા દયાળ રે ;
આંબો ઘેર ગંભીર પરવર્યો, કોઇ વીરલા પામે વાર રે ! –
જઇ ચડીઓ રે જઇ ચડીઓ રે કોઇ શૂન્ય આકાશ ! –
શૂન્યમાં આંબો મ્હોરીઓ ! શોધી ૦ ૨

શૂન્ય મંડળ સોહામણું ! ત્યાં આંબો હુવો પ્રકાશ રે,
ત્યાં અમૃતફળ નવાં નીપજે, પંખીને પ્હોંચે આશ રે ; –
પડતાં ઝીલે રે પડતાં ઝીલે રે હરિના દાસ.
શૂન્યમાં આંબો મ્હોરીઓ ! શોધી ૦ ૩

સુન્દર આંબો નિરખતાં, પ્હોંચી તે મનની આશ રે,
સાચા ગુરુ કેરા શબ્દને, તું વેડી રાખને પાસ રે ; –
પરમહંસ રે પરમહંસ રે પ્રતાપપ્રકાશ.
શૂન્યમાં આંબો મ્હોરીઓ શોધી ૦ ૪

અવસ્થાથી અળગો રહે, (ને) સુખદુઃખથી આગે;
મુનિ જીતા સત્ય કહે, તેને પાપ, પુણ્ય નહીં લાગે. ૩૩

ઓહંગ સોહંગ આત્મા, પ્રત્યક્ષ કહીએ દેવ!
મુનિ જીતા કહે સમજી, કરો સન્તની સેવ. ૩૪

ઓહંગ સોહંગ આત્મા, તે પર સુરતા આણ,
મુનિ જીતા! પરમાત્મા ઓળખ્યે, નહીં વૃદ્ધિ, નહીં હાણ. ૩૫

ઓહંગ સોહંગ વૈરાગ્ય છે, શુદ્ધ જ્ઞાનનું મૂળ;
મુનિ જીતા ચેતન બ્રહ્મ, તે સરવેનું મૂળ. ૩૬

જીવને તો વશ કરો, બોલ્યાનું શું કામ?
મુનિ નારાયણ એમ કહે, હાથમાં આવ્યા રામ. ૩૭

વાતોમાં તો વહી જઈયે, થોડું બોલ્યામાં સાર;
એકાન્તે બેસી ભજન કરીએ, તો સહેજે ઉતરીયે પાર. ૩૮

બાવા બેઠા સમાધિમાં, ભજનમાં કહાડે દન!
મોટું સાધન તે કહીએ, જે હાથમાં રાખે મન. ૩૯

જન ઉપજ્યા 'બ્રહ્મસે', દાતા, ભોક્તા બ્રહ્મ;
આપે આપકો દેત હૈ, તો કિસકો લાગે કર્મ! ૪૦

દૃષ્ટિ ઉપદેશ આપે તે મોટી કળા ,
જે થકી જંતના કંજ સીજે,
સેવતાં સુખ હોયે અતિ ઘણું,
જો સદ્‌ગુરૂ કેરૂં મન રીઝે....હરિ૦
પ્રત્યક્ષ રામ તે તત્ત્વવેતા વિશે ,
જેમ કુંડળ વિશે કનક દીસે,
મન વચન કર્મે સંતને ભજશે
અખા ! તેનું દ્વૈત દેખી મન નહિ જ હીસે....હરિ૦

અરજણ ભગત

[૧૧]

બંકનાળ રસ પિયા, યોગેશ્વર ઊલટી નાળ રસ પિયા હો જી,
પીયા અમીરસ ભયા તો અમર,ત્રિકુટી મહેલ પર તકિયા....યોગેશ્વર
નાભિકમળસે પવન ઊલટયા, દિયા દિલ્લીસે ડેરા હો જી,
ખટ ચક્ર વીંધીને ચઢિયા, ગગનમંડળ ઘર કિયા....યોગેશ્વર
તૃષા હે તનકી આશ પીવનકી, લહર લગન ઘર લહિયા હો જી
મગન ભયા મન ચઢી ખુમારી, રોમ–રોમ રમી રહિયા ...યોગેશ્વર
એક વચન જેણે સહી કરી માન્યા, એક વચન ઘર રહિયા હો જી
નૂર નિરંજન નજરસે નીરખ્યા, સોહમ વચને ઘર આયા ...યોગેશ્વર
સાચી રે બંદગી કર લો બંદા, ભજન કરો તો ભય ગઈયા હો જી,
દાસ અરજણ જીવણ કે ચરણે, જાગી તો અમર રહિયા...યોગેશ્વર

[૧૨]

મેરી નજર મોતી આયા, મૈ ભેદ અગમરા પાયા રે...ટેક
ઓહંગ સોહમના જાપ જપીને, ત્રિકુટી તકિયા ઠેરાયા,
ચલી સૂરતા કિયા સમાગમ, સુખમણ સેજ સમોયા રે....મેરી૦

(२) अर्जुन भगत

[भजन - ११]

बंकनाल रस पिया योगेश्वर, उलट नाड़ी रस पाया जी।
पीकर अमिय-रस अमर हुए हैं, त्रिकुटी महल डेरा धाया जी॥

नाभि-कमल से पवन उलटकर, दशम द्वार मन ठहराया जी।
षट-चक्रों को भेद कर ऊपर, गगन-मंडल घर पाया जी॥

तन की प्यास और पीने की आशा, लौ लगी तो घर लाहा जी।
मगन हुआ मन, चढ़ी खुमारी, रोम-रोम हरि समाया जी॥

एक वचन जिसने सत्य माना, वह निज घर में ठहरा जी।
नूर निरंजन नयनों देखा, सोहं शब्द घर आया जी॥

सच्ची बंदगी कर ले बंदे, भजन करे भय जाए जी।
दास अर्जुन कहे गुरु-चरणों में, जागे सो अमर पद पाए जी॥

[भजन - १२]

मेरी नजर में मोती आया, मैंने भेद अगम का पाया रे। (टेक)

ओंकार-सोहं का जाप जपा जब, त्रिकुटी पर ध्यान लगाया रे।
चली सुरति प्रभु-मिलन को आतुर, सुखमन सेज समाया रे॥

ख्यामदास का जीवन अत्यन्त सरल तथा आडम्बरशून्य था। भोजन के विषय में उनका नियम था कि स्थान पर जो भी सागपात, मोटा-झोटा अन्न प्राप्त हो जाय उसी से वे अपनी क्षुधा शान्त कर लेते थे। इन्होंने प्रारम्भ में ही कठोर साधनाओं द्वारा अपनी इन्द्रियों को वश में कर लिया था। अतः उनमें अब किसी प्रकार की चंचलता शेष न थी। निरन्तर अभ्यास तथा योगियों की संगति से इन्हें यौगिक क्रियाओं का अच्छा अनुभव था। ख्यामदास की ख्याति उनके जीवनकाल में ही फैल चुकी थी। वे सत्तनामी सम्प्रदाय में दीक्षित होने के पूर्व योग के लिए प्रसिद्ध हो चुके थे। गुरु जगजीवन साहब भी इनके संयम और योग की प्रशंसा करते थे।165

सत्तनामी सम्प्रदाय में दीक्षित होने के पूर्व ख्यामदास की विचारधारा यौगिक क्रियाओं से अधिक प्रभावित थी। किन्तु, जगजीवन दास जी के सत्संग तथा उपदेश के परिणामस्वरूप उन्हें जीवन के सच्चे अर्थों का बोध हो गया और उन्होंने कठोर साधना की अपेक्षा सहज-समाधि, अजपाजाप तथा नाम स्मरण को विशेष महत्त्व दिया। साधक को जीवन क्षेत्र में संलग्न रहते हुए सतत् सहज साधना में संलग्न रहने का मार्ग दिखाया। इनकी दृष्टि में अजपाजाप तथा नाम स्मरण दोनों ही आज के युग के लिए सर्वसुलभ तथा बोधगम्य विधियाँ हैं। ख्यामदास ने 'काशीकाण्ड' में लिखा है-

राजित सो मनि माल, हरखि जपै जिभ्या बिना।

तत्त तिलक कै भाल, ध्यान धरै अजपाय पै।।

यह गति ऐहै मंत्र की, बिन कर जिभ्या जाप।

उलटि साँस सोहे कहै, ईस भये फिर आप।

काया कोठी सोधि कै, हुंड़ी हृदय पसारु।

ख्याम निरन्तर बैठि कै, जब चहु तबै सखारु।।

अहलाददास जी ने अजपाजाप को ही सर्वश्रेष्ठ साधन माना है, इसके अतिरिक्त किसी अन्य साधन से साधना करना सूर्य को दीपक के समान बतलाना है। इन्होंने दोहे में लिखा है-

तेहि अजपा सम अवर मत, जो कोउ कहै सयान।

जन अहलाद सो महाजड़, रवि ले को दिप मान।।

इन्होंने विस्तार से साधकों को अजपा जाप की विधि भी बतलाई है-

अजपा जिकिरि होय बहु आनन, मन सुर सकल जपहिं मन तानन।

सब इन्द्री होय विषय विरागी, निज निज मुख अजपा अनुरागी।।

ग्यान बदन ते सुमिरहि कैसे, सब गुन गाइ नाइ प्रभु ऐसे।

दाया बदन दया जस गावै, क्षमा सुमिरि नहि शीश उठावै।।

निकट पाठ बाँचहि ब्रह्मचारी, पुनि विश्वास भास भय हारी।

सरधा मिली सयन मा बोलै, अस भजु अस भजु चित न डोलै।।

समितां मुख काइ एक कारा, अस करै अजपा सुमिरन सारा।

प्रेम आनन्द छन्द सुख गावे, चंद बदन दुति बरनि न आवे।।

साहेब अहलाददास ने कठिन योग-साधना की अपेक्षा सहज समाधि को अधिक उपयोगी तथा श्रेष्ठ माना है जिसकी विधि इस प्रकार है-

भयो सुन्य ध्यान मिटी सुद्धि माया, शब्द रूप जोगी अखंड समाया।

निराधार बास नहीं जन्म आवे, अभै झास विश्वास आलेख ध्यावे।।

मिलै एक तौ एक एकै कहावै, भये भिन्न स्वामी कि सेवा लगावै।।

कपट और चतुराई93 आदि को त्यागकर साधक को सत्यनाम की रट लगानी चाहिए। क्योंकि ये ही दो अक्षर "ततसार94 हैं। सोते-जागते, उठते-बैठते, प्रतिपल इसको स्मरण करने का सदुपदेश सन्त कवि ने दिया है।95 नाम-स्मरण ही संत-साधना का 'अजपाजाप' है। संत जगजीवन साहब इसे महामंत्र कहते हैं।96 उनकी स्पष्ट मान्यता है कि इस महामंत्र का जाप 'गुप्त-चुप्प' ढ़ग से सहज रूप से करना चाहिए।97 क्योंकि वेद, पुराण और सन्त वाणी ने यह घोषणा की है कि इस के समान और कुछ भी नहीं है।98 अगणित पापियों का नाम-स्मरण से उद्धार हो गया।99 इसीलिये जगजीवन साहब ने सतगुरु द्वारा प्रदत्त महामंत्र (सत्यनाम) को स्मरण करके सम्पूर्ण कार्य को सिद्ध हो जाने का सदुपदेश दिया है।

गोसाईंदास तुलसी की भाँति नाम को राम से बढ़कर मानते हैं-

जो राम प्रकट नहिं कर सके, सो सुमिरे भा नाम।

गोसाईंदास महिमा अमित, को करि सकै बखान।।100

देवीदास उच्चकोटि के नामोपासक संत थे। नाम के महत्त्व को बताते हुए सन्त कवि देवीदास ने कहा है कि नाम-स्मरण से पाप मुक्त होकर मानव अभय पद प्राप्त कर लेता है-

गुरु उपदेश मानि सत शब्दहि, दुइ अछर धुनि लावै।

देविदास के प्रभु जगजीवन, अभय भग्ति पद पावै।।101

इन्होंने श्वाँस-प्रश्वाँस अजपाजाप पर अधिक बल दिया है-

प्रीति परम परतीत ते, शब्द मधुर धुनि होइ।

अजपा लागि रहै नहिं छूटै अंतर मिलहि समोइ।।102

ख्यामदास की नामोपासना में अटूट आस्था थी। उन्होंने नाम को विस्मृत न करके सर्वदा स्मरण करने पर बल दिया है- "नाम बिसरै नाहिं सदहि साध लागी रहै।' ' 103 क्योंकि उनका द्दढ़ विश्वास है कि नाम सुमिरन से जीव के उद्धार के साथ-साथ सम्पूर्ण परिवार का उद्धार हो जाता है-

पाइ नाम मंत्र जेहि घट, सत्य सुमिरन जो करै।

तरै सो परिवार तारै, दास दरसन कै तरै।।104

उनकी द्दष्टि में तीर्थ, व्रत दानादि करने के बाद भी बिना नाम-स्मरण किये उद्धार होना कठिन है-

तीरथ वरत दान बहु करई, बिन वहि नाम पार नहिं परई।105

उन्होंने संसार से उपराम होकर अहर्निश राम नाम-स्मरण को महत्त्व दिया है-

राम नाम रखना रट लावा। कुल कुटुम्ब सब कहँ बिसरावा।106

इन्होंने बिना जिह्वा के अजपाजाप पर अधिक बल दिया है। उनका कहना है कि-

राजति सो मनिमाल। हरषि जपै जिभ्या बिना।

तंत तिलक कै माला। ध्यान धरै अजपा जपै।।107

है।

अस्तु, संत नवलदास के साहित्य में सर्वत्र ‘सत्यनाम’ की महत्ता स्वीकार की गयी है। नाम-स्मरण विधि नाम के अन्तर्गत प्रति दृढ़ विश्वास और उसे जीवन के सार तत्त्व के रूप में स्वीकार किया गया है। समस्त सिद्ध, ऋषि-मुनि, गोरख, शंकर, भरथरी आदि अनेक साधक उसी नाम का अवलम्ब लेकर अमरत्व प्राप्त कर सके। वही नाम सभी साधनाओं का मूलाधार है।122 कवि के अनुसार नाम के बिना सारी साधना व्यर्थ और निस्सार है। नाम के प्रति संत की सच्ची आस्था तो है ही साथ ही कवि ने अपनी मौलिक सूझ-बूझ और प्रतिभा से उसकी साधना विधि का सुगम पथ बताना सच्चे संत का अति सार्थक प्रयास एवं योगदान माना जा सकता है।

अहलाददास ने अजपा जाप को सर्वश्रेष्ठ साधन माना है। इससे किसी अन्य साधन की तुलना करना सूर्य को दीपक दिखाने के समान बताया है-

तेहि अजपा सम अवर मत, जो कोउ कहै समान।

जन अहलाद सो महाजड़, रवि ले को दिप मान।।123

इन्होंने विस्तार से साधकों को अजपाजाप की विधि भी बताई है-

अजपा जिकिरि होय बहु आनन। मन सुर सकल जपहिं मन तानन।।

सब इन्द्री होय विषय विरागी। निज-निज मुख अजपा अनुरागी।।

ग्यान बदन ते सुमिरहि कैसे। सब गुन गाइ नाइ प्रभु ऐसे।।

दाया बदन दया जस गावै। क्षमा सुमिरि नहिं शीष उठावै।।

निकट पाठ बाँचहिं ब्रह्मचारी। पुनि विश्वास भास भय हारी।।

सरधा मिलि सयन मा बोलै। अस भजु अस भजु चित न डोलै।।

समिता मुख काइ एक कारा। अस करै अजपा सुमिरन सारा।।

प्रेम आनन्द छन्द मुख गावे। चंद बदन दुति बरनि न आवे।।124

तोंवरदास नामोपासक सन्त थे। उन्होंने नाम स्मरण को साधना का मूल-तत्त्व माना है। उनके अनुसार सम्पूर्ण जगत् षड्रस विष तुल्य है। अतः इसे त्याग कर नाम रस का रसपान करना चाहिए-‘‘हरिदम पियहु मन नाम रस, तजु स्वाद षट रस जहर रे।’’ 125 क्योंकि नाम के रसास्वादन से दारुण दुःख दारिद्रय समाप्त हो जाता है-‘‘मिटै दुष दरिद्र दारुन-नाम की बलिहारिए।’’ 126 उनका विश्वास है कि भजन से प्राप्त प्रभु मिलन द्वारा साधक जीवन से मोक्ष प्राप्त कर लेता है-

यह मिलन भज संजोग सो हिल मनुजि तन सुमिरे तरे।।127

नहिं कबहुँ कुपथ पग, हरिनाम भजन कराहिरे।।

निरडंभ पाषंड ते रहित, दुखाद सुनि गम साहिरे।।

दया धर्म सुभाव सीतल, संत के गुन आहिरे।।

नहिं हर्ष प्रभुवा पाइ, धन दुष परे न बिलखाहिरे।।130

शिवनारायणदास भी उच्चकोटि के नामोपासक सन्त थे। उनका कथन है कि सत्तनाम-सत्तनाम रट लगाने से बहुत दिनों के बड़े से बड़ा पाप धुल जाता है-''बहुत दिनन के मल चलि जैहैं, सत्यनाम रट लाय।'' 131 उन्होंने अजपाजाप के महत्त्व को स्वीकारते हुए अनवरत नाम स्मरण पर बल दिया है-

न कर चलै न जिह्वा डोलै, अजपा तार लगावै।

नाम निअक्षर अंतर में सुमिरौ, अजपा जिगर लगाय।132

उनका दृढ़ विश्वास है कि मन लगाकर निरन्तर नाम सुमिरन से जीव को आवागमन से मुक्ति मिल जाती है-''शिवनारायण जेहि घर नाम सुमिर, भव पार तरी।'' 133 वे घट के भीतर अनहदनाद श्रवण करने पर विशेष बल देते हैं-

अनहद बाजा निस दिन बाजै, सुनहु बैठ स्थाना।134

संत फकीरदास श्रेष्ठ नामोपासक सन्त थे। इनका कहना था कि जुगल अंक सिद्धि दायक है। इन्होंने अजपाजाप पर अधिक बल दिया। उनका मत है कि संसार में जीवित रहकर सत्तनाम को भूलना नहीं चाहिए-

यहि जिन्दगानी जब तक रहै जग माहीं। तब तक सत्तनाम बिसारै नाहीं।।135

सन्त रघुनन्दनदास की नाम-साधना में पूर्ण आस्था है। नाम-मन्त्र को विश्वासपूर्वक धारण कर सुमिरन करने वालों को उन्होंने धन्य कहा है-

नाम-मन्त्र विश्वास करि, जो सुमिरै नर-नारि।

रघुनन्दन धनि नर वह, जे पग धरहि पसारि।।136

उनका कहना है कि दो अक्षर को अहर्निशि स्मरण करने से सुखानुभूति होती है-

दुइ अक्षर रसना रट लावै। दिन अरु रैन जागि सुख पावै।।137

उनके अनुसार सत्तनाम के समान कोई मन्त्र नहीं है तथा सतगुरु चरण में ध्यान लगाने के सदृश्य कोई साधना नहीं है। सत्तनाम स्मरण किये बिना कल्याण होना कठिन है-

सतनाम सम मन्त्र नहिं, सतगुरु पद सम ध्यान।

अर्जुन्ह रेख खचाय कहा, तेहि बिन नहिं कल्यान।।138

सुरति-शब्द-योग

योगाभ्यास की विभिन्न रीतियों में सुरति-शब्द-योग का महत्त्वपूर्ण स्थान है। निर्गुण पन्थी सभी सन्तों ने इसी रीति को अपनाया है। इसी को सन्तों की सहज साधना, मन्त्रयोग तथा लययोग भी कहा जाता है। इसका अर्थ स्पष्ट करते हुए 'कल्याण' के साधनांक में कहा गया है कि जिस-योगाभ्यास में शब्द की धारणा की जाती है, उसे सुरति शब्द योग अथवा शब्द योग कहते हैं।186 इस साधना में शब्द का किसी वाह्य मंत्र से कोई मतलब नहीं है। घट के अन्दर और बाहर एक निरन्तर सहज ध्वनि होती रहती है, जिसको अनाहत अर्थात् बिना किसी आघात के उत्पन्न ध्वनि कहते हैं।187 गुरु द्वारा निर्दिष्ट मार्ग पर चलकर अभ्यास करने से इस ध्वनि का श्रवण किया जाता है।188 उसी के माध्यम से चढ़कर चित्त नाद में विलीन हो जाता है।189 सुरति को स्रोत से व्युत्पन्न मानते हुए इसका अर्थ 'चित्तवृत्ति का प्रवाह' भी कहा गया है।190 'हठयोगप्रदीपिका' में भी चित्त के नाद में लय होने का वर्णन किया गया है।191 गोरखबानी में भी 'अवधू सबद अनाहद सुरति सो चित्त' के द्वारा शब्द को अनाहद नाद एवं सुरति को चित्त कहा गया है।192 इस प्रकार ऐसा प्रतीत होता है कि 'सुरति शब्द योग' का तात्पर्य 'नाद में चित्त का लय होना' ही है।

जगजीवन साहब का सुरति-शब्द-योग निर्गुण पन्थी सन्त कवियों के मतानुकूल है। इसके सम्बन्ध में सन्त कवि ने सहज मार्ग का अनुसरण किया है। सहज मार्ग को अपनाते हुए कहते हैं कि जिनकी सुरति सत्य में विलीन हो जाती है वे प्राणी अमर हैं तथा उनके समान अन्य कोई नहीं है।193 जिनकी सुरति मूर्ति में मिलकर एकमेव हो जाती है वे जग से न्यारे होकर संसार से विरक्त हो जाते हैं। जग में रहकर भी वे जग के मोह-मायादि प्रपन्चों से अलग हो जाते हैं।194 ऐसे लोग भौतिक कष्टों और दुःखों से सर्वदा के लिए छुटकारा पा जाते हैं।195 नाम के प्रति सुरति जुड़ जाने के पश्चात् मन का पाप196, भ्रम,197 मोह198 और विकार199 आदि दूर हो जाता है। इस प्रकार इसके माध्यम से मन से संशय दूर करके प्रकाशवान अव्यक्त की शोभा को निरखने का सन्देश कवि ने दिया है।200 जिनकी सुरति 'मुरति' में मिलकर उसी में विलीन हो जाती है वे 'मुरति' तुल्य हो जाते हैं, अर्थात् वे प्रभु में समाहित होकर प्रभुमय हो जाते है और उनमें प्रभु का वास हो जाता है।201 विश्वासपूर्वक निश्चित चित्त से युगल चरणों में ध्यान लगाकर सुरति डोरी को पुष्ट करना चाहिए।202 क्योंकि ऐसा अभ्यास करने से सन्त जन हरि-दर्शन में सफल हो जाते है।203 इसीलिये सन्त जन ऐहिक सुखादि की ओर से मुख मोड़कर परम तत्त्व में ध्यान लगाए रहते हैं।204

संत देवीदास योग की क्रियाओं के पूर्ण मर्मज्ञ थे। यद्यपि निराकार उपासकों ने योग, तप, व्रत आदि शारीरिक कठोर क्रियाओं की कटु आलोचना की है, किन्तु इनकी रचनाओं में योग का अंश दर्शनीय है। त्रिकुटी, इंगला, पिंगला, सुषमना, चौदह महल, शून्य लोक, सहस्रदल कमल, कुण्डलिनी, आदि योग के पारिभाषिक शब्दों का प्रचुर प्रयोग मिलता है। इन्होंने 'गीता' में श्री कृष्ण द्वारा कहे गये वाक्य-युक्ताहार विहारस्य.....। को अपने जीवन में

(ग) सोवत जागत बिसरै नाहिं। रमत भ्रमत रहो नामहिं माँहि।। -वही, पृ. 341

96. (क) अजपा जपु दुइ अक्षर, घट मा जिभ्या नहिं डोलावहु रे।

देऊँ उपदेश मंत्र यह साँचा, सोई मन महँ गावहु रे।। - महाप्रलय, पृ. 1

(ख) जा जप करै दुइ अक्षर, घट मा जिभ्या नाहिं डोलावे रे।

माला लेइ न लेइ सुमिरनी, आपुहि जानि छपावै रे।। - ककहरानामा प्रथम, पृ. 4

(ग) अजपा जाप नाम के करई-परमग्रन्थ, पृ. 41

(घ) मन तुम जपहु अजपा जाप मंत्र राति दिन छूटै नहीं।

पकरहु डोरी पोढ़ि करि के चरनन से छूटे नहीं।। - परमनाम, पृ. 13

(ङ) अजपा जापत रहे निसिदिन, कबहूँ छूटि नहिं जाई। - शब्दसागर, पृ. 19

(च) अजपा जपत रहै बिन जिभ्या, कबहुँ नाहिं बिसरावे।

-जग. सा. की बा. पहला भाग, पृ. 101

(छ) अजपा जपत रहे बिन जिभ्या, मधुर मधुर मधु पावे। -जग. सा. की बानी, भाग-2, पृ. 40

97. (क) अन्तर नाम रहे रट लागी। गुप्त जक्त मा रहिये। - शब्दसागर, पृ. 71

(ख) सत्तनाम अंतर धुनि लागी, बास किहे संसारा।

ऐसे गुप्त चुप्प ह्वै सुमिरहु, बिरले लखै निहारा।।

-जग. सा. की बा., भाग पहला, पृ. 57

(ग) जगत भाव सुभाव देखि चलि, गुप्तहि अंतर रहे। - जग. सा. की बा. भाग-2, पृ. 98

(घ) नाम तैं रहेउँ सुरति मन लाये। जहा रहें तहँ गुप्त छुपाये।। -परमग्रन्थ, पृ. 41

(ङ) दुह अक्षर समान नहिं कोइ। वेद पुराण संत कहँ सोइ।।

- जग. सा. की बा., भाग-2, पृष्ठ-58

98. तरे अनन्त गने नहिं जाई। जे आए नामहिं सरनाई।। - अषविनास, पृष्ठ-141

99. काहे को दृढ़हु भटकहु भाई। सत्तनाम गुर दीन्ह बताई।।

अब विश्वास गहे दिढ़ सोई। महामंत्र भज सब सिधि होई।। -परम नाम, पृ. 15

12:46

2. कुंडलिनी और जठराग्नि का मिलन

कुंडलिनी शक्ति मूलाधार चक्र (रीढ़ की हड्डी के सबसे निचले हिस्से) में सुप्त अवस्था में होती है। योग ग्रन्थों (जैसे *हठयोग प्रदीपिका*) के अनुसार:

> जब प्राणायाम के द्वारा 'अपान वायु' को ऊपर की ओर और 'प्राण वायु' को नीचे की ओर खींचा जाता है, तो ये दोनों वायु नाभि मंडल (जठराग्नि) पर आकर टकराती हैं। इस हवा के झोंके से जठराग्नि अत्यंत प्रचंड हो जाती है। इस प्रचंड अग्नि की गर्मी जब नीचे बैठे कुंडलिनी नाग तक पहुँचती है, तो वह जागृत होकर ऊपर (सुषुम्ना नाड़ी में) उठने लगती है।

यानी, **जठराग्नि ही वह माचिस की तीली है जो कुंडलिनी रूपी महा-ऊर्जा को सक्रिय करती है।**

3. ब्रह्माग्नि (संतों की परम अग्नि)

जब कुंडलिनी शक्ति जठराग्नि की गर्मी से जागृत होकर रीढ़ की हड्डी से होते हुए सबसे ऊपर **'सहस्रार चक्र' (मस्तिष्क के शीर्ष)** पर पहुँचती है, तो वहां साधक को 'ब्रह्म ज्ञान' या आत्मज्ञान की प्राप्ति होती है।

इस अवस्था में जो ऊर्जा प्रकट होती है, उसे ही संत **'ब्रह्माग्नि'** या **'ज्ञानाग्नि'** कहते हैं। भगवद्गीता में भी श्री कृष्ण कहते हैं:

> *ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुते तथा।*
> (अर्थात: ज्ञान रूपी अग्नि समस्त कर्मों और अज्ञान को जलाकर भस्म कर देती है।)

Ask Gemini

Flash

क्या बता सकते हैं तीनों बंद और सभी मुद्राएं कुनी को कैसे जगा करके ऊपर पहुंचाती हैं?

योग और प्राणायम की भाषा में, **तीनों बंद** (त्रिबंध) और **विभिन्न मुद्राएं** शरीर की सुप्त ऊर्जा—जिन्हें आप **कुनी** कह रहे हैं, जिसका सही नाम **कुंडलिनी (Kundalini)** है—को जाग्रत करके ऊपर (सहस्रार चक्र तक) पहुँचाने में एक अत्यंत वैज्ञानिक और ऊर्जावान भूमिका निभाते हैं।

इसे समझने के लिए हमें ऊर्जा के प्रवाह और इन ताला-चाबियों (बंद और मुद्राओं) के विज्ञान को समझना होगा:

1. तीन बंद (त्रिबंध) कैसे काम करते हैं?

योग में 'बंद' का अर्थ है **लॉक (Lock) या रोकना**। जब हम ऊर्जा को किसी विशेष स्थान पर रोकते हैं, तो उसका दबाव बढ़ता है, जिससे वह ऊपर की ओर गति करती है।

- **मूल बंध (Root Lock):**
    - **कैसे लगाते हैं:** मलद्वार और जननांगों के बीच की मांसपेशियों (पेरिनियम) को ऊपर की ओर सिकोड़ना।
    - **काम:** यह हमारे शरीर की अधोमुखी (नीचे की ओर बहने वाली) ऊर्जा यानी **अपान वायु** को ऊपर की ओर मोड़ देता है। कुंडलिनी

राग मङ्गल।

सतगुरु की ले सरनि करो हरि ध्यान ही।
काम क्रोध मोह लोभ बिड़ारो मानही॥
त्याग जगत की गैल अमर पद कूं चलो।

कागनकी मति छोड़िं साध संगति रलो॥
उत्तम है निज नाम रटन निस दिन करो।
सोहं सोहं होय सुरति हिरदे धरो॥
जित अनहद का देस बास ह्वां किजिये।
झिलमिल जोति अपार निरख सुख लिजिये॥
आगे सुन्न अस्थान काल को भै नहीं।
परमहंस कोई संत जु पहुँचत है तहीं॥
रामरूप गुरुदेव लखायो देस है।
सिद्धराम रल मिले रहो नहीं भेस है॥ ४३॥

राग काफ़ी।

देखा अजब तमासा जोर आगिनि जल माहिं लगी॥
तेल बाति बिन दीपमालिका बिन सूरज भया भोर॥
गूंगा राग छतीसौं गावैं बहरा सुन सुख पावै॥
पिंगल निरत करै अति छवि सों आंधा लख मुसकावै॥
ऊपर कूप तलै खड़ी मालन बिन नेजू जल काढ़ैं॥
सींचै बेल फलै बिन फूलों जड़ काटे सूं बाढ़ैं॥
सुता पिता की जोय भई जहां माकूं पूत खिलावै॥
समझैगा कोई संत विवेकी मूरख भेद न पावै॥
मुरदे मौति करी बस माहीं बाड़ि खेत कूं खाई॥
सिद्धराम या पद की करनी गुरु रामरूप बताई॥ ४४॥

सहज योग का साधन अत्यन्त सूक्ष्म सरल और पूर्ण योग प्राप्ति का अन्तिम एवं पूर्ण साधन है। इस में तो केवल श्वास में, प्राण सञ्चालन में वृत्ति को अचल बना देना पड़ता है, प्राणों का जो व्यापार बाहर को हो रहा है उसे आन्तरिक वन्धा बना कर उसमें तन्मय हो जाना पड़ता है।

सांसारिक दुःख और सुख का कारण केवल मन है, इस का चञ्चल स्वभाव ही यत्र तत्र इधर उधर भ्रमाता है, यही जन्म मरण के चक्र में घुमाता है। इसकी चञ्चलता को मेट

देने का प्रधान साधन प्राण संघर्ष ही है, श्वास में तन्मय होना ही है। जब इस मन रूपी पिशाच पर प्राणों का प्रहार बारम्बार होता रहेगा तब यह स्वतः ही अचञ्चल बन जायगा, शान्त हो जायगा।

संसार में प्रचलित समस्त प्रकार के उत्तम साधन इस मन रूपी मत्त गयन्द मस्त हाथी को काबू में करने के अर्थ ही किये जाते हैं। इसका चाञ्चल्य मिट जाने से स्वतः ही वासना का क्षय हो जाता है, पूर्णतः समता शान्ति और स्थिरता प्राप्त हो जाती है, द्वैत भाव समूल नष्ट हो जाता है। अद्वैत भाव की प्राप्ति हो जाती है, अपने से भिन्न कोई पदार्थ दिखाई नहीं देता।

अतः सहज योगी बनो "मणि पूरक चक्र नाभि कमल से उठ कर मेरु दण्ड द्वारा सुषुम्ना नाड़ी के आधार पर चल कर शिखर लोक में पहुंच कर पुनः नाभि स्थान में आने वाले 'श्वास' में अपनी वृत्ति को निश्चल करो और नेत्रों को नासिकाग्र भाग पर स्थिर करो"।

करवाता है, इसीके बल पर तो मनुष्य स्थित प्रज्ञ हो सकता है। यही तो शरीर का अन्तिम धातु है, समस्त शरीर को बलिष्ठ स्वस्थ, चैतन्य और चिरायु रखने वाला है, यही एक सर्व पदार्थ है अतः इसको अखण्ड, शुद्ध, बलिष्ठ और निर्दोष बनाओ। मेरे वचन पर विश्वास करो कि "जो अखण्ड ब्रह्मचारी है वह बिना किसी प्रकार के साधन किये ही मुक्त है"।

आहार विहार के सुधार से ही वीर्य रक्षा हो सकती है। अतः आहार विहार का सुधार करो।

आहार विहार सुधरा, वीर्य की रक्षा हुई, प्राण सञ्चारण में वृत्ति स्थिर हुई, मन की चञ्चलता मिटी समता प्राप्त हुई और हो गया बस आत्म दर्शन, निर्वाण पद की प्राप्ति, जीवन मुक्ति नित्यानन्द का अनुभव और पूर्ण हुआ "सहज योग" हो गई अमृत पद की प्राप्ति।

अतः श्री गुरु देव की दया प्राप्त करके आहार विहार का सुधार करो और उचित मार्ग से चलने वाले श्वास में समगति से वृत्ति को तन्मय करदो। देश काल और पात्र की तथा अन्य प्रकार के साधनों की इस में कोई अपेक्षा नहीं। बस यही मेरा अन्तिम और सर्व श्रेष्ठ उपदेश है और यही योग, भक्ति, वैराग्य आदि का सार तत्व है। इस प्रर विश्वास करो, अवश्य ही तुम्हारा कल्याण होगा।

३ मणि पूरक चक्र — है। यह कमल नीले वर्ण और दश दल का है। इस कमल में प्रधान नाड़ियां इड़ा, पिंगला और इनके मध्य सुषुम्ना नाड़ी हैं। इस कमल में समान वायु का निवास है। समस्त शरीर को इसी स्थान से पोषण मिलता है अतः इसके अधिष्ठाता देव विष्णु हैं।

समान वायु हृदय में से प्राण और गुदा से अपान का आकर्षण करती रहती है। प्राण और अपान वायु के मिलने का नाम ही श्वास है। यही प्राण अपान का मेल (श्वास) नाभि कमल से मेरु दण्ड होता हुआ शिखर में पहुंचता है और तत्वों की गति के अनुसार (आकाश तत्व के प्राधान्य में श्वास बाहर नहीं आता, वायु में १२ अंगुल, अग्नि में ४ अंगुल, जल में १६ अंगुल और पृथ्वी में ८ अंगुल) मात्रा में नासिका द्वारा बाहर आता है। समस्त ब्रह्माण्ड में व्यापक महा प्राण और पिण्ड शरीर स्थित अल्प प्राण की नाभि मूल में एक ग्रन्थि पड़ी हुई है। जिस समय यह ग्रन्थि खुल जाती है उसी समय श्वास प्रश्वास की गति रुक जाती है और शरीर मृतक हो जाता है।

मनुष्य शरीर बाणवें क्रोड श्वास का स्थान है। आहार विहार के उचित रहने और समगति से श्वास चलते रहने से

ही इतने श्वास मनुष्यों को आ सकते हैं। अधिक निद्रा लेने वाले ज्यादा परिश्रम करने वाले, वीर्य नष्ट करने वाले, धातु उप धातुओं की भस्म तथा उष्ण पदार्थों को खाने वाले इन्द्रिय लौलुप और चिटौरे मनुष्यों के श्वास शीघ्र ही समाप्त हो जाते हैं। सुषुम्ना नाड़ी जो कि श्वास का मार्ग है अनुचित आघात से जर्जर हो जाती है अतः मनुष्य मृत्यु को प्राप्त हो जाता है।

होती है। पिण्ड ब्रह्माण्ड का रूप एक हो जाता है, समस्त संसार अपने रूप में दिखाई देता है या रज्जु वत सर्प का नाश हो जाता है। अपने रूप के अतिरिक्त कुछ भी शेष नहीं रहता।

इसी स्थान से सदा सर्वदा अमृत का श्राव होता रहता है। जिस समय यह अमृत टपकना बन्द हो जाता है, शरीर की मृत्यु हो जाती है। यही स्थान शरीरस्थ समस्त धमनियों का अन्तिम स्थान है। यह शरीर रूपी वृक्ष का मूल है। यह अमृत का उर्ध्व मुख कूप है जिस में सुरति रूप है पनिहारी रात दिन पानी भरती है।

जिन सौभाग्य शाली आत्माओं की वृत्ति बिना साधन किये ही इस अमर लोक में लवलीन हो जाती है, वे धन्य हैं। प्राचीन कर्म के प्रबल प्रभाव से ही ऐसा होता है। इस स्थान पर वृत्ति सुरति का स्थिर हो जाना ही निर्विकल्प या सहज-समाधि कहलाता है। समस्त साधन इसी की प्राप्ति के अर्थ किये जाते हैं।

उपर्युक्त चक्र जितने २ दल के हैं उन दलों पर जो वर्ण बतलाते हैं ये केवल उन दलों के द्योतक हैं। जिस २ चक्र का शरीर में जो २ कार्य हैं उसके अनुसार ही देवताओं की कल्पना की गई है। वास्तव में तो इन स्थानों पर वृत्ति की धारणा से जितने गुण उत्पन्न होते हैं यही इनके दल हैं।

'शंकर' सत, पथ में रमो, दूर होय भव रोग ॥११॥

अर्थ—योग शास्त्र के परम गौरव रूप कुण्डलनी का स्थान मूलाधार चक्र है। यह अपान वायु के साढे तीन चक्र सर्पाकार शक्ति है। इसका मुख नीचे की ओर है। इसने सुरति अर्थात् सूक्ष्म ज्ञान तन्तुओं को अपने मुख में ग्रस रखा है। सुरति के ठिकाने से अपान का यह कुण्डल खुलता है और नाभि स्थान में प्राण वायु से मिल जाता है। सुवृत्तियाँ जागृत हो जाती है और सोहं अर्थात् श्वास के मार्ग मेरु दण्ड स्थित सुषुम्ना मार्ग से शिखर की ओर चलती है। इस प्रकार अभ्यास करते २ आत्मस्थान के दर्शन होते हैं अर्थात् ब्रह्म द्वार खुल जाता है सुरति शिखर में टिक जाती है। सदा सर्वदा शिखर से झरने वाले अमृत को सन्त जन इस क्रिया से प्राप्त कर लेते हैं। ऐसा होने से अष्ट सिद्धियां प्राप्त होती हैं परन्तु बुद्धिमान को चाहिए कि इन सिद्धियों के प्रालोभन में उलझे नहीं।

वीरता धारण करके प्रेम पूर्वक साधन करता रहे और ब्रह्म स्थान के भीतर प्रवेश करे। ऐसा करने से सत्य रूप अर्थात् अपने रूप का दर्शन हो जाता है और संसार में व्याप्त जन्म मरण रूपी क्लेश मिट जाता है। मैं और तू का भाव नष्ट हो जाता है। आत्मैकता उत्पन्न होती है। काल, कर्म और गुण आदि के प्रभाव से रहित हो कर सर्वदा ब्रह्म रूप में

तन्मय हो जाता है। श्री अमृत नाथ कहते हैं कि हे चतुर साधु गण, सोहं शब्द में सुरति को स्थिर करके गगन लोक में समा जाओ। बस मेरे अनुभव से यही "कुण्डलनी जाग्रण" क्रिया है।

तन्मय हो जाता है। श्री अमृत नाथ कहते हैं कि हे चतुर साधु गण, सोहं शब्द में सुरति को स्थिर करके गगन लोक में समा जाओ। बस मेरे अनुभव से यही "कुण्डलनी जाग्रण" क्रिया है।

आशय

मूलाधार में निवास करने वाली अपान वायु की स्वच्छता आवश्यक है। आहार विहार की पवित्रता से जब शरीर मल का उचित रूप में विसर्जन होता है तब वृत्तियों में शुद्धता आती है। अपान वायु अपने शुद्ध एवं सूक्ष्म तत्व से सञ्चालित होती है और इसके जो साढे तीन चक्र हैं वह उर्ध्व मुख होते हैं। अर्थात् अपान वायु को पवित्रता से स्वास्थ्य बल, पवित्र बुद्धि और आधे में स्वच्छता यह गुण प्राप्त होते हैं। विकसित होते हैं। तब वृत्तियाँ पवित्र होकर मन को निश्चल करती हैं तब सुरति स्थिर होती है। ऐसा करने से सुरति अर्थात् कुण्डलनी उर्ध्व मुखी रूप को प्राप्त होकर दशम द्वार तक पहुंच कर स्थिर हो जाती है और आत्म तत्व में स्थिरता होती है। यह है कुण्डलनी का सूक्ष्म ज्ञान।

तात्विक बात यह है कि अधोमुख कुण्डलनी का अर्थ है बहिर्मुख वृत्तियां और कुण्डलनी जागरण का अर्थ है बहिर्मुख वृत्तियों को अन्तर्मुखी बनाना, कुण्डलनी उर्ध्वमुख होकर शिखर में प्रवेश करने का अर्थ है वृत्तियों को अर्थात् सुरति को आत्म तत्व में स्थिर करना।

20:07

४ तुरिया 'वस्था	जब तुरिया बनने लगे, होय कोष आनन्द । ब्रह्म नाड़ि के आश्रय, कोष रहित निर्द्वन्द ॥

तुरियावस्था अमृत गावे, नाभि कमल में स्थान चितावे ।
महा करण है शरीर याका, वाणी परा भेद है वाका ॥
चित से है चैतन्य सदा ही, आप आप कुछ पूजा नाहीं ।
पाचों कोष यहां नहीं राजे, निशदिन सन्त गगन में गाजे ॥
नाभि शिखर बिच सोहं जापा, जपत रहे छूटे निज आपा ।
बंक नाल सोहं का वाटा खुले शिखर में वज्र कपाटा ॥
ऋतु है एक नहीं दिन रैना, देख प्रकाश थकत है नयना ।
निर्गुण भाव आप को पावे, चहुंदिशि अपना रूप लखावे ॥
'अमृत' मिले शान्त हो जावे, गुणा तीत निश्चल पद पावे ॥

तुरिया में कुछ काल तक, रमण करे जो धीर ।
केवल में केवल रहे, तुरिया जागृत वीर ॥
भाव नहीं अपना बने, मन वाणी थक जाहिं ।
'अमृत' अनुभव से मिले, कहन सुनन से नाहिं ॥

आशय—जगत के झंझटों से घबड़ाने पर जब आत्मा को इससे उपराम होता है, तब आनन्द की खोज में भ्रमण करता हुआ मनुष्य श्री गुरु देव की शरण में पहुंचता है और शान्ति की याचना करता है। यदि अपने सुकृत्यों के उदय होने का समय आ गया हो और गुरु देव कृपा करके आत्म चिन्तन

तब तुरियावस्था बनने लगती है। इस समय आत्मानन्द के बल पर ही रहने वाला महा कारण शरीर अर्थात् आनन्दमय कोष होता है। ब्रह्म नाड़ी सुषुम्ना का पूर्णतः आश्रय मिल जाने पर साधक इस में तन्मय होता है। प्राणों का स्थान नाभि से शिखर तक रहता है। इस अवस्था में चित्र के बल पर चैतन्य अवस्था रहती है। इस अवस्था में परावाणी अर्थात् संकल्प शून्य भाव रहता है। नाभि से शिखर तक ही जब प्राणों का व्यापार मेरु दण्ड द्वारा होता है और सोहं सोहं जप अखण्ड रूप से चिरकाल तक होता रहता है तब तुरिया अवस्था परिपक्वता को पहुंचती है।

इस समय पञ्च कोष का अभाव हो जाता है, गुणातीत भाव अर्थात् आत्म भाव उदय होता है। जगत प्रपञ्च नष्ट होकर केवल अपना ही रूप रह जाता है। मैं, तू का झंझट दूर हो जाता है। ऋतु, काल कर्म आदि नाश को प्राप्त हो जाते हैं। वासना का पूर्णतः क्षय हो जाता है। इस अवस्था का नाम कैवल्य अवस्था होता है इसी को जीवन मुक्ति कहते है। इस जागृते तुरिया को प्राप्त हो जाने पर द्वन्द नष्ट हो जाता है, निर्द्वन्दता आ जाती है। इस अवसर का वर्णन करने में मन, वाणी, वचन विलास समर्थ नहीं है केवल अनुभव में आने की बात है।

जागृत अवस्था में जागृत स्वप्न और सुषुप्ति अवस्था वर्तती है। स्वप्न में स्वप्न और जागृत तथा सुषुप्ति वर्तती है। ऐसा

शरीरस्थ प्राण अपान के एकत्व को। योगी जन नाद श्वास कहते हैं या यों कहें कि "सोहं" शब्द नाद का रूप है। शरीर के प्रत्येक रोम में नाद व्याप्त है। इसी को अजया जाप कहते हैं। प्राण का बाह्य व्यापार, बहिर्मुख वृत्तियाँ जितनी

अन्तर्लीन होती है या यों कहें कि नाद को जितना ज्यादा सुना जाता है प्राण का व्यापार अन्तर में ही किया जाता है उतना ही आत्मानन्द प्राप्त होता है।

इस नाद को अवस्था साधन और स्थान के भेद से दश प्रकार का माना गया है। हृदय चक्र से प्राण और आधार चक्र से अपान वायु का आकर्षण और संकुचन करने से जब नाभि कमल में मणि पूरक चक्र में इनका योग होता है तब सोहं शब्द बनता है।

प्राण अपान का मेल हो नाभि में नाद सुने जैसे बोलत पक्षी।
वृत्ति टिके कुछ काल तहां तब ऐसे सुने जैसे गूंजत मक्षी॥
सुरति जो चक्र अनाहद आवे नाद रु शंख का शब्द समक्षी।
कण्ठ में बीणा औं ताल का शब्द है, आज्ञा में शब्द सुने सोही दक्षी॥
मुरली नगाड़ा पखावज बाजत त्रिकुटि के मांहि सुने सोही पूरा।
मेघ सी गर्जन होत सदा, ताको गगन के मध्य लहै सोही पूरा॥
'अमृत' नित्य कलोल करें, जाने युक्ति से पाये दसों विधि तूरा।
जीवन मुक्त है साधु सोई जासे होय कभी नहीं 'शंकर' दूरा॥

नाभि कमल में प्राण अपान वायु को एक करके वृत्ति को ठहराने सुरति जमाने से कुछ काल में शब्द सुनाई देता है जैसे पक्षी चह चहा रहे हों। इसके कुछ काल तक सुनते रहने से इसी स्थान पर मक्खियों के गुञ्जार जैसा नाद सुनाई देता है। यह प्रथम और दूसरा नाद है।

नाभि कमल में प्राण अपान वायु को एक करके वृत्ति को ठहराने सुरति जमाने से कुछ काल में शब्द सुनाई देता है जैसे पक्षी चह् चहा रहे हों। इसके कुछ काल तक सुनते रहने से इसी स्थान पर मक्खियों के गुञ्जार जैसा नाद सुनाई देता है। यह प्रथम और दूसरा नाद है।

जब हृदय कमल में वृत्ति को, सुरति को ठहराई जाती है तब नाद अर्थात् घण्टा और शंख का शब्द सुनाई देता है यह तीसरा और चौथा नाद है।

जब कण्ठ में सुरति कुछ काल तक स्थिर होती है तब वीणा और ताल का शब्द सुनाई देता है यह पांचवां और छटा नाद है।

जब सुरति आज्ञा चक्र में स्थिर की जाती है तब मुरली नगाड़ा और पखावज का शब्द सुनाई देता है। यह सातवां आठवां और नवां नाद है।

जब सहस्रदल कमल पर सुरति स्थिर होती है तब मेघ या सिंह गर्जना के समान सब्द सुनाई देता है। यह दशम नाद है। जो शूरवीर संन्त इस दशम नाद को प्राप्त कर लेता है वह सदा सर्वदा अमृत के सरोवर में आनन्द लेता है।

इस प्रकार युक्ति पूर्वक साधन करके जो सन्त दश प्रकार के नाद सुनता रहता है वह जीवन मुक्तावस्था को प्राप्त कर लेता है। ऐसे सन्त से कल्याण रूप शंकर भिन्न नहीं है अर्थात् वह शंकर रूप है।

जहं असाधु की रात वहाँ जागत है साधू।
22. सन्त रामचरन – संत रामचरन का जन्म सं0 1776 को सूरसेन अथवा सोड़ा गाँव के जयपुर राज्य के अंतर्गत ढूंढाण प्रदेश में हुआ था। इनका पहले का नाम रामकृष्ण था। यह बीजा वर्गीय वैश्य जाति के थे। यह अपनी आयु के इकतीसवें (31) वर्ष में इन्होंने किसी रात को सपने में किसी महात्मा द्वारा नदी में बहने से बचा रहे थे। आँख खुलने पर घटना की सत्याता में विश्वास करते हुए यह उस महात्मा की खोज में निकल पड़े थे और दांतड़ा जाकर सं0 1808 में कृपाराम जी से गुरूदीक्षा ले ली थी। यह कृपाराम जी स्वामी रामानन्द की परम्परा के प्रसिद्ध अग्रदास की 5 वीं पांचवी पीढ़ी के संतदास के शिष्य थे। संत रामचरन ने सं0 1808 में वैराग्य लेकर गूदड़ धारण कर लिया था। किन्तु वहाँ इन्हें पूर्ण संतोष न मिल सका और इन्होंने निजी अनुभव के अनुसार मत निश्चित किया था। अन्त में शाहपुरा में आकर रहने लगे और वहीं पर इन्होंने अपने मत–प्रचार का प्रधान केन्द्र स्थापित

मन ही की माला रहती है।[४५]

अजपाजाप का विधान इस तरह है कि साधक पद्मासन में बैठने के उपरान्त अन्तर्दृष्टि साधकर श्वास में श्रुति जाग्रत कर अजपा का जाप करे। यह जप बिना जिह्वा, बिना माला, बिना मन के अन्तर स्मरण है। इस अजपा सोहं जप से त्रिविध ताप मिट जाते हैं। इसीको दादू ने सहज धुन की डोर कहा है।[४६]

यही सोहं शब्द नाद में शब्द - ज्योति के रूप में बदलकर शून्य के अन्धार में प्रकाशित होने लगता है और यही परम तत्व तथा आत्म-तत्व के अभेद का वाचक बन जाता है।[४७]

संतों के सहज -जप पर जो सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा, वह था वैष्णव प्रभाव। वैष्णव-सम्प्रदाय में राम या हरि आदि का जप तथा स्मरण आदि का विधान किया गया था और उससे गोलोक की प्राप्ति बतलाई गई थी। कबीर ने वैष्णव प्रभाव को परम अपार माना। इसलिये उन्होंने कहीं - कहीं तो राम का माहात्म्य सोहं की अपेक्षा अधिक स्वीकार किया है।

४५- मन माला तहं फेरिये जहं दिवस न परसे रात।
तहां गुरु बाना दिया सहजे जपिये तात।
सुरति सदा सन्मुख रहै, जहां जहां लौलीन
सहज रूप सुमिरन करै, निहकर्मी दादू दीन।
- दादू दयाल की बानी, १, पृ० ७७,८०।

४६- दादू डोरी सहज की यों आगों घर घेरि।
- दादूदयाल की बानी १, पृ० १०६।

४७- पारब्रह्म भगवान अंस हमरे कहवाये,
हमहीं सोहं शब्द ज्योति हूवै सुन्न में आये।
- पलटू साहब की बानी, पृ० ८२

४८- कबीर पढ़िबा दूरि करि, पुस्तक देइ बहाइ
बावन आखिर सोधि करि, ररै ममैं चिलाइ।
- कबीर ग्रन्थावली, पृ० ४८।

इस नाम-जप को श्वास के मध्यम-पथगमन के साथ अवधारण कर सिद्ध किया जाता है। तत्व के परामर्श होते रहने से श्वास इस मध्यम - पथ का गमन करता है और तब नाम-जप प्रत्येक श्वास के साथ प्रयत्न के बिना ही चलता रहता है, यही सहज-जप है। जप की सायास क्रिया के अभाव में भी यह जप होता रहता है, इसीलिये इसे अजपाजाप भी कहा जाता है। इस समय आत्मा का तत्व के साथ ऐक्य हो जाने से 'सोऽहम् सोऽहम्' की ध्वनि स्वतः श्वास के साथ निःसृत होती है। इतना ही नहीं सहजो बाई हंसा और सोहं का तारु बीनकर उसपर सुरति को चढ़ाने - उतारने को ही सहज-सुमिरन कहती हैं।[५४]

दादू ने योगियों के अजपाजाप के विषय में भी लिखा है जिसमें मन ही माला है, जो सुरति की डोरी में ग्रथित है और बिना हाथों के सहारे हो जिसे श्वास निशि-वासर जपा करता है।[५५] दादू श्वास-प्रश्वास के साथ तत्व-पर

५१- वेद शास्त्रजन चिवावहि तरण कउ संसारु
करम धरम अनेक किरिआ, सम ऊपरि नाम अचारु।
- ग्रन्थ साहब, पृ० ४०५

५२- सुन्दर ग्रन्थावली, भाग २, पृ० ६६८

५३- नामरस अमरा है भाई, कोउ साध संगति तें पाई।
- गुलाल बानी, पृ० २३।

५४- सहजो बानी, पृ० ३७।

५५- सतगुरु माला मन दिया, पवन सुरति सूं पोय
बिन हाथों निसदिन [illegible] जपै, परम जाप यूं होय।
- दादूदयाल की बानी।

ऐसी अवस्था में पहुंच कर साधक यदि साधना छोड़ भी दें, तो साधना उसे नहीं छोड़ती है ।[1]

सुरति के भली प्रकार, स्थिर होने पर अमृत स्त्राव होने लगता है तथा जीवात्मा उसको पीकर परितृप्त हो जाता है, गगन में बिजली चमकने लगती है और प्रकाश हो जाता है । यह प्रकाश त्यों-त्यों बढ़ता है ज्यों-ज्यों सुरति सत् पुरुष के द्वार की ओर बढ़ती जाती है, वहां अनाहद नाद भी सुनाई पड़ती है ।

धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी के अनुसार मन को वश में करने के लिये सुरति ‡शब्द योग‡ का अभ्यास करना चाहिये । सुरत शब्द योग की व्याख्या करते हुए वे कहते हैं कि आंख, कान, जुबान को बाहर की ओर से बन्द करके उन्हें अन्दर की ओर खोलिये । यहां आन्तरिक जगत् में अपूर्व सुख और आनन्द मिलेगा। इसी प्रकार आंख अन्तर में प्रकाश देखती है । जिह्वा अन्तर का नाम जपती है । इस प्रकार तीनों इन्द्रियों को अलग-अलग काम मिल गए । एक से हटे तो दूसरी ओर लगे । आन्तरिक जगत् के सुहावने दृश्य को देखकर, मनोरंजन बाजे को सुनकर अजपा-जाप की मधुर वाणी में लीन होकर हृदय प्रफुल्लित हो जाता है । वहां के मधुर गान मनोहर दृश्य तथा अजपा जाप सोऽहं-सोऽहं शब्द श्रवण करते ही सुरत सनसनाती हुई ऊपर की ओर उठी और आकाश में लीन हो गई । वहां का अनुपम दृश्य अकथनीय है । केवल अभ्यासी लोग ही उस सत् + चित्त् + आनन्द का दर्शन प्राप्त कर सकते हैं ।[2]

इस सम्बन्ध में महात्मा कबीर ने ठीक ही कहा है कि सुरति के निरति में समा जाने से फिर अजपा में ही जाप होने लगता है ।

---

1. सन्तमत में साधना का स्वरूप : डा0 प्रताप सिंह चौहान, पृ. 58.

2. सन्तमत का सरभंग सम्प्रदाय : डा0 धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री, पृ. 75.

बोध होता है तब सुरति जगती है । साधक स्वयं को परिपूर्ण या ब्रह्मस्वरूप पाता है उसी क्षण साधक के भीतर अहर्निश एक नाद गूंजने लगता है "अहम ब्रह्मडिस्म" । बिना कहीं गए मंजिल मिल जाती है ।[1]

अत: निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि सुरति शब्द योग की वह प्रक्रिया है जिसमें साधक बाह्य जगत् से चित्त वृत्तियों को समेट कर उन्हें अन्तर्मुखी कर लेता है । इसमें अपनी स्मृति का प्रकर्ष शब्द श्रवण में दिया जाता है अर्थात् मन की बहिर्मुखीवृत्ति आभ्यन्तर में होने वाले शब्द में नियोजित की जाती है ।

सन्त कबीर ने शब्द साधना की महत्ता को स्वीकार किया है-

साधो शब्द साधना कीजै ।
जेहि शब्द ते प्रगट भये सब, सोई गहि लीजै..... ।[2]

निरति के सम्बन्ध में संक्षेप में कहा जा सकता है कि निरति साधना की वह अवस्था है जिसमें सुरति या स्मृति बिना अभ्यास के निरन्तरता प्राप्त करती रहती है और शब्द के साथ इस प्रकार सहजता प्राप्त कर लेती है कि उसे निरालम्ब की स्थिति कहा जा सकता है ।

सुरत शब्द योग को सन्त गुरु रविदास जी ने भी इसी रूप में लिया है -

सुरत शब्द जउ एक हों, तउ पाइहिं परम आनन्द ।
"रविदास" अतरं दीपक जरइ, घट उपजई ब्रह्म आनन्द ।।[3]

---

1. गीता दर्शन-अध्याय : 18 : भगवान श्री रजनीश, पृ. 338.
2. कबीर साहब की शब्दावली, पृ. 4 शब्द-7, वेल वेडियर प्रेस प्रयाग ।
3. रविदास दर्शन : आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद, पद-77 पृ. 80.

या अमर वारुणी भी कहा गया है। इसका मूल स्रोत सहस्त्रकमल दल या सहस्त्रार है। खेचरी मुद्रा में अभ्यास द्वारा इसकी प्राप्ति होती है। जिससे शरीर अजर अमर हो जाता है।[26]

सोहं:
=====

"सोऽहम्" का अर्थ है "वही" {परब्रह्म} मैं हूँ"। सोऽहं जीव और ब्रह्म की अभिन्नता का प्रतिपादक है।

गुरू नानक देव ने सोऽहं जप के संबंध में अधिक तो नही कहा है। एकाध स्थल पर सोऽहं के प्रति अपने विचार व्यक्त किये हैं। वे वेदान्ती दृष्टिकोण के सर्वथा अनुकूल है। इनकी वाणी में सोऽहं संबंधि जो बातें मिलती हैं, उसके प्रति अपार निष्ठा परिलक्षित होती हैं-

सोहं आपु पछाणिऐ सबहि भेदि पतीआई ।।9।।।।

कहीं कहीं गुरू नानक देव ने सोऽहं जप का स्पष्ट निर्देश भी किया है-

नानक सोऽहं हंसा जपु जापहु त्रिभवण तिसै समाहि
{ मारू की वार, महला ।}

अर्थात् हे हंसा {जीवात्मा} सोऽहं का जप करो। उसी {जप} में त्रिभुवन समाए हैं।

गुरू नानक ने नाम स्मरण को बड़ा महत्व दिया है इनके अनुसार

---

26. नानक वाणी, मारू महला ।

सन्त कबीर ने भी ऐसी दशा का वर्णन किया है यथा-

मन मस्त हुआ तब क्यों बोलै।[75]

शनैः शनैः आराधक की यह दशा उसका जीवन ही बन जाती है। ऐसा होने पर वह स्मरण की तृतीय भूमिका में पदार्पण करता है, जहाँ अजपा जाप भी छूट जाता है और उसे अपनी श्वास-प्रश्वास के साथ एक अद्भुत नाद का आभास होने लगता है। सन्तों ने इस ध्वनि को अनाहत अथवा सोहं आदि शब्द के द्वारा व्यक्त किया है । तथा उसे स्वयं परम तत्व माना है - यथा-

"सोहं हंसा एक समान"

इसकी विस्तृत व्याख्या योग प्रकरण में की जायेगी।

इस प्रकार स्पष्ट है कि बावरी पंथ में किसी मंत्र विशेष को अनुप्राणित करके उसके द्वारा किसी ऐहिक कामना की सिद्धि अभीप्सित नहीं। इसी से इस पंथ में अन्य पन्थों के समान मंत्रों की किसी विशिष्ट परम्परा के दर्शन नहीं होते।

भीखा साहब ने एक स्थान पर स्वीकार किया है कि उनके कि उनके गुरु ने इ उन्हें केवल अजपा जाप का उपदेश दिया है:-

तू है जोगी जना ब्रह्म रूप लख जिय अपना[76]

मैं नाही निज साहब आपै कहु इक पेर परयो इतना[77]

---

75. सन्त वा0 सं0 भाग-2 पृ. 96
76.
77.

तुरसी के इन अवतरणों से स्पष्ट है कि गोस्वामी तुलसीदास के समान तुरसी भी कलियुग में रामनाम को `कामधेनु` समझते हैं इसीलिए वह साधना का सर्वश्रेष्ठ साधन है। उस नामस्मरण से ही समस्त पूजा विधानों का फलप्राप्त हो सकता है। तुलसीदास के समान संत तुरसी भी `राम` नाम के इन दो अक्षरों का महत्व प्रतिपादित करते हैं जिसमें वे `र` और `म` इन दो अक्षरों को ज्ञानानंद की वर्षा करने वाले बादल के रूप में चित्रित करते हैं -

`बादल बरसन लागे दोय।
ररौ ममौ उर माँहि उमगि कै, जल थल डारे धोय।।
उनै आई घटा ज्ञान की, दामिणि दमकत सोय।
प्रीति पवन चलि हरि जल बूठौ, अमृत धार समोय।।
तपन मिटी, तन मन भयो सीतल, सुरति सुधारस मोय।
नष सिष नगरी आनंद उपनौ, सुण बिलसै सब कोय।।
दुरमणि मिटि, सुरमणि उपजानौ, दुण दलिद्र गये षोय।
तुरसी आदि अंत अमैता, मंगल गावै लोय।।`[१]

इस प्रकार राम नाम के दो अक्षर ही वास्तव में काया-नगरी में ज्ञान की घटा उमड़ने और आनंद की वर्षा होने के कारण होते हैं। नाम के इन दो अक्षरों का महत्व तुलसीदास जी ने भी निरूपित किया है जो हमारा चिर-परिचित अंश है-

`एक छत्र एक मुकुटमनि, सब बरनन पर जोय।
तुलसी रघुबर नाम के, बरन बिराजत दोय।।`[२]

इस प्रकार नाम के इन अक्षरों का माहात्म्य निरूपित करने की कल्पना में भी तुलसीदास जी और संत तुरसी भावना की समान सतहों पर खड़े दिखाई देते हैं। यह कहने की आवश्यकता नहीं कि कल्पना के इस तादात्म्य में दोनों कवियों में पर्याप्त समानता है। अत: यह स्वत: सिद्ध है कि तुरसी का नाम

१- निरंजनी संप्रदाय और संत तुरसीदास निरंजनी : डा० भगीरथ मिश्र, पृ०६४।
२- रामचरितमानस, बालकाण्ड, दो सं०२०।

५०६

सुरति - शब्द-योग- साधना

सन्त बुला साहब ने सुरति-शब्दयोग की भी साधना का अभ्यास किया था। उनकी उक्त साधना की अनुभूति का भी आभास उनकी रचनाओं से मिलता है।[1] "इस शरीरमें दो आत्मा हैं, एक शुद्ध ब्रह्म हैऔर एक मन या माया के चक्कर में फँसी हुई जीवात्मा है। ब्रह्म शब्द रूप तथा जीवात्मा सुरति रूप है। शब्द रूप ब्रह्म की ध्वनि इस शरीर में ही स्थित नाना लोगों में भिन्न प्रकार से सुनाई देती है। ओम्, सोहं, तथा ररंकार इत्यादि शब्द पृथक-पृथक लोकों के प्रतीक हैं। शब्द तथा सुरति का एकीकरण या शब्द में सुरति का लय कर देना ही सुरति-शब्द-योग कहा जाता है। अभ्यास की प्रथम अवस्था में सुरति तथा शब्द एक दूसरे से पृथक रहते हैं परन्तु धीरे- धीरे दोनों का तदाकार हो जाता है या सुरति शब्द में लय हो जाती है"।[2] सुरति को त्रिकुटी तक ले जाना साधारण कार्य नहीं है। मन भागतारहता है इसलिये इसे एकाग्र करने में समय लगता है। वह धीरे- धीरे थकित होता है। इसलिये त्रिकुटी तक पहुँचने में साधक

---

१ शब्दसार, पृष्ठ ८ ,शब्द ४ ।

२ डा० राधाकृष्ण सिंह, सन्त पलटूदास और पलटू पन्थ,पृष्ठ ९९,-१०० ।

को पिपीलिका-गति से आगे बढ़ना पड़ता है। त्रिकुटी के बाद साधक तीव्र गति से आगे बढ़ता है क्योंकि वह माया के प्रभाव-क्षेत्र से बाहर हो जाता है। इसलिये इसे विहंगम गति कहते हैं। निम्नोक्त पंक्तियों में बुला साहब के सुरति-शब्द-योग की साधना का परिचय मिलता है। वे हिंडोला पर झूलते- झूलते उस गगन-तट पर पहुँच जाते हैं जहाँ श्वेत एवं आज्वल्यमान प्रकाश विद्यमान है। उस अप्रतिम प्रकाश में अपने को समाविष्ट करने की और वहाँ से प्रत्यावर्तित न होने की भी बात उन्होंने कही है। देखिये -

सतगुरु नावल अवर हिंडोलना।
हम धन झूलब सुघर हिंडोलना।।
झूलत झूलत गइलुं गगनहिं तटना।
तहवाँ साधन को अवरना।।
सेत सुहावन जगमग देखलना।
तहंवा प्रान हमार समौलना।।
जन बुल्ला गावल निगम हिंडोलना।।[1]

मन बैरागी हो , प्रभु गति लखहि न कोई ।।
है कुंभक पूरक घर रहना , रेचक संयम देई ।
त्राटक ताड़ी लगलि केवारी , राम नाम जपि लेई ।।[1]

यद्यपि हठयोग-साधना की भाँति 'सहज साधना' कष्टसाध्य नहीं है , इसमें ध्यान, धारणा , समाधि तथा ज्ञान-साधना की भी आवश्यकता नहीं है, तीर्थ, व्रत, नियम-पालन आदि की अनिवार्यता नहीं है , फिर भी सन्त बुला साहब के साहित्य का अनुशीलन करने पर यह बात मन में नहीं बैठती कि उन्होंने कबीरदास प्रवर्तित सहज-साधना को अपने सम-सामयिक निर्गुणोपासक सन्तों की भाँति महत्व प्रदान किया है । उनके साहित्य का बहुलांश उनकी साधना-पद्धति के विश्लेषण एवं स्पष्टीकरण में ही प्रणीत हुआ है । उनका साहित्य मुख्य रूप से इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना, कुंडलिनी-उत्थापन , अनहदनाद श्रवण तथा सुरति-निरति-योग की व्यंजना करता हुआ प्रतीत होता है ।

अजपा-जाप

बुला साहब ने अजपा-जाप की साधना पर बल दिया है । उन्होंने इस साधना के माध्यम से आत्म-स्वरूप को खोजने का संकेत किया है । उन्होंने साधकों को चेतावनी दी है कि आत्म-स्वरूप की खोज किये बिना उनको अभीष्टसिद्धि की उपलब्धि नहीं हो सकती है । देखिये -

बटोही खोजहु क्यों नहिं आप । सुमिरहु अजपा जाप ।।
बिनु खोजे कहुं राह न पैहो । कोटिन करहु विलाप ।।
निकटहि राम नाम अभिअंतर । जानहि जाहि मिलाप ।।
हाजिर हजूर त्रिवेनी संगम , झिलिमिलि नूर जो जाप ।।
जन बुल्ला महबूब नूर में , यारी पीर प्रताप ।।[2]

---

१ शब्दसार , पृष्ठ ३, शब्द ८ ।
२ वही , पृष्ठ ५, चेतावनी-१ ।

बुला साहब की रचनाओं से ध्वनित है कि उन्होंने स्वयं अजपा-जाप की साधना की थी, केवल उन्होंने उसका उपदेश ही नहीं दिया था । उन्होंने अपने अजपा-जाप के साधना-काल की अनुभूति को स्पष्ट शब्दों में अभिव्यक्त किया है ।

सामहिं उगवे सुर भोर ससि जागई ।
गंग जमुन के संगम अनहद बाजई ।।
अजपा जापहि जाप सोहं डारि लागई ।[1]
बुल्ला तामें पैठि जोति में गाजई ।।

सन्त पलटू साहब उसी को ज्ञानी कहना उचित समझते हैं जिसकी कमठ जैसी दृष्टि हो। कमठ सूखी जमीन पर अण्डा देता है, और स्वयं पानी में रहता है परन्तु वह ध्यान से ही अण्डा सेता है। जिस प्रकार पनिहारिन अपने सिर के ऊपर गागर रखती है, परन्तु उसका ध्यान घड़े पर ही होता है। उसी प्रकार ज्ञानी पुरूष भी इस संसार के जीवों में निवास करता है, परन्तु प्रत्येक क्षण उसका मन बह्म में ही लीन रहता है और उसकी दृष्टि उसी अरूप का रूप देखती रहती है। जिस प्रकार सर्प चरता रहता है परन्तु उसका ध्यान मणि पर केन्द्रित रहता है उसी प्रकार साधक अहर्निश ब्रह्म का अनुभव करता रहता है यद्यपि वह सांसारिक कार्यो में लीन रहता है। यह भी कहा जा सकता है कि वह सांसारिकता रूपी कीचड़ से जीवन सामग्री ग्रहण करता हुआ भी कमला की भॉति निर्लिप्त रहता है।[23]

कमठ दृष्टि सोई ज्ञानी अवधू बारम्बार बखानी।
अण्डा कमठ देता है सूखे आप रहत है पानी।
दृष्टि सेती अण्डा वह सेवै अण्डा में सुरति समानी।।
ज्यों पनिहारिन के सिर गागर, ऐसी चतुर सयानी।
चित वाको गागर मारग में मुख से बोलै बानी।।
चरै भुजंग दृष्टि है मणि पर सुरति रहे अरूझानी।
ऐसा ध्यान धरे जो कोई ताको कहिए ज्ञानी।।
सब में रहे सबन से न्यारा, ऐसी मति जिन ठानी।
पलटूदास करैवे सब कुछ सुरति रहे अलगानी।। [24]

सच्चे गुरू से प्राप्त ज्ञान द्वारा मनुष्य के अज्ञान का पर्दा हट जाता है तथा उस पारब्रह्म परमेश्वर के रूप की अनुभूति होती है जिसके लिए साधक का मन अहर्निश तड़पता रहता है। इस अद्वितीय अनुभूति के बाद मन के समस्त कल्मष धुल जाते हैं एवं सभी धोखे मिट जाते हैं। साधक की सहज समाधि लग जाती है एवं शक्ति से शिव का तादात्म्य होने लगता है। इससे हृदय महल में बिना तेल वाली एवं दीपक के आलोक फैल जाता है तथा भक्त दिन रात भजन में लीन होकर परम आनन्द की प्राप्ति करता रहता है।

परदा अन्दर का टरै देखि परै तब रूप।
देखि परै तब रूप मिटै सब मन का धोखा।
परै शब्द टकसार बहुत चोखे से धोखा।।
योगजीत जब होय भूमिका ज्ञान की पावै।
लागे सहज समाधी, शक्ति से शिव बनावै।।
महल करै उजियार तेल बिनु दीपक बाती।
परमानन्द आनन्द भजन में दिन औ राती।।

प्रेम युक्त हठयोग को इन्होंने हिंडोला के माध्यम से बहुत ही सजीव रूप में वर्णित किया है। इनके हिंडोले में सन्त और सुजान ही झूलते हैं। इसमें अर्द्ध और उर्द्ध दो खम्भे लगे हैं तथा सुरति की डोरी लगी हुयी है। पच्चीस सखियाँ मिलकर इस झूले को आकाश में झकोर–झकोर करके झूला रहीं है। इस झूले पर मन पैंग (परेंग) मार रहा है तथा अनहद नाद का आनन्द ले रहा है एवं अपने भव जाल से विरक्त हो रहा है।

अरे सखी झूलहि सन्त सुजान डोलना हो।
अर्द्ध उर्द्ध दोऊ खम्भवा हो लगी है है सुरति के डोरि।
सखिया पच्चीस मिलि झूलहि गगन झकोरी–झकोरी।
सुरति – निरति ले पोढ़ा मन मोरा मारै पैग।
प्रेम के किहेअ खटोलना सखी त्रिगुण खाहि दरेग।।
सुखमनि के घर भीतर हो अनहद नाद वजाय।।
लम्बिका सुर ले गावहि सखी शब्द रहाय–रहाय।।
वायु बहे पुरवइया हो, रिमझिम बरसे नीर।
पिया मोर हंसि–हंसि बोलहि सखी बानी महिर गम्भीर।।
सीस लिये एक नरियर हो गले पुहुप के माल।
पलटूदास वहाँ झूलहूँ सखी जारि जगत जंजाल।। [128]

सन्त पलटू साहब ने प्रेमयोग को ज्ञान और भक्ति के ऊपर माना है। क्योंकि प्रेम के अभाव में इन दोनों का अस्तित्व कमजोर पड़ जाता है। इसमें अधूरापन और त्रुटि नहीं रहती है। इस योग से ज्ञान का जन्म होता है और अज्ञान का नाश। प्रेम योग की साधना वियोग की साधना है। यह वियोग प्रारम्भ होती है और वियोग से ही पुष्ट होती है। इसमें मोक्ष या निर्वाण का का कोई महत्व नहीं रहता है। प्रेम का अनुभव

"वे साधु बिरले लखै, छाड आकार कूँ शब्द लागै।"[31]

इक्कीस हजार छः सौ (21,600) श्वासों में रात–दिन नाम में लवलीन रहने पर प्रकट होने वाले 'अनहद नाद' को सुनकर भवसागर से पार उतरा जा सकता है–

"सहंस इकीसौं छै सौ दम है, निश वासर तूं लै ला।
गरीबदास सुनि पार उतरि गये, अनहद नाद घुरैला।।"[32]

हंस प्रवृत्ति का व्यक्ति ही 'अनहद नाद' का अनुभव प्राप्त कर सकता है–

"सुरति निरति मन पवन पंखी, शब्द में रखि गोय।
नाद अनहद सुनत हंसा, ब्रह्मवारी बोय।।"[33]

सुंन शिखर–

आलोच्य कवि गरीबदास ने योग के अनुभव क्षेत्र में आने वाले मार्गों का भी खुलासा किया है। सुंनशिखर, भंवरगुफा, बंकनाल, मक्रतार, औघट घाट एवं भंवर आदि तत्वों की अपनी वाणी में जानकारी दी है। साधना के मार्ग में सात सुंन का जिक्र मिलता है, जो क्रमशः इस प्रकार है– सकल सुंन, महा सुंन, अभै सुंन, अलील सुंन, अजोख सुंन, सार सुंन एवं अन्तिम सत सुंन। आलोच्य कवि के सद्‌गुरु कबीर का मठ (स्थान) शीर्ष सुंन पर है, जहाँ कोई बिरला साधक ही पहुँच सकता है–

"सकल सुंन, महासुंन, अभै सुंन, अलील सुंन,
अजोख सुंन, सार सुंन, सत सुंन।।
गरीब, सत सुंन में सत है, और सुंन प्रकाश।
जहाँ कबीरा मठ रच्या, कोई पौंहचे बिरला दास।।"[34]

सुंन का ज्ञान वही प्राप्त कर सकेगा, जो–

"सर्वलोक की माया त्यागे। ममता टूटे गृह बैरागे।।
दीन दुनी से होइगा न्यारा। सोई पावैगा सुंन पसारा।।"[35]

ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश भी 'सत सुंन' का भेद न जान पाए–

"पदम जन्म जो ब्रह्मा धारे। तो सत सुंन नाहीं प्रकाशे।।
विष्णु नाम है सत सतेसा। सत सुंन से नाहीं भेटा।।
सतानवें बेर शिव शंकर धाया। सत सुंन का मरम न पाया।।"[36]

"शब्द साचा गहौ औधू, निश्चल नाम निशान।
चार दिन की चिहरबाजी, जे जांनैं तो जानि।।"[72]
"औधू श्वासा संगि शास्त्र निकसै, संख असंखौं भेला।
दूजा कौन पढ़ावै है रे, आपै गुरु आपै चेला।।"[73]

संतकवि ने योग—युक्ति के विषय में कहा है—

"सतगुरु शब्द सत्य कर मानों। घड़ी घड़ी की अवधि जानों।।
पलक पलक का छाना बीनां तिन नर योग युक्ति पद दीना।।
सांस उसांस मध्य है सोई। इसको चीनहे यो निर्मोही।।
शब्द डोरी जिन पकड़ी भाई। सार वस्तु तिनहुँ ने पाई।।
दास गरीब कहै समझाई। याका भेद प्रगट दिखलाई।।"[74]

अर्थात् गरीबदास जी की दृष्टि में योग की युक्ति का पद वही साधक प्राप्त कर सकता है, जो हर श्वास—प्रश्वास, प्रत्येक घड़ी सतगुरु के सतशब्द को उर में धारण किए रहे। वास्तव में उसे ही निर्मोही की संज्ञा भी दी है, जो शब्द की डोरी को पकड़े रहता हो अर्थात् अहर्निश नाम रटता रहे। ऐसे भक्त के हृदय में साधना का सम्पूर्ण भेद प्रगट हो जाता है। कुछ भी गुप्त नहीं रहता है। अतः शब्द की साधना ही योग—साधना है, क्योंकि आत्मतत्व एवं परम तत्व के योग का साधन एकमात्र शब्द ही है अर्थात् शब्द को सिद्ध करने वाला साधक ही पूर्ण योगी है।

सारांशतः हम यह कह सकते हैं कि संतकवि गरीबदास की वाणी में नाथों की क्लिष्ट काया अर्थात् हठयोग साधना एवं सिद्धों की अश्लील गुह्य महामुद्रा साधना का शास्त्रीय निरूपण नहीं मिलता, किन्तु इतना अवश्य कहा जा सकता है कि उन्हें उपर्युक्त साधना का पूर्णरूपेण ज्ञान था। उन्होंने योग के विभिन्न पक्षों को अपनी अनुभवगम्य वाणी के माध्यम से स्पष्ट किया है। सभी क्लिष्ट तत्वों को सहज भावों के साथ व्यक्त किया गया है, ताकि जनसाधारण को योग की विधि समझना सहज हो सके।

सुमिरन कला में ध्यातव्य बिन्दु यह है कि मन का तार नाम में अनवरत अखण्ड रूप से जुड़ा रहे, तभी वह वास्तविक सुमिरन कहा जा सकता है। संतकवि ने मंत्र सुमिरन की विधि का उल्लेख करते हुए बताया है–

"सत्गुरु ने माला दई, स्वास सुरति से पोय।
हाथ जीभ हालै नहीं, इस विधि सुमिरन होय।।"[122]

अतः सुमिरन का सम्बन्ध सुरति से है। इस विधि में शारीरिक यत्न नहीं आत्मिक श्रम की आवश्यकता है। अर्थात् अनात्मा (मन, माया, जग) को त्याग आत्मा में स्थित होने की चेष्टा प्रबल रहती है। यह तभी सम्भव है जब सुमिरन में अखण्डता रहे। जब साधक का रोम–रोम मंत्र का जाप करने लगे, तब इस अवस्था को सहज में ही प्राप्त किया जा सका है।

"सुमिरन तब ही जानिये, जब रोम रोम धुन होय।
कुंज कमल में बैठ कर, माला फेरै सोय।।"[123]

अतः उपर्युक्त सुमिरन की विधि में न तो स्थूल माला की आवश्यकता है और न ही किसी दैहिक प्रयास की। मंत्र का जप हर श्वास में सुरति द्वारा करना है। संतकवि के मत में चातक पक्षी के समान सुमिरन करना चाहिए –

"कोई गावै कोई रोवता, कोई ज्ञानी गुण सारा।
एक चुप चातक ज्यूं रटै, अजपा जाप उचारा।।"[124]

एक मात्र मानव देह में चिदानंद स्वरूप उसकी विदेह (सुरती) से सुमिरन चलता है। इसी संदर्भ में आलोच्य कवि ने स्पष्ट करते हुए कहा है –

"सुरति निरति से सुमिरन कीजै, सोहं चित्रशाला।।"[125]

सुमिरन की कला का उल्लेख जिस प्रकार संत कबीर एवं उनके शिष्य संतकवि गरीबदास के काव्य में मिलता है, वैसा अन्यत्र दुर्लभ है। इनकी वाणी में स्पष्ट कहा गया है कि मंत्र जाप तन, मन, कंठ, तालु, जिव्हा से नहीं अपितु निज चैतन्यस्वरूप सुरती से किया जाता है। सुमिरन की पराकाष्ठा एवं परमावस्था का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा है –

"सुरति लगै अरु मन लगै, लगै निरति तिस मांहि।
एक पलक वहां संचरै, कोटि पाप अघ जांहि।।"[126]

अर्थात् जब सुमिरन करते वक्त ध्यान में सुरति, निरति और मन स्थिर हो जाय और साधक शरीर एवं संसार को भूल जाय तो एक पलक की यह स्थिति युगों–युगों की बंदगी से भी बढ़कर है एवं मंत्र जाप की इस चरमावस्था पर एक पलक में साधक के करोड़ों पापकर्मों का नाश हो जाता है और साधक चौरासी लाख योनियों के भयंकर दुःख से मुक्त हो जाता है। संत कबीर ने भी साधना की इस अवस्था को निम्न दोहे के माध्यम से व्यक्त किया है–

"पांच पचीसौ नौ नहीं, चौदह तीन न चार।
दोय नहीं जहां ध्यान धर, सतगुरु महल भंडार।।"[169]

आलोच्य कवि ने नाम में लवलीन साधक को रावनपति राव एवं छत्रपति की उपाधि दी है –

"सब रावनपति राव है, जाके रूंम रूंम धुनि होय।
दम खाली नहीं नाम बिन, छत्रपति है सोय।।"[170]

सुरति का समागम कर ओर उसके द्वारा नाम में मन को एकाग्र करने वाला अनुरागी जिज्ञासु ही साहिब (परमात्मा) के महल में ल्यौलीन हो सकता है–

"सोहं हंसा हेरि ले, सुरति समागम कीन।
दास गरीब महल मिले, अनरागी ल्यौलीन।।"[171]

साधना में लवलीन मनुष्य का हृदय में प्रकट होने वाले अलौकिक अनुभव का घर अटपटा है, क्योंकि शब्द (नाम, गुप्त मंत्र) रूपी अथाह, विशाल महासागर में

विपरीत दिशा (उलटा चलना) की ओर चलने वाली मछली के सदृश मन को चलाना पड़ता है अर्थात् मन की वृत्तियों को संसार की ओर से उलट कर परमतत्व में विलीन करना है–

"अनभै का घर अटपटा, अष्ट कँवल दल चीन्ह।
शब्द महोदधि सिंधु में, उलटि चले ज्यूँ मीन।।"[172]

लवलीन रहने की अवस्था तभी संभव है जब सद्‌गुरु के प्रति पूर्ण शरणागति एवं समर्पण का भाव हो। इस स्थिति में ही साधक नाम एवं प्रेम रूपी अमल एवं मद का पान करता है–

"मैं अमली निज नाम का, मद खूब चवाया।
पिया पियाला प्रेम का, सिर साटै पाया।।"[173]

लय की स्थिति में साधक–साध्य का भाव न रहकर एकात्मकता का भाव स्थापित हो जाता है। आत्मा, आत्मा न रहकर परमात्मा स्वरूपी हो जाता है और रोम–रोम में नाम से निःसृत अमृत एवं उसकी ध्वनि से झंकृति की अनुभूति होती है।

अनहद शब्द के विवेचन से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि प्रायः सभी सन्तों ने अनाहद के सहज रूप पर ही बल दिया है, जिसमें मन का उल्लास, उमंग, प्रेम भक्ति, राग, नाद, बाज इत्यादि सब कुछ समाहित है दादू के शब्दों में यह ब्रह्मनन्द के सहज रूप का ही प्रतीक है, जिसमें आनन्दानुभूति का समावेश है :–

सबद अनाहद हम सुना, नख सिख सकल सरीर।
सब धटि हरि हरि होत है, सहजई ही मन धीर।। [58]

सन्त कवियों ने नाथों की भाँति अजपा का वर्णन किया है। इन कवियों ने शून्य में अजपा की चर्चा की है। [59]

''अजपा जपति सुनि अभि अंतरि, महुत्त जानै सोई''।।

16वीं शती के संत नानक''श्वास प्रश्वास'' के द्वारा सम्पन्न होने वाले अजपा का वर्णन प्रतीक रूप में करते हैं। [60]

''स्वांस–स्वांस प्रभु तुमहि धियावऊँ''

दादूदयाल ने भी अजपा का वर्णन किया है। [61]

''तह बिन कर बाजै बैन, जिम्मा हीणै गावणै''

धनी धरमदास प्रिय मिलन के लिए अजपा जाप पर बल देते हैं। [62]

''निरंजन'' शब्द का अर्थ अंजन रहित है अंजन माया है इसलिये निरंजन माया रहित अर्थात निर्गुण ब्रह्म का प्रतीक है। संतों का निरंजन माया रहित सार तत्व है। गुरू नानक निरंजन को माया से परे मानते हैं और उनका विश्वास है कि वह (निरंजन) न किसी के द्वारा बनाया जाता है और न ही स्थापित होता है वह तो स्वयं ही है :–

''व्यापिआ न जाइ कीता न होई।
आपै आपि निरंजन सोई।।'' [63]

यही नहीं दादूदयाल ने अपनी वानियों कि प्रत्येक ''साखी अंग'' की वंदना ''निरंजन'' शब्द से प्रारम्भ की है। इससे सहज ही यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि दादू निरंजन को परमपिता परमेश्वर का प्रतीक मानते थे–

जो कुछ करै सो सहज सुभाय, सहज–सहज हरि के गुण गाय।

दादू भी सहज राम की साधना को ''परमतत्व'' का प्रतीक मानते हैं [47]:–

सोई प्राण प्यंड पुनि सोई, सोही लोही मासा।
सोई नैन नासिका सोई, सहजै कीन्हीं तमासा।।[48]

इस प्रकार से सोलहवीं शताब्दी के सन्तों का सहज उनकी सहज समाधि और उनकी सहज राम की साधना, सहजशील, स्वभाव पर आश्रित है जिसके मिले जुले रूप में परमतत्व सहज का प्रतीक है।

''सहज समाधि'' सुरति तथा निरति के सम्मिलन के प्रादुर्भूत अवस्था विशेष अवस्था विशेष का नाम है, अर्थात सुरति के निरति में समाने पर ही ''सहज समाधि'' की अवस्था प्राप्त हो सकती है और अपने अन्दर ही प्रभु का साक्षात्कार हो सकता है इसी अवस्था का नाम सहज समाधि है। सुरति और निरति परिभाषिक प्रतीक हैं। आलोच्य संत साहित्य में सुरति का प्रयोग आत्मा या जीवात्मा के अर्थ में हुआ है दादू सुरति का प्रयोग इसी अर्थ में करते है :–

सुरति सदा सम्मुख रहै, जहाँ जहाँ लै लीन।
सहज रूप सुमिरन करें, निह कर्मी दादू दीन।। [49]

स्मरण शक्ति के अर्थ में दादू ने सुरति शब्द का प्रयोग इस प्रकार किया है :–

दादू हूँ बलिहारी सुरति की सबकी करै सम्हाल।
कीड़ी कुजंर पलक में करता है प्रतिपाल। [50]

श्रवण के अर्थ में दादू ने सुरति शब्द का प्रयोग इस प्रकार से किया है :–

सब घट श्रनवां सुरति सौ सब कर रसना वैन।। [51]

सुरति और मन की स्थिति शुद्ध चित्त रूप ही है। सुरति का अर्थ मन के अर्थ में भी किया जाता है। दादू ने सुरति का सहज रूप देखा है। [52]

(क) मनचित मनसा आतमा, सहज सुरति ता मांहि।
दादू पाँचौ पूरि लै, धरती अंबर नाहिं।।
(ख) निराकार मन सुरति सो, प्रेम प्रीति सौ सेव।

दादू नमो नमो निरंजन, नमस्कार गुरूदेवतः।
वंदन सर्व सावधा पुणामं पारगतः।। [64]

दादू का विचार था कि जीवित रूप में यदि मुक्ति प्राप्त हो सकती है तो केवल निरंजन की उपासना से ही :–

''निकट निरंजन लागि रहै,
तब हम जीवित मुक्त भए। [65]

दादू ने अंजन का संकेत किया है :–

निरंजन अंजन कीन्हारे, सब आत्म लीन्हा रे।
अंजन माया अंजन, काया अंजन छाया रे।। [66]

अस्तु अंजन निरंजन की छाया है, उसका प्रतिस्वरूप है, अंजन माया है, यही संतों को मान्य है सन्त बानियों में इसका प्रयोग सत् और असत् दोनों अर्थों में मिलता है। जहाँ सत् रूप में प्रयोग है। वहाँ वह परमात्मा का प्रतीक ही प्रतीत होता है।

अरध–उरध को सन्तों के साहित्य में प्रतीक रूप में प्रयुक्त किया गया है। अरध–उरध को गंगा जमुना का प्रतीक प्रायः सभी संतों ने स्वीकार किया है। [67]

(क) अरध उरध वि बागिया तहाँ सुरति लगावो।
(ख) अर्थ ऊर्ध के मध्य मे हो, अभी अरगजाकीच।।

इसी प्रकार खसम :–

नकि न थ खसम हथ किरतु थक्के दे।
जहाँ दाणे तहाँ खाणे नानक सचुहै।।[68]

इसी प्रकार भंवर गुफा :–

भंवर गुफा से उठत बुलबुला, सो अंजन पिय नैन लगावो।। [69]

इसी प्रकार बंक नाल :–

नौ लख जरत मसा, सीढी बंकनाल है। [70]

इसी प्रकार से उन्मनि :–

''जोगिया बैरागी बाबा, रहै अकेला उन्मनि लागा''। [71]

2. उपांशु :– जो केवल साधक को सुनाई दे।

3. मानस :– जो साधक को भी सुनाई न दे।

राघव भट्ट ने शारदा तिलक तंत्र में जप तीन प्रकार का बताया है :–

उच्च, उपंगशु तथा मानस।[92] इसमें उच्च और उपगंशु बाह्य क्रिया प्रधान हैं तथा मानस, आन्तरिक क्रिया से सम्बद्ध है।[93]

जिस जाप में किसी भी प्रकार की क्रिया न हो उसे ''अजपा'' कहते है। अजपा अपने आप चलते रहने वाला जाप है। संतों द्वारा प्रयुक्त अजपाजाप नाम–स्मरण की उस पद्धति का सूचक है, जिसमें बाह्य साधनों की सहायता के बिना ही जाप की क्रिया आपने आप से चलती रहती है।

सिद्ध ''एवं'' बीजाक्षर को ध्यान में रखकर साधना करते थे नाथों ने ''सोऽहम्'' शब्द को अपनाया हैं, हं और स– इन दोनों अक्षरों के योग से हंस– मंत्र की उत्पत्ति हुई और इसी को योग शास्त्र में हंस मंत्र, सोऽहम मंत्र, अजपा मंत्र और अजपा गायत्री कहा जाता है।[94]

गोरखबानी में पंचेन्द्रिय निग्रह, शून्य मे मन के धारण करने तथा अजपाजाप करने पर बल दिया गया है :–

''अजपा जपै सुंनि मन धरै। पाँचो इन्द्री निग्रह करै।
ब्रह्य अगनि में होये काया। तास महादेव बंदे पाया''। [95]

एक अन्य स्थान पर भी गोरखबानी में आया है :–

''ऐसा जाप जपौ मन लाई। सोहं सोहं अजपा गाई''। [96]

कबीर तो उसी को अजपा मानते हैं, जिसमें हाथ और जीभ कोई क्रिया नहीं करते और मन अचंचल होकर पंगु हो जाता है :–

अजपा सुमिरन होत है सुन मंडल अस्थान।
कर जिव्वा तहाँ न चले मन पंगु तहं आन।। [97]

संत तुलसी साहब ने शून्य महल में अजपा जाप के लिए कहा है :–

अवगत अगम अपार धानी सत । तामे सुरत बसावो रे ।
त्रिकुटी मध्ये निरत सुरत कर । सार शब्द तहां जोवो रे ।परभाती, छं०७ से१०

प्रत्याहार का चौथा साधन 'प्रणवजप' है । यह जप संख्या मे एक लाख बीस हजार होने पर ही प्रत्याहार की सिद्धि होती है । साधों ने अपनी साधना में जप को तो बहुत अधिक महत्व दिया है, किन्तु उसकी संख्या के उल्लेखीकरण के सम्बन्ध में सभी साध समान रूप से मौन हैं । उन्होंने प्रणव जाप के स्थान पर 'अजपाजाप' को ही विशेष महत्व दिया है । इस अजपाजाप का वर्णन हम जप शीर्षक के अन्तर्गत पीछे कर चुके हैं । इनके अतिरिक्त अन्य साधनों का उल्लेख स्पष्ट रूप से साधों की कृतियों में नहीं मिलता है । यह बात दूसरी है कि बहुत खोज करने पर एकआध उदाहरण मिल जाये, किन्तु सामान्य रूप से उनका अभाव है ।

प्रत्याहार की सिद्धि का पाँचवाँ साधन मनोवृत्ति को श्वासोच्छ्वास के लय स्थान पर स्थिर करना है । साधों का 'शब्दसुरति-योग' प्रत्याहार के इसी साधना पर आधारित है । श्वासोच्छ्वास के उद्भव का स्थान सहस्रार माना जाता है । इस सहस्रार में ही मनोवृत्ति को स्थिर करना पड़ता है । शब्द सुरति-योग में भी सुरति को सहस्रारस्थ शब्द में लीन करना पड़ता है । उस दशा में शब्द-सुरति योग को हम प्रत्याहार सिद्धि का एक साधन मानते हैं । बहुत से साधों ने सुरति को मनोवृत्ति के रूप में वर्णन किया है । साध अनरददास के शब्दों में-

ऐसी विषिया धार है काम करै उपचार ।
सुरत सुहंगम चढ़ चले चित मन करै विचार ।।साध अनरददास, ध्यानवाना, छं०१२

साध रूपनारायण "परमहंस कोई शब्द सनेही ऊपर सुरत चढ़ावो हो"[1] के द्वारा उपर्युक्त कथन का ही समर्थन करते हैं ।

१-परभाती, ३।१

कछु भरोसा ना करै करनी को अभिमान ।
मालिक को बिसरै नहीं रहै उसी को ध्यान ।।
उलटी बरते सबन से भेद न काहू देत ।
कोई न जानै दूसरा नाम इसे बिधा लेत ।।
शब्द कहै नहीं खोल के कोई जानत नाहिं ।
बैठे लेटे डोलते रहै उसी के ठाहिं ।। ध्यान सागर, छं०सं० २०३से२०४

साधों का भक्ति-मार्ग योग के सामंजस्य से पूर्णता को प्राप्त है । साधों की भक्ति कर्मोन्मुखी है । उनकी दृष्टि में सच्चीभक्ति वही है जो मनसा-वाचा कर्मणा की जाती है । साधा अनरददास कहते हैं-

तन मन खोज सुरत लौ लाई । स्वांसा सुमरन हृदय आई ।।
-ध्यानबानी, छं०सं० १२०
मन समझाया मारग लाया । निश दिन ध्यान ध्यान चित लाया ।।
वही-सं० १२४

भक्ति और प्रपत्ति-

'श्वेताश्वतरोपनिषद्' में प्रपत्ति-भावना का उल्लेख किया गया है ।[1] 'गीता' में भी भगवान् कृष्ण ने जीव को शरणागति द्वारा परित्राण का आश्वासन दिलाया है ।[2] कबीरदास आदि निर्गुण संत कवियों ने भी प्रभु की शरण को भक्त का आश्रय प्रतिपादित किया है ।[3] मध्यकालीन भक्ति में प्रपत्ति या शरणागति का सिद्धान्त बड़ा महत्वपूर्ण माना गया है । और भक्ति के प्रसंग में प्रपत्ति को निरन्तर उन्नीकित रखा गया है ।

साधों ने भी अपनी भक्ति-भावना के अन्तर्गत प्रपत्ति तत्व को स्थान दिया है और अपनी भक्ति में प्रपत्ति पर बहुत जोर दिया है । प्रपत्ति का शब्द अर्थ स्वीकरण

१-श्वेता० ६।१८
२-सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज ।
अहंत्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः ।। गीता, अध्याय, १८।६६
३-क०ग्रं० पृ०१२२

करने की क्रिया को पूरक, उदरस्थ वायु को यथा-
प्राणायाम के तीन अंग पूरक कुम्भक और रेचक हैं । वायु के नासिका द्वारा उदरस्थ/
शक्ति रोकने की प्रक्रिया कुम्भक कहलाती है तथा भरी हुयी अशुद्ध वायु को नासिका द्वारा शनैः शनैः बाहर निकालने की क्रिया को रेचक की संज्ञा दी जाती है ।[1] कुम्भक के आठ अंग माने गये हैं । उनके नाम क्रमशः सूर्यभेदन, उज्जायी, शीतकार, शीतली, भस्त्रिका, मूर्च्छा, भ्रामरी और प्लावना है ।[2] सन्त सुन्दरदास ने भी इन सबका उल्लेख किया है ।[3] संत कबीर ने प्राणायाम का वर्णन किया है ।[4] डा०रामकुमार वर्मा ने वायु-साधना से सम्बन्धित संत कबीर के कई सुन्दर उदाहरण उद्धृत किये हैं ।[5]

यह बात हम पहले कह चुके हैं कि साधु लोग शास्त्रीय पंडित नहीं हैं । अतः उनकी रचनाओं में प्राणायाम का शास्त्रीय विवेचन के अन्वेषकों को निश्चय ही निराश होना पड़ेगा । उन्होंने तो केवल मन व पवन साधन का उल्लेख कर प्राणायाम का संकेत मात्र किया है । साधु अमरदास जी कहते हैं-

मनपकड़े बिन सुरतन लागै । निश दिन मन ममता संग भागै ।
-ध्यानबानी, सं०१०२

सुखमन और पवन विचार के सुखमन रहै समाय ।
स्वासों सुमरन रच रहे अब गुर दरस दिखाय ।।वही, छं०२१२

साधु भवानीदासके शब्दों में —

बिन मन साधे जोग न पावै । चाहे जिसी व्याधि उपजावै ।
-नौ निधी, सं०१छं०२

1-दर्शनोपनिषद्, ६।१ व योगचिन्तामणि उपनिषद्-६५ से ६७
2-योगकुण्डल्युपनिषद् १।१८-२५, १।२६ व २८, १।३०-३१, १/३३व३८ तथा हठयोग
प्रदीपिका २।५३, २।६०, २।६७, २।६५ ।
3-डा०त्रिलोकीनारायण जी दीक्षित, 'सुन्दरदर्शन' पृ०३८
4-कबीर ग्र०पृ०१५७
5-कबीर का रहस्यवाद-१६३१, संस्करण पृ०

साधु मुग्नारायण पद्मासन के द्वारा पवन बन्धन की बात कहते हैं-

पदम आसन करो पवन बंधन करौ । शब्दझंकार त्रिकूटैमाही ।।रेखता८/२
निरत और सुरत मन पवन को बांधि ले । शब्द प्रकाश का अगम मेला ।।
-वही, १।५

अवगत अगम अपार धानी सत । तामे सुरत बसावों रे ।

त्रिकुटी मध्ये निरत सुख कर । सार शब्द तहां जोवो रे ।परभाती, छं०७ से१०

प्रत्याहार का चौथा साधन 'प्रणवजप' है । यहजप संख्या मे एक लाख बीस हजार होने पर ही प्रत्याहार की सिद्धि होती है । साधों ने अपनी साधना में जप को तो बहुत अधिक महत्व दियाहै, किन्तु उसकी संख्या के उल्लेखीकरण के सम्बन्ध में सभी साधु समान रूप से मौन हैं । उन्होंने प्रणव जाप के स्थान पर 'अजपाजाप' को ही विशेष महत्व दिया है । इस अजपाजाप का वर्णन हम जप शीर्षक के अन्तर्गत पीछे कर चुकेहैं । इनके अतिरिक्त अन्य साधनों का उल्लेख स्पष्ट रूप से साधों की कृतियों में नहीं मिलता है । यह बात दूसरी हैं कि बहुत खोज करने पर एकआध उदाहरण मिल जाये, किन्तु सामान्य रूप से उनका अभाव है ।

प्रत्याहार की सिद्धि का पाँचवाँ साधन मनोवृत्ति को श्वासोच्छ्वास के लय स्थान पर स्थिर करना है । साधों का 'शब्दसुरति-योग' प्रत्याहार के इसी साधना पर आधारित है । श्वासोच्छ्वास के ब्योद्भव का स्थान सहस्रार मानाजाता है । इस सहम्रारमें ही मनोवृत्ति को स्थिर करना पड़ता है । शब्द सुरति-योग में भी सुरति को सहम्रारस्थ शब्द में लीन करना पड़ताहै । उस दशा में शब्द-सुरति योग को हम प्रत्याहार सिद्धि का एक साधन मानते हैं । बहुत से साधों ने सुरति को मनोवृत्ति के रूप में वर्णन किया है । साधु अनरददास के शब्दों में-

ऐसी विधिया धार है काम करै उपचार ।

सुरत सुहंगम चढ़ चलै कित मन करै विचार ।।साधु अनरददास, ध्यानवानी, छं०१२

साधु भूपनारायण "परमहंस कोई शब्द सनेही ऊपर सुख चढ़ावो हो"[1] के द्वारा उपर्युक्त कथन का ही समर्थन करते हैं ।

1-परभाती, ११।

घट में सत को ब्रह्म निहारा । देह धारे का कारज सारा ।ध्यानबानी, छं०सं०१५१

शब्द की माया जिन ही जानी । जिनको घट में खोज पिछानी ।
घट खोजा जिन ही सुध पाई । बिन घट खोजा नहीं कमाई ।।
घट घट में बसे सदा अधिकारी । जिनको खोजो नर और नारी ।।
अधिक संत को खोजो नाहीं । तो बसत नहीं नौखंड के माही ।।
जिन साधा इस पिंड को खोजा ।जिनको त्रिम्ह आपना सूझा।।
वही, छं०सं० २१०-२१४

साधों की कृतियों में हमें वायु साधना के विविध स्वरूपों का दर्शन नहीं होता है । उन्होंने उसका शास्त्रीय निरूपण नहीं किया है, किन्तु फिर भी कतिपय साधों की रचनाओं में हमें उसके संकेत मिलते हैं । यहां पर कुछेक साधों की कृतियों से उद्धरण प्रस्तुत करेंगे । साध अमरददास कहते हैं-

सुखमन और पवन विचार के सुखमन रहे समाय ।
स्वांसा सुमरन रच रहे जब गुर दरस दिखाय ।।ध्यानबानी-छं०सं०२१२

साध मोतीलाल स्वांसा पकड़ कर नाम से सुरति लगाने की बात कहते हैं-

स्वांसा पकड़े नाम से सुरती रहे समाय । बैठे लेटे डोलते कभी बिसर नहीं जाय।
-ज्ञानसागर, छं०सं०१६२

साध भूपनारायण शर्मा पवन बंधान के विषय में कथन है-
पदम आसन करो पवन बंधान करो । शब्द झनकार त्रिम्हंड माही।।रेखता सं०५।२
निरत और सुरत पवन को बांधाले । शब्द प्रकाश का आगम भैला ।वही, ६।५

साधों की रचनाओं में हठयोग की नाड़ी-साधना का भी विस्तृत उल्लेख नहीं उपलब्ध है । न तो उन्होंने नाड़ियों की संख्या पर ही विचार किया है और न उनका शास्त्रीय विवेचन ही प्रस्तुत किया है । कतिपय साधों ने इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना की वर्णना संकेत रूप में की है । सद्गुरु उदादास जी साधों को उपदेश देते हुये कहते हैं कि 'यदि तुम पिंड के भीतर अविनाशी 'सत-अविगत' का दर्शन करना चाहते हो तो जगत् की चाल का परित्याग कर दो । इस पिंड के भीतर गंगा, मथुरा, काशी, चन्द्र और सूर्य हैं । सद्गुरु जी ने `हठयोग प्रदीपिका` के आधार पर इड़ा नाड़ी को गंगा तथा सूर्य से पिंगला को तथा चन्द्र और काशी से दोनों के मिलन का संकेत किया है-

देखा चाहे पिंड का ख्याल । चाले नहीं जगत की चाल ।।
पिंड भीतर गंगा मथुरा काशी ।पिंड भीतर चांद सूरज अविनाशी।।
-नौ निद्धी-छं०सं० २१ व २२

साधों की हठयोग साधना में हठयौगिक मुद्राओं का कहीं पर भी सिद्धान्त रूप में कथन नहीं किया गया है । हां, ध्यान और धारणा विषयक दो एक मुद्राओं का कतिपय साधों ने संकेत भर किया है । योग के ग्रन्थों में ध्यान सम्बन्धी अनेक

सुरति का स्वरूप और अर्थ वास्तव में अनिर्वचनीय है । वह आत्मा, प्राण, मन, बुद्धि, अहंकार, चित, जीव आदि सबसे विलक्षण होते हुये भी सब कुछ है । साधों का शब्द सुरति योग लय योग, मंत्रयोग और राजयोग का समन्वित रूप है । यहाँ पर

१- हिन्दी काव्य में निर्गुण सम्प्रदाय, पृ० ४१८ २- विद्यापीठ त्रैमासिक पत्रिका भाग २, १९६५
३- कल्याण के योगांक में सुरतियोग शीर्षक लेख- ४- 'कबीर' नया संस्करण, पृ० २२४
५- वही, ६- कबीर का रहस्यवाद, परिशिष्ट पृ० २५१, व कबीर साहित्य की परख,
७- उत्तरी भारत की संत परम्परा, पृ० २०४

साधों के शब्द सुरति योग की विचारणा हमारा अभिप्रेत है।

साध गरीबदास जी सुरति को शब्दात्मिका आत्मा का वाचक मानते हैं । उनका कथन है कि शब्दात्मक प्राण (जीव) को शब्दात्मक ब्रह्म (सत्त) में लीन करना चाहिये।

जो तुम सुरत सत्त सो लाओ । चौरासी में बहुरन न आओ । ब्रिम्हपरगास, छं० सं० १२

साध अमरददास सुरति शब्द को आत्मा का पर्यायवाची मानते हैं । वे कहते हैं- आद भक्ति जिन जानी भाई जिनको सुरत सत्त से लाई।। ध्यानवानी, छं० सं० ५८, शब्द पिछान सुरत लौ लाई। चारों जुग की संधा बताई।। वही, छं० सं० २८० । साध मोतीलाल ने भी सुरति शब्द को स्मृति अर्थ में प्रयुक्त किया है-

जिनकी सुरत नाम से लागी । ऐसा और नाहि बड़भागी।। ज्ञानसागर, छं० सं० १२

साध अमरददास जी ने सुरति को अन्तर्मुखी और निरति को बहिर्मुखी अर्थ में प्रयुक्त किया है । यहाँ सुरति शब्द रागात्मिका वृत्ति का वाचक है, क्योंकि सहज योग का प्राणभूत सिद्धान्त रागात्मिका वृत्ति को ही अन्तर्मुखी करके सहज ब्रह्म (सत- अविगत) में लीन करना है। निरति शब्द अरागात्मका (वैराग्य) वृत्ति का वाचक है । उनका कथन है-

सत्त से सुरत निरत मन राखो । सांचा वचन कुटमत मत भाखो।। वही, छं० सं० ८२

साधों के विविध प्रकार के लय योगों का यही संक्षिप्त ~~सं~~विवेचन है । यद्यपि लय- योगों में उन्हें पूरी आस्था थी, किन्तु अपनी स्वाभाविक प्रवृत्ति से प्रेरित होकर उन्होंने उसका भी सहजीकरण किया है । यह सहजीकरण प्रेम या भक्ति भाव के द्वारा किया गया है । यदि हम उनके लय- योगों को भाव- भक्ति से विशिष्ट कर दें तो वही सहज योग की संज्ञा धारण कर लेगा । आगे हम उनके इससहज योग पर थोड़ा विस्तार के साथ विचारणा करेंगे ।

सहज- योग-

ऊपर हम कह चुके हैं कि साधों की सामान्य प्रवृत्ति जटिलता से सहज की ओर अग्रसर रही है । योग क्षेत्र में उनकी इस वृत्ति का विकास बहुत स्पष्ट दिखलाई पड़ता है । उन्होंने हठयोग, लय- योग, मंत्रयोग आदि सबका सहजीकरण करके उनको सहजयोग में पर्यवसित करने की चेष्टा की है । साधों की इस सहज योग- साधना पर उनकी कृतियों में अच्छा प्रकाश पड़ता है । यहाँ पर उनकी सहज साधना का स्वरूप संकेतित कर देना अनुपयुक्त न होगा।

सहज- योग साधों का अपना सिद्धान्त पक्ष रहा है। वास्तव में उनका सहज योग, राजयोग और राजाधिराज योग का मिश्रित रूप है । साध कैसे भी साधना सहज होनी चाहिये। प्रतिदिन के जीवन के साथ चरम साधना का कोई विरोध न होना चाहिये ।

यौगिक क्रियाओं में अनुरक्त रहने वाला योगी कहलाता है। गीता
योगी ' शब्द का प्रयोग नौ अर्थों में हुआ है। स्वामी हरिदास जी ने योगी
की परिभाषा देते हुये कहा है कि:-

जोगी चाले ऐसै माइ, सुनि सहर की' भिष्या' षाइ ।
तन मन ' तौलि ' अकासा चढ़ै, सौ जोगी मरवै नहि डरै ।।
ना ग्रह करै न वन मै रहै, ' पांचू '' करम ' सहज ही दहै ।
जौ' गिरही' तौ चित्त उदार, वैरागी तौ मन कूं मार ।। १

इन पंक्तियों में योगी का बड़ा निर्मल एवं स्पृहणीय रूप वर्णित है
ऊपर कहा जा चुका है कि निरंजनी-कवियों ने योग (हठयोग) का
एवं विस्तृत वर्णन नही किया है। फिर भी उन्होंने योग की प्रक्रिया का व
स्थान-स्थान पर किया है। हरिदास ने एक पद में बहुत संक्षिप्त रूप में योग
साधना का वर्णन किया है। प्रस्तुत पद यहां पर उद्धृत किया जाता है:-

अवधू! बेलि आंषि उफांणी,
पैली आंषि सहज मैं षूली, याह सतगुर की सहनांणी ।
पाइक पांच पौलि मैं अटक्या, ग्यांन गुफा मैं आया ।
गिगन मंडल मैं आसण अवधू, धुनि मैं ध्यान लगाया ।
ऊंधा कंवल लुलटि करि सूधा, अनहद सबद उचारा ।
गंग जमन समि रवि ससि मेला, सहजि भया मतिवारा ।
गम मैं अगम अगम मैं गम है, मन फिरि मन ही समाना ।
जन हरीदास कछु कहत न आवै, अब हम भया दिवाना । २

इसी प्रकार सेवादास ने भी अपने ' गुरू मंत्र जोग ग्रन्थ ' में योग की
प्रक्रिया का वर्णन करते हुये कहा है:-

आपा गर्व गुमान अहंकारा, ए सब तजै भजै कर तारा ।
जोग मूल गहि तजै पसारा, तब जग तिरत न लगै बारा ।
सास उसासे नांव संभारे, गुरू गोविन्द हृदय मैं धारे ।
गुरू गोविंद की आज्ञा से ही, सास उसास संभाल सनेही ।
सास संभाल तोहि निकट बतावै, बाहरि भरम भूलि मति जावै ।
नामी नासाविच पन्थ गही जै, प्रेम पियाला भरि भरि पीजे ।
जब काल जाल लागै नहि कोई, हरिजन हरिभज निरभै होई ।

१- म०ह० की बा०--पृ० २२६।६-७   २- म० ह० की बा० -पृ० २१०,२११।५

मन अर पवन सुरति भई सामिल, त्रिवेणी तट फूले।
पॉचो भई पच्चीसो अस्थिर, विषय वासना भूले।
भगति हेत उपदेश दॉव देहि, कुरुक्षेत्र भई काया।
हरिदास हरि तीर्थ परस्या, बहुरि न पूठा आया।[19]

इनका कहना है कि भक्त जब हरि प्रेम मे विरह के ऑसू बहाते है तो वे गगा जल से पवित्र होते है, जिनमे स्नान करके भक्त शुद्ध हो जाता है। हृदय कमल का अमृत–स्रोत बहने लगता है, पलको से प्रेम के ऑसू झरने लगते है, जिनसे सारे पाप कर्म धुल जाते है। भक्त कर्म–फल से मुक्त हो जाता है। जब त्रिकुटी मे मन, पवन तथा सुरति की तारी लगती है तो स्थिरता आ जाती है। यह वाणी ही पवित्र कुरुक्षेत्र तीर्थ बन जाती है, उसे पुन ससार मे नही आना पडता।

सत जैतराम जीव और ब्रह्म के ऐक्य की चर्चा करते हुए स्वॉस की साधना की बात कहते है–

स्वॉस सभालो रैन दिन, जो तुझ मिलना पीव।
स्वॉस सभाले ब्रह्म है, बिना सभाले जीव।।[20]

इनका मानना है कि प्राणायाम साधने पर ही सुरति शब्द योग सिद्ध होता है। जीव और ब्रह्म के ऐक्य के लिए प्राणायाम साधना पर ये बल देते है। इसी से सुरति शब्द पर टिकती है।

इस प्रकार एक तथ्य यह भी सामने आया है कि सतो की 'सुरति शब्द योग' की साधना कही–कही योग की क्रियाओ का सहारा भी लेती है। सत राम रूप जी ने निम्नलिखित पद मे इस साधना का खुलासा किया है–

---

19 हरिदास बाणी, पृ॰ 93, पद–5

20 ग्रथ साहिब, श्री जैतराम जी की बाणी, पृ॰ 36, दोहा–1

यहाँ हम एक तथ्य प्रतिपादित करना चाहते है कि 'सुरत' शब्द योग की चर्चा केवल नितानद ही नही करते है बल्कि सभी सतो की साधना–पद्धति यही है। इससे एक बात तो निर्विवाद रूप से सामने आती है कि सत चाहे उत्तर का हो चाहे दक्षिण का, पूर्व का हो चाहे पश्चिम का, उसका साधना–पथ समान ही रहेगा। इसलिए जिस सुरत शब्द योग की चर्चा सत कवि नितानद जी करते है, वह केवल उन्ही की साधना पद्धति नही है, बल्कि उनके जैसे सभी सतो की साधना पद्धति भी यही है।

---

22 ग्रथ साहिब, श्री गरीबदास जी की बाणी, पृ॰ 806

इस साधना पद्धति को कभी सहज–साधना कहा गया तो कभी सुरत शब्द योग कहा गया तो कभी उलट वेद तो कभी उलटी चाल कहा गया है। मूलत यह मन प्राण और शब्द का मेला है। शब्द मूलत ब्रह्म है। इसी शब्द मे ब्रह्म, परमात्मा, परमपिता, पति, स्वामी, सखा सभी कुछ समाहित है। मन को और श्वास को उस शब्द से जोडना है जो शब्द उसे गुरु से मिला है। इसी ही को कही–कही नाम कहा गया है। अत मन को और प्राणवायु (श्वास) को शब्द से जोड देना ही सुरत शब्द योग है। जब प्रतिश्वास उस नाम से (राम से, पति से, परमात्मा से, सखा से) जुड जाता है तो साधक और साध्य एक हो जाता है। लेकिन इसमे इन्होने रूपधारी गुरु की आवश्यकता पर बल दिया है। वे मानते है कि गुरु ही अपने शिष्य के मन को शब्द से जोडता है। यहाँ ध्यान को प्रभु मे लगाना 'सुरति' है और ध्यान को ससार के प्रलोभनो से हटाना 'निरति' है। सुरति–निरति का मेला ही एक प्रकार से सहज–साधना है। इसमे सहज ही मन ससार से हटकर ईश्वर मे लगता है। धीरे–धीरे अभ्यास से यह क्रिया साँस–साँस से, उठते–बैठते, जागते–सोते, चलते–फिरते होती रहती है और साधक परमपिता परमात्मा के गुणो से सराबोर होता रहता है।

इस प्रकार नितानद जी की साधना–पद्धति अन्य सतो के समान ही 'सुरत शब्द योग' मानी जा सकती है। इसी के माध्यम से उनका परमात्मा से साक्षात्कार होना दर्शाया गया है। इस साधना के सकेत उन्होने अपनी वाणी मे दिए है, जिनका यथा–स्थान वर्णन करके हमने उनकी इस साधना–पद्धति को स्पष्ट करने का प्रयास किया है।

°°°°°°°°°°°°°°°°°°°°°°°

भक्ति सागर में चरणदास जी ने 'सोहम' और 'अजपा जाप' के रहस्य समझाते हुए कुछ और भी बेहद गहरी बातें कही हैं, जो साधक को आंतरिक यात्रा में मदद करती हैं:

१. प्राण और अपान वायु का संबंध

इस साधना में सांसों की गति का बहुत महत्व है। जब हम सांस भीतर खींचते हैं, तो **'सो'** की ध्वनि होती है, और जब सांस बाहर छोड़ते हैं, तो **'हं'** (हम) की ध्वनि होती है। यही स्वाभाविक प्रक्रिया मिलकर **'सोऽहं'** (वह ब्रह्म मैं हूँ) का अनवरत जाप बनती है, जो शरीर में हर समय बिना रुके चलता रहता है।

२. कुंडलिनी और चक्रों का जागरण

- **मन का लय होना:** चरणदास जी के अनुसार, जब साधक अपनी सुरति (चेतना) को इस अजपा जाप पर टिका देता है, तो चंचल मन धीरे-धीरे शांत होकर नाभि चक्र से उठकर हृदय और आज्ञा चक्र की ओर बढ़ने लगता है।
- **अनहद नाद की अनुभूति:** जैसे-जैसे 'सोहम' का ध्यान गहरा होता है, साधक को शरीर के भीतर एक दिव्य ध्वनि सुनाई देने लगती है, जिसे **'अनहद नाद'** (बिना किसी आघात के उत्पन्न होने वाली ध्वनि) कहा जाता है। यह नाद साधक को सीधे परमात्मा से जोड़ता है।

३. विकारों का नाश और परम शांति

इस निरंतर जाप से केवल आध्यात्मिक प्रगति ही नहीं होती, बल्कि

अभ्यास करते रहने से सफलता अवश्य मिलती है। संकल्प-विकल्प-रहित मन से बहुत दिनों तक निरन्तर जप करते रहने से "जप-सिद्ध" हो जाता है। फलस्वरूप कुंसकट तो मिटते ही हैं, साधक को अणिमादिक सिद्धियाँ भी मिलने लगती हैं।

जपहिं नामु जन आग्त भारी। मिटहिं कुंसकट होहिं सुखारी॥
साधक नाम जपहिं लय लाएँ। होहिं सिद्ध अणिमादिक पाएँ॥

—रामचरितमानस

एकाग्रपूर्वक जाप हो जाय, तो मनोविकार और दुर्विचार दूर हो जाते हैं। मानस -के बारे में संत दूलन दासजी महाराज ने बड़ा ही सुन्दर कहा है।

कोई विरला यहि विधि नाम कहै।
मंत्र अमोल नाम दुइ अच्छर, बिन रसना रट लागि रहै॥१॥
होठ न डोलै जीभ न बोलै, सूरति धरनि दृढ़ाइ गहै॥२॥
दिन औ रात रहै सुधि लागी, यहि माला यहि सुमिरन है॥३॥
जन दूलन सतगुरन बतायो, ताकी नाव पार निबहै॥४॥

वर्णित त्रिविध जापों के अतिरिक्त एक प्रकार का जप और होता है। इसक स्थान मानस-जप से निम्न; किन्तु उपांशु जप से उच्चा है। इसमें जप क्रिया को करते हुए श्वसन पर ध्यान रखना पड़ता है। श्वसन-ग्रहण में 'सो' और त्यागा में 'हं' की भावना करते हैं। इस प्रकार सोऽहम् का जप किया जाता है। संत सुन्दर दासजी महाराज कहते हैं—

श्वासोश्वास राति दिन सोहं सोहं होइ जाप, याहि माला निसि दिन दृढ़ कौ धरतु है।
देह परे इन्द्रिन परे अंतःकरण परे, एक ही अखण्ड जाप ताप कूं हरतु है॥
काठ की रूद्राक्ष की रु सूत हू की माला और, इनके फिराये कछु कारज सरतु है।
सुन्दर कहत एक आत्मा अखण्ड रूप, आपको भजन सो तो आपही करतु है॥

श्वसन-जाप के सम्बन्ध में एक अन्य महात्मा का कथन है—

"छिन-छिन पल-पल घड़ी-घड़ी नर, श्वासा से सुमिरो हरी-हरी।"

साधारणतया दिन-रात के चौबीस घंटो में इक्कीस हजार छह सौ श्वास निःसृता होतो हैं। बाबा गोरखनाथ जी के कथनानुसार यदि कोई प्रत्येक श्वास में जप क्रिया अक्षुण्ण रूप से करता रहे, तो उसकोा स्वतः अनहद नाद की अनुभूति हो जाएगी। यथा—

"छः सै सहस इकीसो जाप। अनहद उपजै आपै आप॥" आदि।

जप के विषय में संत दादू दयाल जी ने उदारता पूर्वक कहा है—

"दादू सिरजन हार के, केते नाम अनन्त।
चित भावै सो लीजिये, यों सुमिरै साधू संत॥"

मानस-ध्यान—मानस जप के बाद साधक को मानस-ध्यान करना चाहिए। अपने इष्ट का मनोमय रूप बनाकर उस रूप पर मन को टिकाकर मन-ही-मन ध्यान करने को मानस-ध्यान कहते हैं। उसकी यह महिमा है कि सद्‌गुरु का मानस-ध्यान ठीक-ठीक बनने पर कामना की पूर्ति और साधना में प्रगति होती है। गुरु नानकदेवजी महाराज कहते हैं—

"सतगुरु की मूरति हिरदै बसाए। जो ईछै सोई फलु पाए॥"

एकलव्य की कथा इसका बड़ा इच्छा उदाहरण है। एकलव्य द्रोणाचार्य के पास धनुर्विद्या की शिक्षा लेने गया था। आचार्य द्रोण उसे शिक्ष नहीं दी; किन्तु एकलव्य ने उन्हें गुरु मान लिया

अथवा

अपने अन्दर तो प्रकाश है ही, केवल देखने का यत्न करना हैं दृष्टि की दायीं धार और बायीं धार में रजोगुणी और तमोगुणी वृत्ति रहती है। रजोगुणी वृत्ति में चंचलता रहती है और तमोगुणी वृत्ति में मूढ़ता रहती है। इन दोनों से अपने को समेटकर बीच में रखने से सतोगुणी वृत्ति होगी तब प्रकाश मिलेगा, प्रभु पाने का पथ मिलेगा। एक महात्मा का कथन है–

बायें इड़ा नाड़ी दक्षिणे पिंगला, रजस्तमोगुणे करितेछे खेला।
मद्धे सत्त्वगुणे सुषुम्ना विमला, धर-धर तारे सादरे।।

जबतक सतोगुणी वृत्ति नहीं होगी, विन्दु नहीं झलकेगा, शून्य-ध्यान नहीं होगा, रास्ता नहीं मिलेगा। इसीलिए संत दादू दयाल जी महाराज ने कहा है–

सहज सुन्नि मन राखिये, इन दुन्यूँ के मंहि।
लय समाधि रस पीजिये, तहाँ काल भय नाहिं।।

और भी–

इंगला पिंगला सुखमन सोधो, बहत शिखर मुख धार।
सुरति निरति ले बैठ गगन पर, सहज उठै झनकार।।

–संत गुलाल साहब

इस दृष्टि-योग की साधना का उल्लेख श्रीमद्भागवत में भी है। उद्धव जी के पूछने पर भगवान् श्रीकृष्ण ने उनकों दृष्टियोग की विधि बतायी है।

सम आसन आसीनः समकायो यथासुखम्।
हस्तावुत्संग आधाय स्वनासाग्र कृतेक्षण।।

अर्थात् सुखपूर्वक सम आसन से शरीर को सीधाकर बैठे, हाथों को तर-ऊपर गोद में रखे और दृष्टि को नासिका के आगे स्थिर करे। पुनः श्रीमद्भागवद्गीता में श्रीकृष्ण भगवान भक्त अर्जुन से कहते हैं–

स्पर्शान्कृत्वा बहिर्वाह्यांश्चक्षुश्चैवान्तरं भ्रुवोः।
प्राणापानौ समौ कृत्वा नासाभ्यन्तर चारिणौ।।५।२७।।

अर्थात् बाहर के विषय भोगों को बाहर ही त्याग कर नेत्रों की दृष्टि को भृकुटि के बीच में स्थिर करके तथा नासिका में विचरने वाले प्राण और अपान वायु को सम करके ध्यानयोगी सदा मुक्त रहता है। पुनः कहते हैं–

समं काय शिरोग्रीवं धारयन्नचलं स्थिर।
संप्रेक्ष्य नासिकाग्रं स्व दिशश्चानवलोकयन्।।६।१३।।

धड़, गर्दन और सिर को एक सीध में अचल एवं स्थिर रखकर दिशाओं को नहीं देखते हुए दृष्टि को नासिकाग्र पर जमाएँ।

महात्मा धरनीदासजी ने नासिकाग्र-ध्यान और उसके फल को स्पष्ट करते हुए लिखा है–

धरनी निर्मल नासिका, निरखो नैन के कोर।
सहजे चन्दा ऊगिहैं, भवन होय उजियोर।।

संत कबीर साहब ने कहा है–

मुरशिद नैनों बीच नबी है।
स्याह सफेद तिलों बीच तारा अविगत अलख रबी है।।

का जो स्वरूप दिखाई देता है, वह भी हृदय की रागात्मक वृत्ति को ही दर्शाता है। योगात्मक भक्ति–साधना का उद्देश्य भी अपने ब्रह्म का अनुग्रह प्राप्त करके ब्रह्ममय ही हो जाना है। श्री बेनामी जी की भक्ति चाहे जिन भी पदों के माध्यम से अभिव्यक्त होती हो, उसकी परिणति ब्रह्म में एकाकार होने की ही रहती है। इसमें किसी काम को साधने की प्रवृत्ति कत्तई नहीं है। ये लिखते हैं:–

"सतगुरू सोवे सुन्य में, अनहदपुर के बीच।
सुरत निरत कर खोज ले, उलट पवन दृग मीच।।[56]

अतः योगात्मक साधना के पदों से भी इनकी निष्काम भक्ति के ही दर्शन होते हैं। सर्वप्रथम जीवात्मा अपना यह दृढ़ मत कर लेती है कि वह परमात्मा से भिन्न है ही नहीं। जब दोनों अद्वैत हैं, तो फिर माया की उपस्थिति के कारण जो द्वैतभाव है, उसे समाप्त हो जाना चाहिए। यही प्रेरणा इनकी भक्ति का मूल स्त्रोत है। 'आरती–अद्वैतज्ञान' में श्री बेनामी जी ने अद्वैत दर्शनाधारित भक्ति को ही प्रकट किया है:–

"शब्द ज्ञान अंजन दिया, नैना लिया सार।
ज्ञान अद्वैत प्रगट किया, गुरूचरण चित्त धार।।"[57]

अपनी प्रेमा शक्ति में इन्होंने ईश्वर को अजपा मानकर ही अपना जाप प्रारम्भ किया है। अपनी इस भक्ति के लिए उन्हें किसी बाह्य पदार्थ अथवा वस्तु की कोई आवश्यकता नहीं है. प्रभु से अगाध प्रेम की भावना जो है। इनका आने–जाने वाला प्रत्येक श्वास ही उस अजपा का जाप करता है। इनका प्रत्येक श्वास उस परमतत्त्व को समर्पित है। इनका कथन है:–

"स्वासां की कर सुमरनी, कर अजपा को जाप।
परमतत्त्व का ध्यान धर, सोहंग आपै आप।।"[58]

यह इनकी परा भक्ति की ही महिमा है कि इन्होंने अपने अज्ञात अनदेखे प्रीतम के ही साथ अपनी होली खेलना चाहते हैं:–

"होरी खेलन दैरी ननदिया"
जो तू कहेगी सोई मैं करूँगी, अनहद की धुन लैरी ननदिया।।

शब्द में ध्यानमग्न हो जाना शब्द सूरत योग की अवस्था मानी जाती है। शब्द सूरत योग साधना–पद्धति का अनिवार्य तत्त्व बनकर सामने आया है। शब्द सूरत की इस साधना में बेनामी जी ने 'ओम्' को भी पर्याप्त महत्त्व प्रदान किया है। यह ओमकार ब्रह्म का द्योतक एवं जीवात्मा की मुक्ति का साधन है। इन्होंने लिखा है:–

"जै तोको अब ब्राह्मण होना, सतगुरु ने यों फरमाई।
ऊँकार का सुमरण करले, प्राणायाम साधो भाई।।
तीन गुणन को करो इक्टठे, एक ऊँकार रहो भाई।
पाँच तत्त्व का बना पुतला, जामे ऊँकार है भाई।।"[24]

'शब्द' यदि ओमकार एवं ब्रह्म का पर्याय है, तो सूरति मनुष्य की चेतना का नाम है अर्थात् सहज भाव से ब्रह्म की साधना में लीन रहना ही शब्द सूरत योग है। पण्डित परशुराम चतुर्वेदी ने लिखा है –"सूरति हमारे जीव का वह निर्मल रूप है, जिसमें हमारे मूल सत्य का प्रतिबिम्ब बराबर झलकता है।"[25] डॉ. त्रिगुणायत के अनुसार, "वास्तव में सूरति को बहिर्मुखी आत्मा कह सकते हैं अन्तर्मुखी प्रवृत्ति नहीं। क्योंकि अपने शब्द सूरत योग में बहिर्मुखी आत्मा को शून्यरूपी शब्द में लीन करने का उपदेश दिया है। यदि सूरति का अर्थ अन्तर्मुखी वृत्ति होता तो वे अपनी साधना में सुरति को अन्तर्मुखी करने का आदेश नहीं देते।"[26] ईश्वर के प्रति निरंतर चेतना दृष्टि सुरति का स्वरूप धारण करती चली गई है। यह योग–साधना ईश्वर के साक्षात् पर ही सम्पन्न होती है। वे कहते हैं:–

"सुरति स्वास लगाय, मूल के बन्ध लगाय के।
दोनों नैंन मिलाय, सुरत शब्द भेलै करो।।
सहजे सुरत समाय, गुप्त ध्यान उर में धरो।"[27]

साधना की जिस पद्धति को बेनामी जी ने ग्रहण किया, वह हठयोग साधना का सहज रूप है। साधना मार्ग पर मनुष्य तभी चल पाता है जब उसका मन विषय–वासनाओं के मोह जाल को तोड़ सके। बेनामी जी एक पूर्ण योगी पुरुष थे। इन्होंने अपनी साधना को आगे बढ़ाने हेतु सांसारिक एंव विषयी जीवन का पूर्णतः परित्याग कर दिया। बेनामी जी भी साधना मार्ग पर तभी चल सके, जब उन्होंने विषयी

॥ शब्द ३ ॥

कोइ बिरला यहि बिधि नाम कहै ॥ टेक ॥
मंत्र अमोल नाम दुइ अच्छर, बिनु रसना रट लागि रहै ॥१॥
होठ न डोलै जीभ न बोलै, सूरत धरनि दिढ़ाइ गहै ॥२॥
दिन औ राति रहै सुधि लागी, यह माला यह सुमिरन है ॥३॥
जन दूलन सत गुरन बतायो, ताकी नाव पार निबहै ॥४॥

॥ शब्द ४ ॥

रहु मन नाम की डोरि सँभारे ।
धृग जीवन नर नाम भजन बिनु, सब गुन वृथा तुम्हारे ॥ १ ॥
पाँच पचीसो के मद माते, निस दिन साँझ सकारे ।
बंदी-छोर नाम सुमिरन बिनु, जन्म पदारथ हारे ॥ २ ॥
अजहुँ चेत करु हेत नाम तेँ, गज गनिका जिन्ह तारे ।
चाखि नाम रस मस्त मगन हूँ, बैठहु गगन दुवारे ॥ ३ ॥
यह कलि काल उपाइ अवर नहिँ, बनि है नाम पुकारे ।
जगजीवन साईं के चरनन, लागे दास दुलारे ॥ ४ ॥

॥ शब्द ५ ॥

यह नइया डगमगि नाम बिना । छाड़ ले सत्त नाम रटना ॥१॥
इत उत भौजल अगम घना । सहै जरूर पार तरना ॥२॥
मैं निगुनी गुन एको नाहीं । माँझ धार नहिँ कोउ अपना ॥३॥
दिहेउँ सीस सतगुरु चरना । नाम अधार है दुलन जना ॥४॥

॥ शब्द ६ ॥

रहु सोहँ राम नाम रट लाई ।
जाहि रटहु तुम नाम अच्छर दुइ, जौनी बिधि रटि जाई ॥१॥
राम नाम तुम रटहु निरंतर, खोजु न जतन उपाई
मानि परत मोहिँ भजन पंथ की,

नाम महिमा ।

दुलनदास जिन के हृदय, नाम बास जो आय ।
अष्ट सिद्धि नौ निद्धि बिचारी, ताहि छाड़ि कहँ जाय ॥१॥
गावै सूरत सुन्दरी, बैठी सत अस्थान ।
जन दूलन मन मोहिनी, नाम सुरंगी तान ॥ २ ॥
दूलन यहि जग जनमि कै, हर दम रटना नाम ।
केवल नाम सनेह बिनु, जन्म समूह[1] हराम ॥ ३ ॥
स्वास पलक माँ नाम भजु, वृथा स्वास जिनि खोउ ।
दूलन ऐसी स्वास से, आवन होउ न होउ ॥ ४ ॥
स्वास पलक माँ जातु है, पलकहिँ माँ फिरि आउ ।
दूलन ऐसी स्वास से, सुमिरि सुमिरि रट लाउ ॥ ५ ॥
डौंडी[2] बाजै नाम की, बरन भेष की नाहिँ ।
दूलनदास बिचारि अस, नाम रटहु मन माहिँ ॥ ६ ॥
रसना रटि जेहि लागिगे, चाखि भयो मस्तान ।
दूलन पायो परम पद, निरखि भयो निर्बान ॥ ७ ॥
पैठेउँ मन होइ मरजिया, ढूँढ़ेउँ दिल दरियाउ ।
दूलन नाम रतन्न काँ, भागन कोउ जन पाउ ॥ ८ ॥
सुनत चिकार पिपील की, ताहि रटहु मन माहिँ ।
दुलनदास बिस्वास भजु, साहिब बहिरा नाहिँ ॥ ९ ॥
चितवन नीची ऊँच मन, नामहिँ जिकिर लगाय ।
दूलन सूझै परम पद, अंधकार मिटि जाय ॥ १० ॥

(१) समस्त । (२) ढिंढोरा ।

साधा अमरददास के शब्दों में-

बिन सतगुर मन न लहै कोटिक करो उपाय ।

निश दिन मन भटकत फिरै और कछू न दांव ॥१

किन्तु जब साधक सद्गुरु की शिक्षा में मन लगाकर प्रत्येक श्वास पर 'सत-अविगत' का स्मरण करता हुआ मन की सुरति को उसी में लगा देता है, तब मन के करोड़ों विकार नष्ट हो जाते हैं-

गुरु कीसीख लगा मन लीना । स्वासा से सत सुमरन कीना ।२

सत सुमरन से सुरत समोवै । कोट विकार इस मन के खोवै ।।३

साधा करन जी 'रिज हिंज रोग कटा इस मन का तो ऐसी बताई गुरु बैदी'[4] के द्वारा गुरु वैद्य से मन के विकार रूपी रोग के नष्ट होने की बात कह कर मन से परित्राण पाने का ही प्रतिपादन करते हैं । साधा अमरददास भी 'सहज भाव से करो अँदेशा । मन से मारो भरम अँदेसा ।।'[5] के द्वारा मन से भ्रम और संदेह को मारने की बात कहकर मन से परित्राण पाने का ही उपाय निर्दिष्ट करते हैं । साधा मोतीलाल मन को विषय-वासनाओं से हटाकर उज्ज्वल करने से मोक्षोपलब्धि की बात कहकर मन से परित्राण पाने का उपाय बतलाते हैं-

जिन मन को उज्जलकीना । जब मुक्त पदारथ लीना ।।६

साधा तेजराम 'सत शब्द का पिरा मसकला भाई मैल कटा इस मन का ।'[7] के द्वारा सत अविगत की भक्ति से मन के विकार रूपी मैल के कटने की बात कहकर मन से परित्राण पाने के उपाय का प्रतिपादन करते हैं ।

उपर्युक्त पंक्तियों में साधों की मन सम्बन्धी धारणा प्रतिपादित की गयी है । इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि उनका मन-वर्णन उपनिषद्, गीता, एवं निर्गुण काव्य से बड़ा साम्य रखता है । वस्तुतः साधों का मन-वर्णन परम्परा गत मन-वर्णन के अनुकूल ही है ।

१-ध्यान बानी-छं० सं० २२७

२-वही, २२८

३-वही, २३०

४-निरबानग्यान, सं० बानी ६११

५-ध्यान बानी, छं० सं० २०६

६-'ग्यानसागर', छं० सं० ३४८

७-निरबान ग्यान, बानी सं० ५७।६

भक्ति के पोषक साधनों में साधों ने नाम, जप और स्मरण की भी चर्चा की है। नारद-भक्ति-सूत्र में इन्हें विशेष महत्व दिया गया है। सुमिरन, भक्ति और धर्म का सार है। सुमिरन के अन्तर्गत `अजपा जाप` भी है। प्रत्येक श्वास के आवागमन में साध्य के साथ अद्वैत भावना करना ही `अजपाजाप` है। अजपाजाप करते-करते साधक स्वयं साध्य स्वरूप हो जाता है।

1- ज्ञान सागर, छं०सं० 104-105

यद्यपि भक्तों ने अनन्त के नाम असंख्य बताये हैं, किन्तु साधों ने सबसे बढ़कर सुमिरन के लिये `सत अविगत` को ही माना है और इसे ही स्वीकारा है। उन्होंने सबके लिये यही उपदेश दिया है कि `सत नाम` का सदैव स्मरण करो। 'निरबानज्ञान' में साधों ने इसका बड़ा सुन्दर वर्णन प्रस्तुत किया है।

परन्तु अन्य कई सम्प्रदायों के विपरीत साध लोग नाम स्मरण का अर्थ कोई बाहरी साधना नहीं समझते और न इसे किन्हीं पवित्र शब्दों की भाँति मंत्रवत दुहराने को ही सब कुछ मानते हैं। ऐसे मांत्रिक दुहराने के प्रति उन्हें बड़ी घृणा है। वे तो हृदय में ही नाम स्मरण की बात कहते हैं-

कोई साध हिरदे नाम धारे।

ऋधि नौनिध कहा आपरी तरवत तार फिरे॥1

साध मोतीलाल ने नाम-स्मरण की विधि बड़े सुन्दर तथा सहज ढंग से बतलाई है। वे इस संदर्भ में कहते हैं कि 'रात-दिन नाम के साथ स्वांस निकालना चाहिये तथा शब्द और सुरति दोनों को समान रूप में रखकर स्वांस के साथ नाम के रस (आनन्द) का आस्वादन करना चाहिये

काढ़े स्वांस नाम के संगा। रैन दिवस यह लागे रंगा॥

शब्द सुरत दोउ सम कर राखो। स्वांसा पकड़ नाम रस चाखो॥2

नाम सुमिरन तीन प्रकार का होता है 1- जाप जो कि बाह्य क्रिया होती है (2) अजपाजाप 3- अनाहत जिसके द्वारा साधक अपनी आत्मा के गूढ़तम अंश में प्रवेश करता है, जहाँ पर अपने आपकी पहिचान के सहारे वह सभी स्थितियों को पार कर अन्त में कारणातीत हो जाता है। उपर्युक्त उद्धरणों में इसके पर्याप्त उदाहरण देखे जा सकते हैं।

उपर्युक्त विवेचन से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि नाम सुमिरन जिसे हम मंत्र-योग भी कह सकते हैं; सुरति शब्द योग का ही एक दूसरा रूप है और इस प्रकार वह सारे योगों का भी योग है। भक्ति-योग, राज-योग/मंत्र-योग कर्म-योग, लय-योग, हठ-योग एवं ज्ञानयोग भी उसी के विविध रूपान्तर कहे जा सकते हैं। सभी के आधारभूत सिद्धान्त इसके भीतर आ जाते हैं। अपनी प्रारम्भिक दशा में यह मंत्रयोग है जो राजयोग द्वारा अनुप्राणित रहा करता है और अपनी अन्तिम दशा में यही ध्यान योग है जिसमें उस निर्विकार के वास्तविक स्वरूप की अनुभूति प्राप्त होती है। इसके लिये उस निरपेक्ष परमात्मा की सत्ता में अपनी सत्ता का भान करना पड़ता है।

1- निरबानज्ञान में बानी सं० 47 2- ज्ञानसागर, छं०सं० 150

कहैं कबीर सुनो हो धर्मनि, छाँड़ो खल के आसा।
अमृत भोजन हंसा पावे, बैठि पुरुष के पासा॥ ५

॥ शब्द २॥

केहि बिधि प्रीतम पाइये, गुरु राह बतावो॥ टेक॥
अरध उरध बिच बागिया, तहँ सुरति लगावो।
अष्ट कँवल दल पाँखुरी, उन को बिहसावो[१]॥ १॥
इँगला पिँगला दोइ है, त्रिकुटी मन लावो।
आपन रैयत बसि करो, बैठे अदल चलावो॥ २॥
छज्जा ऊपर बैठि कै, फिर संख बजावो।
सुखमनि हीरा सोधि कै, बाहर चढ़ि आवो॥ ३॥
कहैं कबीर धर्मदास से, पद गहु निरबाना।
मनुष जनम दुर्लभ अहै, तन तपन बुझावो॥ ४॥

॥ शब्द ३॥

चेतो हंसा चेतो कोई, अगम सँदेसा लाये हो।
हम हैं हजूरी अविगति ब्रह्म के, हंस उबारन आये हो॥ १॥
सही छाप सूरति मुख बानी, जंग में आनि सुनाये हो।
जीव दुखित देखा संसारा, तेहि कारन पठवाये हो॥ २॥
आवागवन में सब जिव अरुझे, इस्थिर घर नहिं पाये हो।
आदि अंत इस्थिर लखावन को, समरथ मोहिं पठाये हो॥ ३॥
अंडज खानी माया बनाई, पिंडज ब्रह्मा सिरजी हो।
उष्मज खानि बिष्नु जो कीन्ही, अस्थावर सिव साजी हो॥ ४॥
ये बटमार भये या जिव के, सबै राखि भरमाई हो।
चेतन अंस पुरुष की भाई, चारो माहिँ भुआई हो॥ ५॥

---

(१) खिलावो।

॥ शब्द ११ ॥

सब्द सिँहासन पाट मेँ, तुम हंसा बैठो जाई हो ॥ टेक ।
कौन नाम मुक्तामनी हो, कौन नाम वे हंस ।
कौन नाम वे पुरुष हैँ हो, कौन नाम वे अंस ॥ १
अपर नाम मुक्तामनी हो, अग्र नाम वे हंस ।
ज्ञान नाम वे पुरुष हैँ हो, सुरति नाम वे अंस ॥ २

(१) एक लिपि में "अपार" की जगह "पुरान" है ।

मूल दीप निज दीप है हो, तुमहिँ सुनो हम पाँह ।
बैठि हंस उबारिये हो, सोहंगम के बाँह ॥ ३ ॥
जम्बू दीप के हंसा भाई, पाँजी बैठो आय ।
कहैँ कबीर धर्मदास से, तुम लावो बाँह चढ़ाय ॥ ४ ॥

॥ शब्द १२ ॥

बुढ़िया ने काता सूत, जोलहवा ने बीना हो ।
दरजी ने टुक टुक कीन्ह, दरद नहिँ जाना हो ॥ १ ॥
भेड़ी चरावत बाघ, मूस रखवारा हो ।
मेँगुची[1] ने बाँधा ताल, सिंह के टाटा हो ॥ २ ॥
गोड़िया[2] पसारा जाल, ऊँट एक बाझा हो ।
दुलहिनि के सिर मौर, बिलारी साजा हो ॥ ३ ॥
भाँड़ा गढ़त कोँहार, मास दस लागा हो ।
छिनहिँ मेँ जात बिलाइ, बिलँब नहिँ लागा हो ॥ ४ ॥
यह मंगल सतलोक, हंस जन गावहिँ हो ।
कहैँ कबीर धर्मदास, अमर पद पावहिँ हो ॥ ५ ॥

॥ शब्द १३ ॥

मैं ब्योपारी नाम का, हाटे चल भाई ॥ टेक ॥

जस कुम्हरा के चाक घुमै, वैसे नर घूमै ।
इँगल पिँगल के मद्ध मेँ, जिन पवन चलाई ॥ १ ॥
बिन रसना रटना करै, नहिँ जीभ डोलाई ।
कसि के बाँधो कामदेव, तब अलख लखाई ॥ २ ॥
पूरब दिस को जाइ कै, खिरकी खोलवावो ।
तिरबेनी के घाट पर, हंसा नहवावो ॥ ३ ॥

(१) मेँढकी । (२) कहार, धीमर ।

॥ शब्द ३ ॥

सतगुरु सनमुख बैठि के, मंगल गाइये।
मन बच क्रम करि ध्यान, चरन चित लाइये ॥१॥
मंगल एक अनूप, संत जन गाइये।
उपजत आतम ज्ञान, प्रेम पद पाइये ॥२॥
चंदन अँगना लिपाइ के, चौक पुराइये।
मोतियन थार भराइ के, कलस धराइये ॥३॥
सतगुरु विप्र बोलाइ के, लगन सोधाइये।
हीरा हंस बिठाइ के, नाम सुनाइये ॥४॥
जो कल भगुति बिबेक, प्रेम पद पाइये।
सजन सहित परिवार, तो लोक सिधाइये ॥५॥
मेटे कर्म के अंक, जाहि गुरु ज्ञान भै।
तजो पखँड अभिमान, तो दुरमति दूरि कै[1] ॥६॥
यह मंगल सतलोक, हंस जन गावहीँ।
कहैं कबीर धर्मदास, अमर पद पावहीँ ॥७॥

॥ शब्द ४ ॥

चलो सोहंगम नारि, प्रीत पिय से करी।
झूठा है संसार, तो तामस परिहरी ॥१॥
दिना चारि को रंग, संग नहिँ जाइया।
यह तो रंग पतंग, नहीँ ठहराइया ॥२॥
पाँच चोर बड़ जोर, कुसँगि एते घने।
इन ठगियन के संग, मुसै घर निसु दिने ॥३॥
जग सोवत दिन रैन, मुसै घर आइ कै।
आपु भये कोतवाल, भली बिधि लूटिये ॥४॥

(१) किया।

॥ शब्द १६ ॥

मेहीँ मेहीँ बुकवा पिसावो, तो पिय के लगावो हो ।
सुरति सोहंगम नारि, तो दुरमति छाँड़ो हो ॥ १ ॥
घटहि में मानसरोवर, घाट बँधावो हो ।
घटहि में पाँच कहार, दूलह नहवावहिँ हो ॥ २ ॥
घटहि में नेह नउनिया, तो चरन पखारहिँ हो ।
प्रेम प्रीत के ललना, तो पलना झुलावहिँ हो ॥ ३ ॥
घटहि में दया के दरजी, तो दरज मिलावहिँ हो ।
पाँच तत्त के जामा, दुलह पहिरावहिँ हो ॥ ४ ॥
घटहि में लोह लोहार, तो कँगना डावहिँ[१] हो ।
तीन गुनन के सेहरा, दुलह पहिरावहिँ हो ॥ ५ ॥
घटहि में चंदन चौक, तो चौक पुरावहिँ हो ।
सत्त सुकृत को कलसा, तहाँ धरावहिँ हो ॥ ६ ॥
घटहि में मन सत माली, तो मौर ले आवहि हो ।
घटहि में जुगति के जौहरि, जोत पहिरावहि हो ॥ ७ ॥
घटहि सोहंगम नारि, तो पिय को रिझावहि हो ।
बार बार गुरु झगरि, तो अरज सुनावहि हो ॥ ८ ॥
यह मंगल सतलोक, हंस जन गावहि हो ।
कहैँ कबीर धर्मदास, बहुरि नहिँ आवहि हो ॥ ९ ॥

॥ शब्द १७ ॥

सतगुरु सगुन धरावो मोरे बाबा,
हम भइँ ब्याहन जोग हो ।
तन मन सबै प्रेम रस माते,
हँसै नैहर के लोग हो ॥ १ ॥

---

(१) डाहना=धात को गला कर गढ़ना ।

॥ बारहमासा ॥

धर सत्य पुरुष का ध्यान, तुम्हारो पूरन है आसा ॥ टेक
पिरथम मास असाढ़ जो लागे, सोधो काया को।
बाहर दृष्ट कहाँ सों आया, भीतर छाया को ॥
पंच का नगर बसाया को।
नख सिख से रचि नैन नासिका, इसे बनाया को ॥
उसी का खोज करो बाला ॥ १ ॥
सावन सार नाम निज जपि ले, यह जप अपने से।
कर नहिं हले न डोलै जिभ्या, सोहं जपने से ॥
काल नहिं ब्यापै सुषमनि से।
इँगल पिँगल के मारग की, तुम डोर गहो मन से।
नाम सोहंग जपो स्वाँसा ॥ २ ॥
भादों भर्म मेटि सतगुरु की सेवा कछु करना।
गगन गुफा के मारग को, तुम धीरज से चढ़ना ॥
केवाड़े द्वादस हैं लागे।
बैकुंठ पुरी में दसम द्वार है, तहाँ जोति जागे ॥
वहाँ नहिं लगै काल फाँसा ॥ ३ ॥
क्वार सुमति बृजराज, कोई जन अंतर ध्यान धरै।
नाभि कँवल में सुरति लगावै, आतम नजर परै ॥
झलक्कै दसम दुवारे में।
अगम अगोचर पुर्ष अविनाशी, सुन्न अटारी में ॥
वहाँ नहिं लगै भूख प्यासा ॥ ४ ॥
कातिक षष्ट कँवल दल भीतर, अगम जोति दरसै।
चमकै बिजुली मेघ जो गरजै, अमृत जल बरसै ॥

बिना दल बादल झनकारा।
उलटि पवन के नीचे होई, बहै अमृत धारा ॥
वहाँ नहिं लागै भौ फाँसा ॥ ५ ॥
अगहन आसा लगी हमारी, गगन गुफा माहीं।
बज्र केवारे लगे द्वार में, सहज खुलैं नाहीं ॥
जहाँ कछु हिकमत का काजा।
उलटि पवन के ठोकर मारो, खोलो दरवाजा ॥
तिन्हां का छूटै जम त्रासा ॥ ६ ॥

दरस कोइ साधू जन पावै ।
षट चक्कर के खोल केवारा, ऊपर चढ़ि जावै ॥
तहाँ है जगर मगर हंसा ॥ १०
बैसाख बात कोइ मोरी मानि ले, सब से छोट रहना ।
भला बुरा मत कहो केहू को, भला बुरा सहना ॥
भला तुम छाँड़ि बड़ाई को ।
तामस खीस मत करो जगत में, यह भाव संतन को ॥
बनो तुम दासन के दासा ॥ ११
जेठ जागती जोति की महिमा, परखो संत सुजान ।
अजपा जाप जपो सोहंगम, पावो पद निरबान ॥
सब्द धुन पाँचो लौ लावो ।
गुरु कबीर किरपा तें धर्मन, गुन बारह मास गावो ॥
जिन्हों का ज्ञान नगर बासा ॥ १२ ॥

॥ बसंत और होली ॥

॥ बसंत ॥

प्यारे कंत से मिलि खेलौ बिमल बसंत ।
खोलो अँधेरी कोठरी, मन बैठौ महल एकंत ॥ टेक
गगन मँदिल दीपक धरो हो, भवन करौ उँजियार ।
छैल छबीले कब मिलिहैं, मोर जीवन प्रान अधार ॥ १
गंगा जमुना सरसुती हो, चंद सूर के बीच ।
अर्ध ऊर्ध के मध्य में हो, अमी अरगजा कीच ॥ २
बिन पग नटवा निरत करत हैं, बिन कर बाजे ताल ।
बिना नयन छबि देखनी हो, बिन सरवन झनकार ॥ ३

का संझा का प्रात सबेरा,
जहँ देखूँ जहँ साहेब मेरा ॥ २ ॥
अर्ध उर्ध बिच लगन लगी है,
साहेब घट में कीन्हा डेरा ॥ ३ ॥
साहेब कबीर एक माला दीन्हा,
धरमदास घट ही बिच फेरा ॥ ४ ॥

॥ शब्द ७ ॥

साहेब मोरे दीन्ही चोलिया नई ॥ टेक ॥
तीन पाँच मोरि चोलिया के घुंडी,
लागो कुमति सुमतिया की पाती ॥ १ ॥
यह चोलिया मोरे ससुरे से आई,
चोलिया पहिरि धनि भई अलमाती ॥ २ ॥
सुनहु हो मोरी पार परोसिन,
यह चोलिया बिरला जन जानी ॥ ३ ॥
पहिले बियाह मोर भयो सतगुरु से,
चोलिया के बँद मोरे सतगुरु खोली ॥ ४ ॥
धरमदास बिनवै कर जोरी,
बिसरि गई नइहरवा की बोली ॥ ५ ॥

॥ शब्द ८ ॥

साहेब मोरे पठई चोली अनमोल ॥ टेक ॥
यह चोलिया मोरे ससुरे से आई,
चोलिया पहिरि हम भई अतोल ॥ १ ॥
यह चोलिया में सहस बँद लागे,
चोलिया के बँद मोरे सतगुरु खोल ॥ २ ॥

ओदा सुलफ करो बहु भाँति,
जा तें साहु न डंडे ।
कहैं दरिया सुन बोधो बनिये
कबहुँ न करो पखंडे ।

(५)

कोइ संत बिबेकी सब्द बिचारा, प्रेम पिवे सो प्यारा ॥
अर्ध उर्ध के मद्धे मानिक, करै दृष्टि उँजियारा ।
बंक नाल नाभो के कहिये, भँवर गुफा के राह सुठारा ॥१॥
खेचरि भूचरि सजे अगोचरि, उनमुनि मुद्रा धारा ।
सरिता सोनि मिले इक संगम, सूभर भरि भरि सारा ॥२॥
अनहद ताल पखाउज किन्नर*, सोभा सुमति बिचारा ।
झिनझिन जंतर निस दिन बाजे, जम जालिम पचिहारा ॥३॥
सोवत जागत ऊठत बैठत, टुक बिहोन नहिं तारा ।
कहैं दरिया कोइ संत बिबेकी, निरभै लोक सिधारा ॥४॥

(६)

जन कोइ आनँद मंगल गावै ॥ टेक ॥
थिरकत† फिरै भवन के भीतर, पदुम पदारथ पावै ।
मैन मजीठ‡ मैल सब छूटा, घटा चमक घन छावै ॥१॥
रोमरोम जाके पद परगासित, बिहरि बिहँसि मिलि जावै
भूमि वीरानी भर्म न राखै, पग नाहीं अटकावै§ ॥२॥
बीज बोवै नहिं पेड़ पुरातम, फल फुल सबहिं मिटावै
तुरिया तत्त उड़ा बिनु ताजन‖, इहि बिधि सर्क बतावै॥३॥

* इन्द्र की सभा के गवैये। † नाचता। ‡ गहिरा लाल रंग जो कभी छूटता नहीं
§ यह संसार ऊसर ज़मीन के समान है इस में भम बस कोई पाँव न अटकावै
‖ कोड़ा।

मिला डगर चढ़ा बिनु डोरी, डगमग कबहुँ न आवै।
पियतहिँ मुक्त भया मुक्ताहल, मनि दृग अंजन लावै ॥४॥
पिया प्रेम हुआ मस्त दिवाना, गूँगा सैन बतावै।
कहैं दरिया घन धन वे सतगुरु, बहुरि न भौजल आवै ॥५॥

(७)

संतो एहू अमर घर जैये।
तन मन वारि चढ़ो सर जा से, सोइ फल अमृत पैये ॥१॥
काम क्रोध मद लोभ तिरिस्ना, यह सब मेलि लड़ैये।
नारी पुरुष स्वाद बिसरावो, सतगुरु सब्द समैये ॥२॥
बंक नाल उलटि अजपा के, गगन गुफा घर छैये।
अर्ध उर्ध औ सोहं सूरति, दिब्य दृष्टि गहि लैये ॥३॥
सेत घटा घन मोती झरि हैं, निरमल जोति समैये।
पूरन ब्रह्म पुनीत उदित भौ, बहुरि न भवजल ऐये ॥४॥
तहँ सुखराज बिलास पुहुप पर, अमृत चाखन पैये।
कहैं दरिया दाया सतगुरु के, पास पुरुष के रहिये ॥५॥

(८)

तुम मेरो साईं मैं तोर दास, चरन कँवल चित मेरो पास ॥१॥
पल पल सुमिरौं नाम सुबास, जीवन जग में देखो दास ॥२॥
जल में कुमुदिनि चन्द अकास, छाइ रहा छबि पुहुप बिलास३
उनमुनि गगन भया परगास, कहैं दरिया मेटा जम त्रास॥४

(९)

तुम सब ऐगुन मेटनिहारा।
जा के हाथ जगत की डोरी, गुन गहि खैंचो पारा ॥१॥
पूत कपूत पिता कहँ लज्जा, जो मैं भूलि बिगारा।
जैसे मनि मन्दिर के भीतर, निसि बासर उजियारा ॥२॥

तुम जिन्दा हौ जाग्रत जग में, बेबहा⊙ बेकिमती।
खाक से पाक किये छन माहीं, यही हमारी बिनती ॥३॥
सहज जोग अमृत रस चाखै, परै कबहिँ नहिँ सूखा।
अनवा चीज दिजै भरिपूरी, आलम रहे न भूखा ॥ ४ ॥
नखसिख लै तुम सुंदर बनाया, और भुजा बल नीका।
अदल तुम्हारा ज्ञान हमारा, दूजा कहै सो फीका ॥५॥
बचन तुम्हारा अजर अमर है, हाल हजूरे सूना।
कहैं दरिया दाया के सागर, गनिये पाप न पूना ॥६॥

(१०)

मन बुध चित हंकार के, सुरत सिरोमन जान ।
ब्रह्म सरोवर सुरत के, दरिया संत प्रमान ॥८॥
मन बुध चित हंकार यह, रहैं सुरत के माहिं ।
सुरत मिली जाय ब्रह्म में, जहँ कोइ दूजा नाहिं ॥९॥
मन मेरू* से बावड़े,†, त्रिकुटी लग ओंकार ।
जन दरिया इनके परे, ररंकार निरधार ॥१०॥
दरिया त्रिकुटी हद्द लग, कोइ पहुंचे संत सयान ।
आगे अनहद ब्रह्म है, निराधार निरबान ॥११॥
दरिया त्रिकुटी के परे, अनहद ब्रह्म अलेख ।
जहाँ सुरत गैली‡ भई, अनुभव पद को देख ॥१२॥
रतन अमोलक परख कर, रहा जौहरी थाक ।
दरिया तहँ कीमत नहीं, उनमुन भया अबाक§॥१३।
इड़ा पिंगला सुषमना, त्रिकुटी संधि मँझार ।
दरिया पूरन ब्रह्म के, यह भी उल्ली वार ॥१४॥
सुरत उलट आठों पहर, करत ब्रह्म आराध ।
दरिया तबही देखिये, लागी सुन्न समाध ॥१५॥
सुरत ब्रह्म का ध्यान धर, जाय ब्रह्म में पर्स ।
जन दरिया जहँ एकसा, दिवस एक सौ वर्स ॥१६॥
ररंकार धुन हौद में, गरक‖ भया कोइ दास ।
जन दरिया व्यापै नहीं, नींद भूख और प्यास ॥१७॥

---

*पहाड़ । †लौट आवे । ‡हैरान । §चुप । ‖डूब जाना ।

पाप पुन्न सुख दुःख की, अरट* भरत है साख ।
जन दरिया रह राम लग, वहँ सबही को राख† ॥३१॥
जीव बिलंब्या‡ जीव से, कारज सरै न कोय ।
जन दरिया सतगुर मिलै, तो ब्रह्म बिलंबन§ होय ॥३२॥
जीव बिलंबन झूठ है, मिल मिल बिछुड़े जाय ।
ब्रह्म बिलंबन साँच है, रह उर माँहि समाय ॥३३॥
सकल आदि सब के परे, है अबिनासी राम ।
उपजै बर्तै बिनसजै‖, माया रूपी काम ॥३४॥
दरिया दस दरवाज में, ता बिच पढ़त निमाज ।
रहै समो इक रटत है, और सकल बेकाज ॥३५॥
दरिया खेती नीपजी, सिरोपान गया सूख ।
हरियाली मिट कन भया, भीतर भागी भूख ॥३६॥
रवि ससि चालै पूर्व दिस, पच्छिम कहै सब लोय ।
दरिया यह गत साध की, लखै सो बिर्ला कोय ॥३७॥
समुंद खार गंगा गदल, जल गुनवंता सीत ।
रवी तेज ससि छिद्रता, दरिया संताँ रीत ॥३८॥
दरिया दीपक राम का, गगन मंडल में जोय ।
तीन लोक चौदह भवन, सहज उजाला होय ॥३९॥
दरिया राजस दूर कर, ररंकार लौ लाय ।
राम छाँड़ राजस गहै, भौ भौ पर ले जाय ॥४०॥

---

*रहट । †ठहराव । ‡फँस गया । §मेला । ‖नाश हो ।

दरिया अमल* है आसुरी, पिये होय सैतान ।
राम रसायन जो पिये, सदा छाक† गलतान ॥ ६१ ॥
नारी आवै प्रीत कर, सतगुर परसै आन ।
दरिया हित उपदेस दे, माय बहिन धी जान ॥ ६२ ॥
नारी जननी जगत की, पाल पोस दे पोष ।
मूरख राम बिसार कर, ताहि लगावै दोष ॥ ६३ ॥
ररा तौ रब आप है, ममा मोहम्मद जान ।
दोय हरफ में माइना‡, सबही बेद पुरान ॥ ६४ ॥
ररंकार अनहद्द की, दरिया परख अवाज ।
और इष्ट पहुंचै नहीं, जहाँ राम का राज ॥ ६५ ॥
सिव ब्रह्मा और बिस्नु का, येही उरे मँडान ।
जन दरिया इन के परे, निरंजन का नीसान ॥ ६६ ॥
दरिया देही गुरमुखी, अबिनासी की हाट ।
सनमुख होय सौदा करै, सहजहि खुलै कपाट ॥ ६७ ॥
अरँड आक अरु बाँस तरु, होता चंदन संग ।
गाँठ गँठीला थोथरा, पलटा नाहीं अंग ॥ ६८ ॥
उभय करम बंधन करै, नाम करै भय हान ।
दरिया ऐसे दास के, बरतै खैंचा तान ॥ ६९ ॥
दरिया दुखिया जब लगी, पछा पछी बेकाम ।
सुखिया जबही होयगा, राज निकंटा राम ॥ ७० ॥

---

*नशा । †मस्त । ‡अर्थ ।

जहँ जल बिन कँवला बहु अनंत ।
जहँ बपु* बिन भौंरा गोह† करंत ॥ १ ॥
अनहद बानी अगम खेल ।
जहँ दीपक जरै बिन बाती तेल ॥ २ ॥
जहँ अनहद सब्द है करत घोर ।
बिन मुख बोलै चात्रिक मोर ॥ ३ ॥
बिन रसना गुन उदत नार ।
पाँव बिन पातर‡ निरतकार ॥ ४ ॥
जहँ जल बिन सरवर भरा पूर ।
जहँ अनंत जोत बिन चन्द सूर ॥ ५ ॥
बारह मास जहँ ऋतु बसंत ।
ध्यान धरैं जहँ अनंत संत ॥ ६ ॥
त्रिकुटी सुखमन चुवत छीर ।
बिन बादल बरखै मुक्ति नीर ॥ ७ ॥
अमृत धारा चलै सीर§ ।
कोइ पीवै बिरला संत धीर ॥ ८ ॥
ररंकार धुन अरूप एक ।
सुरत गही उनही की टेक ॥ ९ ॥
जन दरिया बैराट चूर ।
जहँ बिरला पहुंचै संत सूर ॥ १० ॥

* शरीर । † गुंजार । ‡ बेश्या । § ठंडी ।

साधो राम अनूपम बानी।
पूरा मिला तो वह पद पाया, मिट गइ खैंचा तानी ॥टेक॥
मूल चाँप दृढ़ आसन बैठा, ध्यान धनी से लाया।
उलटा नाद कँवल के मारग, गगना माहिं समाया ॥१॥

गुरु के सब्द की कूंची सेती, अनंत कोठरी खोली।
ध्रू लोक पर कलस बिराजै, ररंकार धुन बोली ॥२॥
जहँ बसत अगाध अगम सुख सागर, देख सुरत बौराई।
बस्तु घनी पर बरतन ओछा, उलट अपूठी आई ॥३॥
सुरत सब्द मिल परचा हूआ, मेरु मद्ध का पाया।
ता में पैस गगन में आया, वहँ जाय अलख लखाया ॥४॥
जहँ पग बिन पातर कर बिन बाजा,
बिन मुख गावैं नारी।
बिन बादल जहँ मेंह बरसै है, ढुमक ढुमक सुख क्यारी ५
जन दरियाव प्रेम गुन गाया, वहँ मेरा अरट चलाया।
मेरु डंड होय नाल चली है, गगन बाग जहँ पाया ६

* * *

साधो ऐसी खेती करई, जासे काल अकाल न मरई ॥टेक
रसना का हल बैल मन पवना, बिरह भोम तहँ बाई।
राम नाम का बीजा बोया, मेरे सतगुर कला सिखाई १
ऊगा बीज भया कुछ मोटा, हिरदा में डहडाया*।
किया निदान† भरम सब खोया,
जहँ प्रेम नीर बरखाया ॥ २ ॥
नाभी माहिं भया कुछ दीरघ, पोटा सा दरसाना।
अर्ध कँवल में सिरा निकासा, गगन नाद गरजाना ॥३॥

---

* लहलहाया। † निराव।

केवल ब्रह्म सकल घट ब्यापक, घाटि कहूँ नहिं पूरा।
आतम राम भर्म के बसि परि, यह आचरज जहूरा ॥४॥
जोग जग्य तप दान नेम करि, चाहत राम को भेंटा।
जल पत्थर करि हरि आराधहिं, बाँझ खेलावहिं बेटा ॥५॥
देवता पितर भूत गन पूजहिं, धरे सो तन बिकरारी।
जोति सरूप न आपा चीन्हत, महा सो अधम अनारी ॥६॥
भीखा स्वारथ खेत बोवायो, बीज पुन्न अरु पाप।
जो अघाय सो भोग करत है, करता करम को बाप ॥७॥

॥ शब्द ९ ॥

या जग में रहना दिन चारी। ता तें हरि चरनन चित वारी ॥१॥
सिर पर काल सदा सर[1] साधे। अवसर परे तुरतहीं मारी ॥२॥
भीखा केवल नाम भजे बिनु। प्रापति कष्ट नरक भारी ॥३॥

॥ शब्द १० ॥

मन तुम राम न भजहु सबेरो।
पहर दुपहर तीसरे पहरे, होइ होइ जात अबेरो ॥ १ ॥
आगहु खड़े होहु जीवत माँ, सो केवल हित तेरो।
भ्रम घूँघट पट खोलि बिचारो, सहजहिं मेटि अँधेरो ॥ २ ॥
सतगुरु नैन सैन के परिचै, होत न लागत देरो।
अचरज महा अलौकिक रचना, देखत निकटहिं नेरो ॥ ३ ॥
सहज समाधि के चाह करहु तब, आपा परे निबेरो।
खोज खोज कोउ अंत न पायो, सुर नर मुनि बहुतेरो ॥ ४ ॥
तुरिया सब्द उठत अभि[2] अंतर, सोहं सोहं टेरो।
पूरब लिखो अछर अनमूरति, आपुहिं चित्र चितेरो ॥ ५ ॥
सब जहाँ लगि रूप तुम्हारा, जल थल बन गिरि हेरो।
कह भीखा इक धन्य तुही है, पटतर[3] द्यो केहि केरो ॥ ६ ॥

॥ शब्द ११ ॥

जो कोउ राम नाम चित धरै।

(१) बान। (२) घट। (३) उपमा।

॥ शब्द १३ ॥

हे मन राम नाम चित धौबे[1] ।
काहे इत उत धाइ मरतु है। अवसिक भजन राम के कौबे[2] ॥१॥
गुरु परताप साध की संगति, नाम पदारथ रुचि से खौबे ।
हरदम सोहं सब्द उठतु है, बिनल बिमल धुनि गौबे ॥२॥
सुरति निरति अंतर लौ लावै, अनहद नाद गगन घर जौबे ।
रमता राम सकल घट ब्यापक, नाम अनंत एक ठहरौबे ॥३॥
तहाँ गये जग सों जर[3] टूटे, तीनि ताग गुन औगुन नौ[4] बे ।
जनम अस्थान खानपुर बुहना[5] , सेवत चरन भिखानंद चौबे ॥४॥

॥ शब्द १४ ॥

सजनी कौल के सोच मोहिं, लगो रहत दिन रजनी ॥टेक॥
इन पाँचो परपंच चलायो, पाप पुन्न की लदनी ।
आयो नफा लेन दियो टूटो[6] , मरत बहुत तेहि लजनी[7] ॥१॥
हरिजन हरि चरचा नित बाँटहिं, ज्ञान ध्यान की ददनी[8] ।
मनुवाँ इमिल धुमिल[9] में अरुझेव, छूटलि नाम महजनी[10] ॥२॥
जगन्नाथ जग बिदित सकल घट, ब्रह्म सरूप बिरजनी[11] ।
खासा आपे आपु न परखत, बिषे बिसाहत[12] ममनी[13] ॥३॥
अंदर की प्रभु सब जानत धौं, काह मौज मेरी बमनी[14] ।
कोर[15] तनिक जेहिं ओर कृपा कियो, भीखा भाग तेहि जगनी ॥४॥

॥ शब्द १५ ॥

मन तुम लागहु सुद्ध सरूपे ॥टेक॥
तन मन धन न्यौछावरि वारो बेगि तजो भव कूपे ॥ १ ॥
सतगुरु कृपा तहाँ लै लावो जहाँ छाँह नहिं धूपे ॥ २ ॥

---

(१) धर। (२) कर। (३) जड़। (४) तोन गुनों का तागा अर्थात् सत, रज, तम, और नौ औगुन अर्थात पाँच भूत काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहङ्कार और चार विषय अर्थात् आसा, मनसा, ईर्षा, विरोध। (५) आज़मगढ़ के जिले में एक गाँव का नाम जहाँ भीखा साहब पैदा हुए थे। (६) घाटा। (७) लाज। (८) पेशगी दाम। (९) मलीन ब्यौहार। (१०) महाजनी। (११) बिराजमान। (१२) मोल लेता है। (१३) ममता। (१४) टेढ़ी। (१५) तिरछी चितवन।

नियरे भुरकुड़ा ग्राम[१] जाके सब्द आपे है तहाँ ॥६॥
चोप लागी बहुत जाय के चरन पर सिर नाइया।
पूछेउ कहा कहि दियो आदर सहित मोहिं बैसाइया ॥१०॥
गुरु भाव बूझि मगन भयो मानो जन्म को फल पाइया।
लखि प्रीति दरद दयाल दरवे[२] आपनो अपनाइया ॥११॥
आतमा निज रूप साँचो कहत हम करि कसम कै।
भीखा आपे आपु घट घट बोलता सोहमस्मिकै[३] ॥१२॥

॥ शब्द २ ॥

मनुवाँ सब्द सुनत सुख पावै ॥ टेक ॥
जेहिं बिधि धुधुकत नाद अनाहद तेहिं बिधि सुरत लगावै ॥१॥
बानी बिमल उठत निसु बासर नेक बिलंब न लावै ॥२॥
पूरा आप करहि पर कारज नरक तें जीव बचावै ॥३॥
नाम प्रताप सबन के ऊपर बिछुरो ताहि मिलावै ॥४॥
कह भीखा बलि बलि सतगुरु की यह उपकार कहावै ॥५॥

॥ शब्द ३ ॥

मनुवाँ नाम भजत सुख लीया ॥ टेक ॥
जन्म जन्म के उरझनि पुरझनि समुझत करकत हीया।
यह तो माया फाँस कठिन है का धन सुत बित[४] तीया[५] ॥१॥
सत्त सब्द तन सागर माहीं रतन अमोलक पीया।
आपा तजे धसै सो पावै ले निकसै मरजीया[६] ॥२॥
सुरति निरति लौलीन भयो जब दृष्टि रूप मिलि थीया[७]।
ज्ञान उदित कल्पद्रुम को तरु[८] जुक्ति जमावो बीया ॥३॥
सतगुरु भये दयाल ततच्छिन[९] करना या सो कीया।
कहै भीखा परकासी कहिये घर अरु बाहर दीया[१०] ॥४

---

(१) नाम एक गाँव का जहाँ गोविन्द साहब का स्थान था जिन से भीखा साहब उपदेश लिया। (२) प्रसन्न हुए। (३) सोहं अस्मि = वह मैं हूँ। (४) धन। (५) स्त्री। (६) समुद्र में डुबकी लगा कर मोती निकालने वाला। (७) थिर हुआ। (८) पेड़ (९) तुर्त। (१०) चिराग।

चाँद सूर एक सम सुरति मिलाय दम,
इँगल पिंगल रँग सुखमन माट है।
पूरब पवन जोग पच्छिम की राह होय,
गंग जमुन संगम तहँ त्रिकुटी को घाट है।
प्रान औ अपान असमान ही में थिर होवे,
भीखा सब्द ब्रह्म को अकास सुन्न हाट[१] है॥

(८)

भूलो हाट ब्रह्म द्वार काम क्रोध अहंकार माहिं,
रहत अचेत नर मन माया पागो है।
अलख अलेख रूप आतमा है भेख धरे,
कस न पुलकि[२] जीव ताही पंथ लागो है॥
अकथ अगाध वोई अनुभव फल जोई,
निसु महा भोर मानो सोय उठि जागो है।
बाजै अनहद मारू उभै दल मोच्छ झारू,
सूरा खेत माँड़ि रही भीखा कूर[३] भागो है॥

(९)

कूर है खजूर छाया संचै[४] पु[५] झूँठी माया,
ग्रसइ रहत यह जगत का हाल है।
मन परतीत करै सत औ संतोष धरै,
नाम जपै हर दम दमहिं को माल है॥
साधन को संग जहाँ नाना परसंग तहाँ,
अर्थ नवीन सुनि जागो भाग भाल[६] है।
धन्य आपु भेद पाय दीन्हो और को बताय,
भीखा गुरु जीव राम नाम तो गुलाल है॥

(१०)

बालक सों भयो ज्वान दारा सुत ध्यान प्रान,
समय गये तें फल लागो भूख रूख है।

(१) बाजार। (२) उमंग से। (३) कादर। (४) रक्षा करता है। (५) शरीर। (६) माथा।

भीखा यह ख्वाब की लहरि जग जानिये,
जागि करि देखु सब झूँठ नाते ॥

(४)

झूँठ में साँच इक बोलता ब्रह्म है,
ताहि को भेद सतसंग पावे ।
धन्य सो भाग जो सरन सेवा टहल,
रात दिन प्रीति लवलीन लावे ॥
बचन लै जुक्ति सों सिद्धि आसन करै,
पवन सँग गवन करि गगन जावै ।
प्रगट परभाव गुरु गम्य परखो इहै,
भीखा अनहद्द पहिले सुनावे ॥

(५)

दूजे वह अमल दस्तूर दिन दिन बढ्यो,
घटा अँधियार उँजियार भाया ।
अर्ध से उर्ध भरि जाप अजपा जप्यो,
चाँद अरु सूर मिलि त्रिकुटि आया ॥
झरत जहँ नूर जहूर असमान लौं,
रूह अफताब[1] गुरु कीन्ह दाया ।
भीखा यह सत्त सो ध्यान परवान है,
सुन्न धुनि जोति परकास छाया ॥

(६)

सब्द परकास के सुनत अरु देखते,
छूटि गइ बिषै बुधि बास काँची ।
सुरति गै निरति घर रूप अयो[2] दृष्टि पर,
प्रेम की रेख परतीत खाँची ॥
आतमा राम भरिपूर परगट रह्यो,
खुलि गई ग्रंथि[3] निज नाम बाँची ।

(१) सूरज । (२) आयो । (३) गाँठ ।

(१५)

राम भजे दिन घरी इक जीवन का फल सोइ ॥
जीवन का फल सोइ मगन मन हरि जस गावै ।
परमातम चेतन्य रूप आपा दरसावै ॥
जोग पपील[1] को मत कठिन अंध धुन्ध दरबार ।
सोहं सन्मुख सहज घर मत बिहंग निरधार ॥
भीखा त्रैगुन गुनन के बस्य परा सब कोइ ।
राम भजे दिन घरी इक जीवन का फल सोइ ॥

(१६)

राम भजन को कौल किये दिन ऐसहि ऐसहि जात ॥
ऐसहि ऐसहि जात चेत नहिं करत अनारी ।
लोक लाज कुल कानि[2] मानि हरि नाम बिसारी ॥
अपने मनै सपूत सूर अति से बल भारी ।
जनिहै बिते दिन चारि काल सिर मुगदर मारी ॥
भीखा समुझत गर्भ बास दुख थरथर कंपत गात ।
राम भजन को कौल किये दिन ऐसहि ऐसहि जात ॥

(१७)

सुत कलित्र[3] धन धाम सुख मानो सुपना को सो साँच ॥
सुपना को सो साँच मानि ता को पतियाना ।
कहा रह्यो का भयो समुझि नहिं करत अयाना[4] ॥
ज्यों पवन उदक[5] भँवरो दियो कहै बवंडर भूत ।
बढ़ो बहुत फिरि मिटि गयो कोउ न रहा इत ऊत ॥
जो भीखा जाने राम को तेहि झूँठ लगत मत पाँच ।
सुत कलित्र धन धाम सुख मानो सुपना को सो साँच ॥

(१८)

चलनी को पानी पड़ो बरहा[6] कभी न होइ ॥

(१) चींटी । (२) प्रतिष्ठा । (३) स्त्री । (४) नादान । (५) पानी । (६) नहर ।

मनराजाको जीतिकै संगलियो गुरुदेव ७३॥

चौपाई॥

भँवर गुफा ब्रह्मरन्धर देखा। बंकनाल को लहा बसेखा॥ सहस कँवलदल ऊपर राजै। तेज पुंज जहां अधिक बिराजै॥ अमर लोक ताऊपर होई। कोटों मध्ये पावै सोई॥ कुंभक आठ साध जो लीन्हा। फिर केवल कुम्भकही कीन्हा॥ दसवें द्वार सुरति ले दीनी। देखी अचरज ठौर नवीनी॥ अनहद शब्द जहां घन घोरै। चन्दन सूर नहीं निस भोरै॥ निरगुन सेज महा सुखदाई। सोए महाराज लौलाई॥ दसइन्द्री मन के वस करिया। मनको रोंक पवन में धरिया॥ ७४॥

दोहा॥

पवन रोक अनहद लगे पायो पद निरवान॥
तीनों मिल एकैभये ध्ये ध्याता अरु ध्यान ७५॥

चौपाई॥

लगीसमाधि सुरति नहिं कोई। सेवकस्वामी रहा न दोई॥ ऐसी दशा होय जब नाहीं।

मान कहे फिर भी नहीं मानहि ना अपने दिल अन्दर हेरी।
तो मेरो कुछ दोष नहीं कविराज होवेगी भूल जो तेरी ॥

॥ दोहा ॥

सगर सुतन के कारणे, भागीरथ गंग लाय।
सो कविराज झूठी नहीं, परतक देत दिखाय॥
मुक्ति भई इस कारणे, ॰ विवर सोच विचार।
सगर के सुत उधरे कहा, भारत दियो उद्धार॥

तर्ज वाणी की। ताल कैरवा॥

साधो भाई तन धोया मन मैला होजी। तन धोयां सूं काम नहीं चलसी,
जमरा डन्डा पड़ेला रे। साधो भाई तन धोया० ॥टेर॥
समता रो साबन ज्ञान नीर कर, करणी री कुन्डी हेला होजी।
श्वासोश्वास मार फटकारा, सुरत शिला, रगडेला रे ॥१॥
ममतारो मैल मेट भया उजला, गमरी गेरू रंगेला होजी।
वे फिकरी री लगी फिटकड़ी, दिन दिन दूणो घुटेला रे ॥२॥
जब तक मन मैलो रहे मांही, तब तक योंही भटकेला होजी।
साचे गुरु बिन मैल कुण धोवे, दुविधा नांय हटेला रे ॥३॥
समझ विचार सार लख उर में, गुरु मुख ज्ञान सुणेला होजी।
सुन कर ज्ञान ध्यान सूं धारे, वे नर नांय डरेला रे ॥४॥
देवनाथ को साथ कियो जद, अब क्य संशय रहेला होजी।
मान स्थान कियो सुरधनी पर, निर्भय निसाण बजेला रे ॥५॥

॥ दोहा ॥

वंक कहे सुन भूपति, कौन है जमको दन्ड।
जम तो कुछ भी है नहीं, यह क्यों कहो पाखन्ड ॥

सवैया

बात तो सत्य है भूल नहीं, ना जम है और ना दन्ड जो होई।

तिनका खेह मंदिर में होई। करई दूर भामिनी सोई ॥
या विधि काया संयम राधै। बांधै मूल अरु नाको साधै ॥
छंद–मूल बांधै नाम साधै काया संयम जानिकै ॥
मन पवन दोई तुरी साजै युक्ति जीव बनायकै ॥
देइ ताड़ना चित्त कौ तुबक सर छाडै आस हो ॥
तेही आस चढ टेरै मसासा जीव होय निकास हो ॥

सोरठा–ऐसी बाजी होइ, मन के संग दौराइये ॥
मन शूरा पुनि सो, कष्ट परै पुनि ना टरै ॥

चौपाई।

परै कष्ट तव तोरिगे वासा। राखै खड्ग नाम को पासा ॥
नाम अस्त्र ते दूत डरायी। भागै अरि शूरा जिमि पायी ॥
अरि के भाजैं होय हुलासा। दुविधा मिटै कमल परगासा ॥
अष्ट कमल देखै पुनि सोई। मानौ रंक महा धन होई ॥
देखै ब्रह्म जहाँ अस्थाना। भय भाजै तव हो निर्वाना ॥

अष्ट कमल वर्णन।

अष्ट कमल तोहि भेद बताऊँ। अजपा सोहं प्रकट बुझाऊँ ॥
मूल कमल दल चार ठिकाना। देव गणेश तहां कीन्ह पयाना ॥
ऋद्धि सिद्धि वासा तहँ होई। छै सौ जाप अजपा तहँ सोई ॥
द्वितीय कमल षट दल परमाना। तहँ कमलन कर आहि ठिकाना
सावित्री ब्रह्मा है जहँवां। षट सहस्र जाप है तहँवां ॥
छन्द–त्रय कमल दल अष्ट है हरि लक्ष्मी तिहि संग मौं ॥
षट सहस्र जहँ होई अजपा निरखि देखो अंग मौं ॥
कमल चौथा द्वादसदल शिव को तहां निवासु हो ॥
सुरति निरति करि लोक पहुँचै षट सहस्र जहां जासु हो

॥ चौपाई ३० ॥

मन में किरति जो ऐसी होई। धरती रहै गगन में जोई ॥
जेहि खोजत सुर नर मुनि थाके। जाको खेल न जाने वाके ॥
ऐसे भये दसो औतारा। और बहु भाँति भया संसारा ॥
पल में दसा अनेकन होई। नहिं कितहूँ थिर गये समोई ॥
जाको अहै सकल बिस्तारा। नहिं कोइ ता का रूप निहारा ॥
पाँच तत्त दस इन्द्री संगा। उपजे बिनसे नाना रंगा ॥
तेहि धोखे जग रहा भुलाई। जब चीन्हे तब धोखा जाई ॥

॥ दोहा ॥

पाछे जन्महि को गहै, कागद को उच्चार।
उलटा है सूधा करै, तब दीखै संसार ॥

॥ सोरठा ॥

निज मन सतगुरु पास, जहाँ जाय सब सिधि मिलै।
जग ते होय उदास, तो को कोइ नहिं खोजिया ॥

॥ सोरठा ॥

सत्त सब्द परमान, अनहद बानी जो दृढ़ै।
और झूठ सब ज्ञान, सत्त सब्द सत सार है ॥

॥ चौपाई ३१ ॥

सत्त नाम आहै तत सारा, अगम निगम का कुंजी तारा ॥
ररंकार सब्द इक होई। ता में राखो सुरति समोई ॥
मूल नाम का करो बिबेका। ज्ञान चक्षु ते बिरले देखा ॥
जाकर कुंजी तारा होई। घट का भेद लखेगा सोई ॥
सतगुरु मिलें तो भेद बतावें। भौजल माहिं बहुर नहिं आवें ॥
सुनै जो ऐसा अगम संदेसा। निहचै छूटै जम का देसा ॥
चेला गुरु परतीत जो धरई। जम तेहि देख डंडवत करई ॥

॥ दोहा ॥

यह सतगुरु उपदेस है, जो मानै परतीत।
करम भरम सब त्यागि कै, चलै सो भौजल जीत ॥

। चौपाई ३६ ।।

मूलहि कोइ न लागे आई। फेर फेर जग परलै जाई ॥
देह धरे बहु कर्म कमाई। कैसे आवन गवन नसाई ॥
तीरथ बर्त नेम आचारा। येही में भूला संसारा ॥
पूजि पषान नहिं आतम जाना। तन छूटे पाषान समाना ॥
मंत्र जंत्र सीखे ओछाई। नाटक चेटक सक्ति दिखाई ॥
बाजी में संसार भुलाना। सतगुरु मिले न नाम समाना ॥

।। दोहा ।।

बिबिध रूप की भक्ति में, फिरि फिरि धरे सरीर।
एक नाम बिन मुक्ति नहिं, ऐसी कहैं कबीर ॥

।। सोरठा ।।

परलय जनम अनेक, करम करै सुख दुख सहै।
नहिं पावै कोइ एक, जेहि मिले जिव काज होय ॥

।। चौपाई ३७ ।।

सत्तनाम इक अच्छर सोहै। जाके बूझे जिव निर्मोहै।
अच्छर में निःअच्छर होई। ज्ञानी होय सो बूझै कोई ॥
पंडित अच्छर बेद बखानै। निःअच्छर का मरम न जानै ॥
निःअच्छर है नाम की डोरी। जेहि मिले जिव फंदा तोरी ॥
बिन रसना गुन गावै कोई। सुरत सब्द धर जानै सोई ॥
कथा होय तो कहूँ सुनाई। अकथ कथा कस जाय बताई ॥
ज्ञानी होय सो ज्ञान बिबेकी। अच्छर भेदी निःअच्छर देखी ॥

।। दोहा ।।

कहत बिकल सब कोय, मूल मरम ना पावई।
अकथ कथा सतगुरु कही, सुन्नी सुन जो चावई ॥

।। सोरठा ।।

अथाह अमूल जो बेद, पार लोक बिस्तार जेहि।
सतगुरु कहैं सो भेद, बीज वस्तु पहिचानई ॥

।। चौपाई ३८ ।।

सहज रूप धुन होत सदाई। सत्त सुक्रित को आसन जहँई ॥

दुख सुख मैल जगत के भावा। तिरबेनो के घाट छुड़ावा ।२७।
तन मन सोधि भयो जब ज्ञाना। तब लख पायो पद निर्बाना ।२८।
अष्ट कँवल दल चक्कर सूझै। जोगी आप आप में बूझै ।२९।
इँगला पिंगला के घर जाई। सुखमन सेज जाय ठहराई ।३०।
ओअं सोहं तत्त बिचारा। बंकनाल का किया सम्हारा ।३१।
मन को मारि गगन चढ़ि जाई। मानसरोवर पैठि अन्हाई ।३२।
छूटे कलमल मिले अलेखा। इन नैनन साहिब को देखा ।३३।
अहंकार अभिमान बिडारा। घट का चौका करि उँजियारा ।३४।
अनहद नाद नाम को पूजा। सत्त पुरुष बिन देव न दूजा ।३५।
हित कर चंदन तुलसी फूला। चित कर चाउर संपुट मूला ।३६।
सरधा चँवर प्रीति कर धूपा। नूतन[1] नाम साहिब कर रूपा ।३७।
गुदड़ी पहिरे आप अलेखा। जिन यह प्रगट चलायो भेषा ।३८।
सत्त कबीर बकस जब दीन्हा। सुर नर मुनि सब गुदड़ी लीन्हा ।३९।
रहे निरंतर सतगुरु दाया। सतसंगति में सब कछु पाया ।४०।
ज्ञान गूदड़ी पढ़ै प्रभाता। जनम जनम के पातक जाता ।४१।
जो जन जाय जपै ये ध्याना। सो लखि पावै पद निर्बाना ।४२।
संझा सुमिरन जो जन करहीं। जरा मरन भौसागर तरहीं ।४३।
कहै कबीर सुनो धर्मदासा। ज्ञान गूदड़ी करो प्रकासा ।४४।

॥ इति ॥

रेख़ते

(१)

गुरुदेव बिन जीव की कल्पना ना मिटै, गुरुदेव बिन जीव का भला नाहीं।
गुरुदेव बिन जीव का तिमर नासै नहीं, समझि बिचारि ले मनै माहीं॥
राह बारीक गुरुदेव तें पाइये, जनम अनेक की अटक खोलै।
कहै कबीर गुरुदेव पूरन मिले, जीव और सीव तब एक तोलै॥

(१) नवीन, अचरजी।

(२)

करो सतसंग गुरुदेव के चरन गहि, जासु के दरस तें भर्म भागै ।
सील औ साच संतोष आवै दया, काल की चोट फिरि नाहिं लागै ॥
काल के जाल में सकल जिव बंधिया, बिन ज्ञान गुरुदेव घट अँधियारा ।
कहै कबीर जन जनम आवै नहीं, पारस परस पद होय न्यारा ॥

(३)

गुरुदेव के भेद को जीव जानै नहीं, जीव तो आपनी बुद्धि ठानै ।
गुरुदेव तो जीव को काढ़ि भवसिंध तें, फेरि लै सुक्ख के सिन्ध आनै ॥
बंद करि दृष्टि को फेरि अंदर करै, घट का पाट गुरुदेव खोलै ।
कहत कबीर तू देख संसार में, गुरुदेव समान कोइ नाहिं तोलै ॥

(४)

रैन दिन संत यों सोवता देखता, संसार की ओर से पीठि दीये ।
मन औ पवन फिर फूटि चालैं नहीं, चंद औ सूर को सम्म कीये ॥
टकटकी चंद चकोर ज्यों रहतु है, सुरत औ निरत का तार बाजै ।
नौबत घुरत है रैन दिन सुन्न में, कहै कबीर पिउ गगन गाजै ॥

(५)

पाव और पलक की आरती कौन सी, रैन दिन आरती संत गावै ।
घुरत निस्सान तहँ गैब की झालरा, गैब के घट का नाद आवै ॥
तहँ नीव बिन देहरा[1] देव निर्बान है, गगन के तख्त पर जुगत सारा ।
कहै कबीर तहँ रैन दिन आरती, पासिया पाँच पूजा उतारा ॥

(६)

साईं आपकी सेव तो आपही जानिहो, आप का भेव कहो कौन पावै ।
आपनी आपनी बुद्धि अनुमान से, बचन बिलास करि लहरि लावै ॥
तू कहै तैसा नहीं, है सो दीखै नहीं, निगम हूँ कहत नहिं पार जावै ।
कहै कबीर या सैन गूँगा तईं, होइ गूँगा सोई सैन पावै ॥

(७)

कर्म और भर्म संसार सब करत है, पीव की परख कोइ संत जानै ।
सुरत और निरत मन पवन को पकर करि, गंग और जमुन के घाट आनै ॥

---

(१) मंदिर ।

कहै कबीर यों संत निर्भय हुआ,
परम सुख धाम तहँ लागि जीया ॥

(२९)

गड़ा निस्सान तहँ सुन्न के बीच में, उलटि के सुरत फिर नाहिं आवै ।
दूध को मत्थ करि घित न्यारा किया, बहुरि फिर तत्त में ना समावै ॥
माड़ि मत्थान तहँ पाँच उलटा किया, नाम नौनीति[1] लै सुरत फेरी ।
कहै कबीर यों संत निर्भय हुआ, जन्म औ मरन की मिटी फेरी ॥

(३०)

ससि परकास तें सूर ऊगा सही, तूर बाजै तहाँ संत झूलै ।
तत्त झनकार तहँ नूर बरसत रहै, रस्स पीवै तहाँ पाँच भूलै ॥
दरियाव औ बुन्द ज्यों देखु अन्तर नहीं, जीव औ सीव यों एक आहीं ।
कहै कबीर या सैन गूँगा तई, बेद कत्तेब को गम्म नाहीं ॥

(३१)

अगम अस्थान गुरु-ज्ञान बिन ना लहै, लहै गुरु-ज्ञान कोइ संत पूरा ।
द्वादस पलटि के खोड़स परगटै, गगन गरजै तहाँ बजै तूरा ॥
इंगला पिंगला सुषमना सम करै, अर्ध औ उर्ध बिच ध्यान लावै ।
कहै कबीर सोइ संत निर्भय रहै, काल को चोट फिर नाहिं खावै ॥

(३२)

अधर आसन किया अगम प्याला पिया,
जोग की मूल गहि जुगति पाई ।
पंथ बिन जाइ चलि सहर बेगमपुरे,
दया गुरुदेव की सहजि आई ॥
ध्यान धरि देखिया नैन बिन पेखिया,
अगम अगाध सब कहत गाई ।
कहै कबीर कोइ भेद बिरला लहै,
गहै सो कहै या सैन भाई ॥

(१) मक्खन।

(३३)

सहर बेगमपुरा गम्म को ना लहै, होय बेगम्म सो गम्म पावै।
गुनों की गम्म ना अजब बिसराम है, सैन को लखै सोई सैन गावै॥
मुक्ख बानी तिको[1] स्वाद कैसे कहै, स्वाद पावै सोई सुक्ख मानै।
कहै कबीर या सैन गूँगा तईं, होय गूँगा सोई सैन जानै॥

(३४)

अधर ही ख्याल औ अधर ही चाल है, अधर के बीच तहँ मठ्ठ कीया।
खेल उलटा चला जाइ चौथे मिला, सिंघ के मुक्ख फिर सीस दीया॥
सबद घनघोर टंकोर तहँ अधर है, नूर को परसि के पीर[2] पाया।
कहै कबीर यह खेल अवधूत का, खेलि अवधूत घर सहजि आया॥

(३५)

छका[3] अवधूत मस्तान माता रहै। ज्ञान बैराग सुधि लिया पूरा॥
स्वासं उस्वास का प्रेम प्याला पिया। गगन गरजे तहाँ बजै तूरा॥
पीठ संसार से नाम-राता रहै। जतन जरना लिया सदा खेलै॥
कहै कबीर गुरु पीर से सुरखरू,[4]। परम सुख धाम तहँ प्रान मेलै॥

(३६)

छका सो थका फिर देह धारै नहीं,
करम औ कपट सब दूर कीया।
जिन स्वास उस्वास का प्रेम प्याला पिया,
नाम दरियाव तहँ पैसि[5] जीया॥
चढ़ी मतवाल औ हुआ मन साबिता,[6]
फटिक ज्यों फेर नहिं फूटि जावै।
कहै कबीर जिन बास निर्भय किया,
बहुरि संसार में नाहिं आवै॥

(३७)

तरक संसार से फरक फारिग सदा, गरक[7] गुरु ज्ञान में जुगत जोगी।
अर्ध औ उर्ध के बीच आसन किया, बंक प्याला पिवै रस्स भोगी॥

(१) तिसका। (२) गुरु। (३) मतवाला। (४) आदर के योग्य। (५) घुस कर। (६) थिर। (७) डूबा हुआ।

अर्ध दरियाव तहँ जाय डोरी लगी, महल बारीक का भेद पाया ।
कहै कबीर यों संत निर्भय हुआ, परम सुख धाम तहँ प्रान लाया ॥

(३८)

माड़ि मतवाल जहँ ब्रह्म भाठी जरै, पिवै कोइ सूरमा सीस मेलै ।
पाँच को पेलि सैतान को पकरि के, प्रेम प्याला जहाँ अधर झेलै ॥
पलटि मन पवन को उलटि सूधा कँवल, अर्ध औ उर्ध बिच ध्यान लावै ।
कहै कबीर मस्तान माता रहै, बिना कर ताँतिया नाद गावै ॥

(३९)

आठ हूँ पहर मतवाल लागी रहै,
आठ हूँ पहर की छाक[1] पीवै ।
आठ हूँ पहर मस्तान माता रहै,
ब्रह्म की छौल[1] में साध जीवै ॥
साच ही कहतु औ साच ही गहतु है,
काच को त्याग करि साच लागा ।
कहै कबीर यों साध निर्भय हुआ,
जनम औ मरन का भर्म भागा ॥

(४०)

करत कलोल दरियाव के बीच में,
ब्रह्म की छौल[1] में हंस झूलै ।
अर्ध औ उर्ध की पेंग बाढ़ी तहाँ,
पलटि मन पवन को कँवल फूलै ॥
गगन गरजै तहाँ सदा पावस[2] झरै,
होत झनकार नित बजत तूरा ।
बेद कत्तेब की गम्म नाहीं तहाँ,
कहै कबीर कोइ रमै सूरा ॥

(१) आनन्द । (२) वर्षा ।

संत कबीर साहब

(१)

सुकिरत करि ले नाम सुमिरि ले, को जानै कल की।
जगत में खबर नहीं पल की ॥ टेक॥
झूठ कपट करि माया जोरिन, बात करैं छल की।
पाप की पोट धरे सिर ऊपर, किस बिधि ह्वै हलकी ॥१॥
यह मन तो है हस्ती मस्ती, काया मिट्टी की।
साँस साँस में नाम सुमिरि ले, अवधि घटै तन की ॥२॥
काया अंदर हंसा बोलै, खुसियाँ कर दिल की।
जब यह हंसा निकरि जाहिंगे, मिट्टी जंगल की ॥३॥
काम क्रोध मद लोभ निवारो, याही बात असल की।
ज्ञान बैराग दया मन राखो, कहै कबीरा दिल की ॥४॥

(२)

अखण्ड साहिब का नाम, और सब खण्ड है।
खण्डित मेरु सुमेरु, खण्ड ब्रह्मण्ड है॥
थिर न रहै धन धाम, सो जीवन धुन्ध है।
लख चौरासी जीव, पड़े जम फन्द है ॥
जाका गुरु से हेत, सोई निर्बन्ध है।
उन साधुन के संग, सदा आनंद है ॥
चंचल मन थिर राखु, जबै भल रंग है।
तेरे निकट उलटि भरि पीव, सो अमृत गंग है ॥
दया भाव चित राखु, भक्ति को अंग है।
कहै कबीर चित चेत, सो जगत पतंग है ॥

(३)

हमारे मन कब भजिहो गुरुनाम ॥टेक॥
बालापन जनमत ही खोयो, ज्वानी में ब्यापा काम।
बृद्ध भये तन थाकन लागे, लटकन लागे चाम ॥१॥
कानन बहिर नैन नहिं सूझै, भये दाँत बेकाम।
घर की त्रिया बिमुख होइ बैठी, पुत्र कियो कलकान ॥२॥

उस घर में आने के लिए बारह क्षण लगते हैं, घर के अन्दर स्थित रहने में सोलह तथा पुन: बाहर आने में दस क्षण लगते हैं, अर्थात् पूरक में बारह कुम्भक में सोलह और रेचक में दस, इस प्रकार कुल छत्तीस गणनाओं अथवा जाप का समय लगता है ।[1] यहां 'मन्त्रयोग' के अनुसार श्वास क्रिया (प्राणायाम) का अनुपम चित्रण किया गया है ।

शब्द योग अथवा मन्त्र-योग साधना पर बल देते हुए संत गंगादास कहते हैं कि योगी पुरुष ही योग की युक्तियां जानते और समझते हैं । इस की छह क्रियाएं हैं । छह जन्त्र तथा पन्द्रह मन्त्र इसके लिए बताये गये हैं । योग के ये मन्त्र परम गोपनीय हैं । विषय वासनाओं में लिप्त रहकर योग साधना नहीं हो सकती । योग द्वारा विषयवासना को जड़मूल से ही समाप्त किया जासकता है ।[2] 'स' कार द्वारा शशि (चन्द्र) को तथा 'ह' कार मंत्र द्वारा सूर्य को अर्थात् इड़ा और पिंगला को पार करना योगी पुरुष के लिए सुगम है । ऐसे ही साधक वीत-शोक होकर दिन-रात अनहद नाद का श्रवण करते हैं ।[3]

----

1. घर आते छन बारह खावैं । घर बैठे सोलह छक जावैं ।
   दश खाकर फिर बाहर आवैं ।
   और आगे भी तल्लास करैं, ना मिले तो पछतावे हैं ।।
   - निर्गुण पदावली, 838

2. जुगत जोगी जाने हैं जोग की, छह क्रिया छ: जन्त्र है सोई ।।
   पन्द्रह अति कठिन मन्तर हैं । जो साधै इसकू जन्तर हैं ।
   जोग का परम गोप्य मन्तर है ।
   इस विषय वासना जोग की, जड़, जड़ामूल से खोई ।। - वही, 867

3. सकार शशि भी तर जाते हैं । रवि हकार बाहर आते हैं ।
   रवि शशि जहां मिले पाते हैं ।
   फिर धुन अनहद गत जोग की, दिन रात सुने है वोई ।।
   - वही

ज्योँ नभ मद्धे सुन्न देखिये, सुन्न अंड आकारा।
निःअच्छर तेँ अच्छर तैसे, अच्छर छर बिस्तारा ॥२॥
ज्योँ रबि मद्धे किरन देखिये, किरन मध्य परकासा।
परमातम तेँ जीवब्रह्म इमि, जीव मध्य तिमि स्वाँसा ॥३॥
स्वाँसा मद्धे सब्द देखिये, अर्थ सब्द के माहीँ।
ब्रह्म तेँ जीव जीव तेँ मन योँ, न्यारा मिला सदाहीँ ॥४॥
आपहि बीज बृच्छ अंकूरा, आप फूल फल छाया।
आपहि सूर किरन परकासा, आप ब्रह्म जिव माया ॥५॥
अंडाकार सुन्न नभ आपै, स्वाँस सब्द अरथाया।
निःअच्छर अच्छर छर आपै, मन जिव ब्रह्म समाया ॥६॥
आतम मेँ परमातम दरसै, परमातम मेँ झाँईँ।
झाँई मेँ परछाँईँ दरसै, लखै कबीरा साईँ ॥७॥

॥ शब्द ५ ॥

भाई कोई सतगुर संत कहावै। नैनन अलख लखावै ॥टेक॥
डोलत डिगै न बोलत बिसरै, जब उपदेस दृढ़ावै।
प्रान-पूज्य* किरिया तेँ न्यारा, सहज समाधि सिखावै ॥१॥
द्वार न रूँधे पवन न रोकै, नहिँ अनहद अरुझावै।
यह मन जाय जहाँ लग जबहीँ, परमातम दरसावै ॥२॥
करम करै निःकरम रहै जो, ऐसी जुगत लखावै
सदा बिलास त्रास नहिँ मन मेँ, भोग मेँ जोग जगावै ॥३॥
धरती त्यागि अकासहुँ त्यागै, अधर मड़इया छावै।
सुन्न सिखर के सार सिला पर, आसन अचल जमावै ॥४॥

---

*प्रान से पूजने योग्य सतगुर।

आँख न मूँदौं कान न रुँधौं, तनिक कष्ट नहिं धारौं।
खुले नैन पहिचानौं हँसि हँसि, सुन्दर रूप निहारौं ॥४॥
सब्द निरन्तर से मन लागा, मलिन बासना त्यागी।
ऊठत बैठत कबहुँ न छूटै, ऐसी तारी लागी ॥ ५ ॥
कहँ कबीर यह उनमुनि रहनी, सो परगट कर गाई।
दुख सुख से कोइ परे परम पद, तेहि पद रहा समाई ॥६॥

॥ शब्द ३१ ॥

गुर बड़े भृंगी हमारे गुर बड़े भृंगी।
कीट सोँ ले भृंग कीन्हा आप सोँ रंगी ॥टेक॥
पाँव औरै पंख औरै और रँग रंगी।
जाति कुल ना लखै कोई सब भये भृंगी ॥१॥
नदी नाले मिले गंगै कहावैं गंगो।
दरियाव दरिया जा समाने संग मैं संगी॥ २॥
चलत मनसा अचल कीन्ही मन हुआ पंगी*।
तत्त मैं निःतत्त दरसा संग मैं संगी ॥३॥
बंध तैं निर्बंध कीन्हा तोड़ सब तंगी।
कह कबीर किया अगम गम नाम रँग रंगी ॥४॥

॥ शब्द ३२ ॥

मैं का से बूझौं अपने पिया की बात री ॥टेक॥
जान सुजान प्रान-प्रिय पिय बिन, सबै बटाऊ जात री १
आसा नदी अगाध कुमति बहै, रोकि काहू पै न जात री २
काम क्रोध दोउ भये करारे, पड़े बिषय रस मात† री ॥३॥

---

*पंगुल। †माते।

क्या लाया क्या लै चला, करि पल्ला भारी रे ॥८॥
कहैं कबीर जग यों चला, जस हारा ज्वारी रे ॥९॥

॥ शब्द ८५ ॥

हिलि मिलि मंगल गाओ मोरी सजनी,
भई प्रभात* बीति गई रजनी† ॥१॥
नाचे कूदे क्या होय भैना‡, सतगुरु सब्द समुझ ले सैना ॥२
स्वाँसा तारी सुरत सँग लाओ, तब हंसा अपना घर पाओ३
अधर निरंतर फूलि फुलवारी, मनसा मारि करो रखवारी॥४
अमी सींच अमृत फल लागा, पावैगा कोइ संत सुभागा॥५
कहैं कबीर गूँगे की सैना, अमी महा रस चाखै नैना ॥६॥

॥ शब्द ८६ ॥

सचमुच खेल ले मैदाना ॥ टेक ॥
सब्द गुरू को दृढ़ करि बाँधो, सुरति की खींच कमाना।
कड़ाबीन करु मन को बस करि, मारो मोह निशाना ॥१॥
फाका फरी ज्ञान का गदका, बाँधि मरहटी बाना।
सनमुख जाय लड़े जो कोई, वही सूर मरदाना ॥२॥
रंजक ध्यान ज्ञान की पट्टी, प्रेम बरूद खजाना।
भरि भरि तोप झड़ाझड़ मारो, लूटो मुलुक बिगाना ॥३॥
कहैं कबीर सुनो भाइ साधो, प्रेम मैं हो मस्ताना।
अमर लोक मैं डेरा दे के, सतगुरु हना§ निसाना ॥४॥

---

*सुबह। †रात। ‡बहिन। §मारा।

धोती नेती बस्ती पाओ, आसन पद्म जुगत से लाओ।
कुम्भक कर रेचक करवाओ,
पहिले मूल सुधार कारज हो सारा है ॥२॥
मूल कँवल दल चतुर बखानो, कलिंग जाप लाल रँग मानो।
देव गनेस तहँ रोपा थानो,
ऋध सिध चँवर ढुलारा है ॥३॥
स्वाद चक्र षटदल बिस्तारो, ब्रह्म* सावित्री रूप निहारो।
उलटि नागिनी का सिर मारो,
तहाँ सब्द ओंकारा है ॥ ४ ॥
नाभी अष्ट कँवल दल साजा, सेत सिँघासन बिस्नु बिराजा।
हिरिंग जाप तासु मुख गाजा,
लछमी सिव आधारा है ॥ ५ ॥
द्वादस कँवल हृदय के माहीँ, जंग गौर सिव ध्यान लगाईँ।
सोहं सब्द तहाँ धुन छाई,
गन करैँ जैजैकारा है ॥ ६ ॥
दो दल कँवल कंठ के माहीँ, तेहि मध बसे अविद्या बाई।
हरि हर ब्रह्मा चँवर ढुराई,
जहँ स्रँग नाम उचारा है ॥७॥
ता पर कंज कँवल है भाई, बग भौँरा† दुइ रूप लखाई।
निज मन करत तहाँ ठकुराई,
सो नैनन पिछवारा है ॥ ८ ॥

---

*ब्रह्मा। † बकुला और भौंरा अर्थात सेत-श्याम पद।

कँवलन भेद किया निर्वारा, यह सब रचना पिंड मँझारा।
सतसँग कर सतगुरु सिर धारा,
वह सत नाम उचारा है ॥ ९ ॥
आँख कान मुख बन्द कराओ, अनहद झिंगा सब्द सुनाओ।
दोनौं तिल इक तार मिलाओ,
तब देखो गुलजारा है ॥ १० ॥
चंद सूर एकै घर लाओ, सुषमन सेती ध्यान लगाओ।
तिरबेनी के संध* समाओ,
भोर उतर चल पारा है ॥ ११ ॥
घंटा संख सुनो धुन दोई, सहस कँवल दल जगमग होई।
ता मध करता निरखो सोई,
बंकनाल धस पारा है ॥ १२ ॥
डाकिनी साकिनी बहु किलकारैं, जम किंकर धर्म दूत हकारैं।
सत्तनाम सुन भागैं सारे,
जब सतगुरु नाम उचारा है ॥ १३ ॥
गगन मँडल बिच उर्धमुख कुइया, गुरुमुख साधू भरभर पीया।
निगुरे प्यास मरे बिन कीया†,
जा के हिये अँधियारा है ॥ १४ ॥
त्रिकुटी महल मैं बिद्या सारा, घनहर‡ गरजैं बजे नंगारा।
लाल बरन सूरज उँजियारा,
चतुरकँवल मँझार सब्द ओंकारा है ॥१५॥

---

*संगम। †करनी। ‡बादल।

साध सोई जिन यह गढ़ लीन्हा, नौ दरवाजे परगट चीन्हा ।
तब महादेव ने कहा चित्त से कहा- यह शक्ति ही अनेक रूपा बनती है। उसी शक्तिरूपी दर्पण को हाथ में ले। जिसमें एक अद्वैत परब्रह्म-परमात्मा का दर्शन होगा ॥134॥

विचार अनुभव में टुबकी मारै। अपना कारज आप सँवारै ॥7॥

दोहा : *मिल्या बिछुड़िया तो कहूँ, जे कारज कारण होइ।*
साहू एकौ रम रह्या, दूसर नाहीं कोइ ॥8॥

चौपई : *ज्यूँ एका अंडौ घट्ट अपारा। घट फूट्याँ वह अंडौ न्यारा ॥*
ज्यूँ रवि एका धूप अनेका। त्यूँ हूँ चेतन रूप विवेका ॥9॥
कहाँ हम जोगी कहाँ हम भोगी। कहाँ हम वैद्य कहाँ हम रोगी ॥
कहाँ हम पंडित कहाँ हम तुरका। कहाँ हम स्याना कहाँ हम मुरखा ॥
ज्यूँ वन एका पान अनेका। त्यूँ हूँ चेतन रूप विवेका ॥10॥

प्रश्न : *एक अनेक सु कहिए काह। जैसे तरँग सागर बिन नाँह ॥*
चेतन रूप सो कहै अकेला। कौन सु विछुड़्या कौन सु भेला ॥11॥

उत्तर : *कोइ न जानै मेरी बात। सो जानै जाकुँ लागी धात ॥*
ग्यान कुंढे वह चोट चलाई। हूँ मैं गले मूँ काटी फाही ॥12॥

दोहा : *नाम रूप सभ तरँग जल, क्यूँ कर उतरूँ पार।*
सतगुरु पूरा काढ ले, पकड़ उतारौ पार ॥13॥

सवैया

आप विचार पड़ौ अब पार तू, जान गँवार नहीं यह हासी।
एक अनेक धर्‍या बहु भेष तू, आपहि पेख यही घर वासी ॥
जहाँ रात न दिंन मिल्यो नहिं भिंन, कह्यो अब गंन वही घर वासी।
साहू साह रम्यो घट मूँ अब, ज्युँ रोमहि रोम में जोत प्रकासी ॥14॥

चौपई

नाम लेवे वह तीरथ जोवै। ज्यूँ खँड कह्याँ मुख मीठा होवै ॥
नाम रूप सभ आतम देखी। प्रगट्या सुर्य उनौ नहिं पेखी ॥15॥
नाम लियाँ वह क्या सुख होवै। जब लग अपना आप न जोवै ॥
नाम लेवै बहुता ज्यूँ सौहा। मोह माया का पकड़्या खोहा ॥16॥
सोऽहं छोड फिरै वह भटके। ज्यूँह सूवा नलनी मूँ लटकै ॥
आप आप कूँ आपै फांधा। साहू वाँ कूँ कौन सो बांधा ॥17॥
आप विचार्‍या आपा टूटा। मोह माया का पिंजडा फूटा ॥
साहु भया वह साँसा भागा। आप था फिर आप कूँ लागा ॥18॥

प्रश्न

चौपई :

तुम हो सतगुरु दीनानाथ। सरण पड़े पर राखौ हाथ ॥
जुग जुग भूला चरनै लाओ। जनम जनम के पाप मिटाओ ॥49॥

उत्तर :

मारग देख कहीं मैं भूला। अपनी करणी आपै डोला ॥
ज्यूँ सिंघ कूप में छाया भासै। आपै बूडै आपै भासै ॥50॥
चेत अचेत दूजा नहिं कोई। दूर निकट है सागी सोई ॥
परथम सूर उलू नहि देखै। जन्म का अंधा क्योंकर पेखै ॥51॥
ज्यूँ काच मंदिर पड़्यो सुवान। आप न चीनै अचरज मान ॥
भिन भिन देख उहाँ बस मरै। अपनी करणी आपै भरै ॥52॥
ज्यूँ गज फाटक सासट वासी। तोड़ै दंत उहाँ सभ नासी ॥
त्यूँ अज्ञानि आप सूँ भोला। दर दर दौड़ै फिरता डोला ॥53॥

दोहा :

आप न चीनै आप मँह, मिरग कथूरी वास।
दरियाखान अचरज मनहि, भिन भिन सूंघै घास ॥54॥

प्रश्न

चौपई :

तुम दाता गुरु दीन दयाल। अपने आप करौ प्रतिपाल ॥
जे तुम कहौ करूँ मैं जोग। जनम जनम मिट जावै रोग ॥55॥

जोग का अंग

उत्तर :

अव्वल एही जोग पछान। मूल तखत दृढ़ आसन जान ॥
धर के पवन चढो आकास। ऊहाँ हरिजन कीया वास ॥56॥
लिंग लहर ब्रह्मा का वास। उलटी बूंद भया परकास ॥
अमर पियाला जो नर पीवै। काल न व्यापै जुग जुग जीवै ॥57॥
नाभि कमल दम धमण धमावै। खाली भरै भर्या उलटावै ॥
उचरै वाणी सबद प्रकास। वा घट हंसै कीया वास ॥58॥
दिल दरिया भरिया भरपूर। दे डुबकी निज निरख्या नूर ॥
सोऽहं सबद उहाँ धुन लागी। हउमैं संसा दुरमति भागी ॥59॥
सुन चेला इक मेरी बात। कंठ कंठ सुमरन कर हाथ ॥
अकड़िया करनी करौ कमाई। सोऽहं सबद मिलै रघुराई ॥60॥
निकट खोज पाया घर पूरा। उहाँ निरंजन दीसै नूरा ॥
अधर अमी बरसै नित गगना। पी पी मस्त भया मन मगना ॥61॥

विरह

रहत फकीरी को कठिन काम है, काहे को कहो दरवेश, भँवरा मन ॥थल॥
अपना आप परबोधै नाहीं, औराँ करै उपदेस, भँवरा मन ॥1॥
नाना रूप बन्यो लट धारी, काहे मुंडावौ केस, भँवरा मन ॥2॥
दह सिर रावण काल अकाली, पार न पायो सीस, भँवरा मन ॥3॥
दरियाखान बिना गुरु कोइ न सुधरिया, बिन खँड ढूढो देस, भँवरा मन ॥4॥20॥

पहाड़ी

तेरे चरण कमल पर वारी, मैं दासी तू साहब मेरा ॥थल॥
कभी शोर कभी मुसकावौ जी, कभी हजूरौ हाल बतावौ जी।
मैं तो बारूँ बार बलिहारी ॥1॥
कभी घूंघट में वन आवो जी, कभी थुमक थुमक पाँव पावौ जी।
कभी जलवो हुस्न हजारी ॥2॥
ए ता बोध उलट इंसानी जी, कर जोड़ आया जिस्मानी जी।
तेरी अकल कला कल न्यारी ॥3॥
गुलामअली गुरु यूँ समझाया, दरियाखान ए पद तब ही पाया।
ऐ ता दम दम की होशियारी ॥4॥21॥

आसा

सोऽहं सुमिरन कर ले वंदा, भव सागर मूँ तरना है।
ऐसा सुमिरन कर ले वंदा, हरि भज पार उतारना है ॥थल॥
दिल दरियाह पवन का कूहा, लिव लेजूँ दिल धरना है।
सबद गुराँ का उर ला हथ कर, बेड़ी पार उतरना है ॥1॥
अजपाजाप जपौ मन माहीं, सासो सास सुमरना है।
पाँचै मार पचीस मनावौ, लीजो साहब सरना है ॥2॥
अड़सठ तीरथ मन में न्हाओ, गंगा काशी जमुना है।
सोऽहं सबद गुराँ का मानौं, हरि हरि सुमरौ हरना है ॥3॥
ज्ञान ध्यान की सुरति लगावौ, आपा को जो करना है।
दरियाखान दुतिया भस्म भई जब, इश्क आग में जरना है ॥4॥22॥

कल्याण

दम दम नाल सच्चे साहब, डरिये राम नाम कहिये ॥थल॥

साधौ मेरे मन का भँवर उदासी ॥थल॥
जाग्रत सोवत स्वप्न सुखोपति, लागी प्रेम पियासी ॥1॥
जो देखूँ सो थिर न रहत है, नाम बिना सभ नासी ॥2॥
सतगुरु मिलिया संसा भागा, तन में तीरथ कासी ॥3॥
गुलामअली गुरु पूर पाया, आय मिल्यो अविनासी ॥4॥
दरिया सतगुरु मूँ समझाया, सुमरौ सास उसासी ॥5॥27॥

पहाड़ी

मेरी हरि सूँ लागी प्रीति, और बात मैंनूँ कुछ न सुहावै ॥थल॥
नींद कराँ तो सपनै आवै, जागाँ तो अँखियाँ माँह समावै।
दृष्टि न देखूँ मुष्टि न पकड़ूँ, ऐसा मोहन मीत ॥1॥
ऐसी रचना राम रचाई, देखत भूल रहे सभ कोई।
ए बाजी किसी अंत न आई, हारी लेवत जीत ॥2॥
दिन अर रात न बिसरै मोही, अंग अंग में सुमरूँ तोही।
तुम नहिं छोड़ौ हम किमि छाड़ू, ऐसी आवत चीत ॥3॥
दरिया प्रीति लगी नहिं छूटै, गुरु कृपा बहु बंधन टूटै ॥
जैसा था फिर तैसा समाया, भांगी भरम की भीत ॥4॥28

साँसौ साँस साहिब तेरे संग है, भूल भटक मत वंदा री ॥थल॥
अपने आप कूँ जानैं नाहीं, दर दर दौड़े भटकै जाई।
दौड़ पड़ै अँध कूप के माहीं, सो मन अंध निरंधारी ॥1॥
गाफिल गोता दम दम खावै, आप भूला औरों भरमावै।

आतम छोड पथर कूँ ध्यावै, उस वारो खंधारी ॥2॥
तीरथ व्रत में कुछ नहिं पाया, गिर्‌या डार अर मूल गँवाया।
सतगुरु सैन सूँ मन नहिं लाया, राम भजन बिन गंदा री ॥3॥
सबद नगारा रुणझुण बाजै, अनहद घोर गगन धुन गाजै।
भिन भिन सुन्दर सुणै अवाजी, बादल में बरसंदा री ॥4॥
दरिया राम नाम धुन लागी, कुबुधि भरमना भाठी।
गुलामअली गुरु साहब सागी, काट दिया जम फंदा री ॥5॥39॥

ओ तो पूरव जनम को वासी अविनासी,
हंसला रे तुम खोजो काया नगरी में ॥थल॥
सतगुरु सरणै लियो स धारा, मानख जनम न हारौ।
ए तो देखत ही जग जासी ॥1॥
जो देख्या सो थिर न रहा है, मात पिता सुत भाई।
ओ तो नाम बिना सभ नासी ॥2॥
ना ओ जप तप जाग र जोती, ना ओ पंडित ना ओ पोथी।
ओ तो नहीं गंगा नहीं कासी ॥3॥
मैं मेरी नहिं मुक्ति न तेरी, ना कुछ तू नहिं कुछ तेरी।
ए तो उलट गले मँह फाँसी ॥4॥
विमुख बात अर बिन पग पैंडा, कोइक सूरा जावै।
ए तो प्रेम नहीं को हाँसी ॥5॥
दरिया ए दिल दरिया सूभर में, क्योंकर फिरौ उदासी।
तू पी ले साँसौसाँसी ॥6॥30॥

सोऽहं सबद सतगुरु के बल से, घोड़ा अगम दौड़ाऊंगा ॥थल॥
सील का संज संतोष पलाणा, खासी टोट चलाऊंगा ॥1॥
अरध उरध मैदान सजाऊँ, हउमैं गोए उठाऊँगा ॥2॥
सुरति निरति का झंडा हथ करि, सुन मँह धजा ठराऊँगा ॥3॥
धरणि गगन बिच हटकत नाहीं, सीस अकास उडाऊँगा ॥4॥
दरिया प्रेम कला सूँ जाइकै, निर्भय नगर बसाऊंगा ॥5॥3॥

भूला मन भजन करौ तुम किस का।
जोई ठहरावौ सोई तुम हो, ध्यान धरौ तुम जिस का ॥थल॥
जिह्वा रोकौ पवन चढ़ावौ, ध्यान दुवारै दिस का।

'स' ससा सिफत सुबहान की, मुख सूँ कही न जाय।
ए अकल कला को खेल है, न सिर हाथ न पाँय ॥1॥
'म' मंमा मारग प्रेम का, बिन मारग चलनाह।

औघट विषमी बाट है, सूरा पहुँचै कोह ॥2॥
'र' ररा राम के नाम सूँ, जिनके लागी प्रीत।
दरिया इस संसार मूँ, हारी लेवै जीत ॥3॥
'ग' गगा ज्ञान की निरति सूँ, दिल दर्पण में देख।
हउमैं रंचक ना रहै, मन ममता की रेख ॥4॥
'ह' हहा हरि का नाम बिन, जन्म अकारथ जाय।
गुरु पारस के चरण सूँ, अपनी लिव कूँ लाय ॥5॥
'क' कक्का कारज तब सरै, जब सतगुरु लागै संग।
काम क्रोध अहंकार को, कबहुँ न लागै डंग ॥6॥
'भ' भभा भगती नाम की, मुक्ती है ता माहिं।
भवसागर की सीर मूँ, पकड़ उतारै बाँहि ॥7॥
'झ' झझा जो जो जनमिया, दम के आधर टेक।
टूटी पिंजर गिर पड़ी, माटी कूड़ा वेख ॥8॥
'ड' डडा डोरी प्रीति की, सतगुरु साहिब हाथ।
जब चाहै तब खींच ले, मेरे बस नहिं बात ॥9॥
'ल' लला लागी प्रेम की, करक कलेजे आय।
तुझ बिन मेरा को नहीं, कौन मिटावै घाव ॥10॥
'च' चचा चकवै रैन के, बिछुड़ मिलै परभात।
मेरे पीया बस नहीं, कैसे बोलूँ बात ॥11॥
'द' ददा धुन धुन है तहाँ, साधौ जिनके नाम।

तुर्कों के बहत्तर पंथ झूठे हैं जिन्होंने अलग-अलग रास्ते निर्मित कर रखे हैं। असली वचनों के बिना, बीच में ही टूट गये और काल ने पकड़कर जड़ सहित खा लिया ॥49॥

अणअच्छर ही सबद हमारा, अनासुरति की डोर लगावै।
असल नकल की करै पारखा, छिन में पूग नगर उस जावै ॥50॥

हमारा शब्द=वचन अन-अक्षर (अक्षरातीत) है। उस अक्षरातीत शब्द में यदि अनन्य सुरति=व्यभिचार-रहित चित्तवृत्ति को लगावे तो असली व नकली की परीक्षा हो जाये तथा एक क्षण में ही उस नगर=हमारे नगर ये पहुँच जाये ॥50॥

और सबद सभ रड़वा जैसा, पच पच रटि मरि जाई।
अण अच्छर तो सार सबद है, दोइ अच्छर है बाई ॥51॥

अन-अक्षर ही सार शब्द है, इसके अलावा और सब शब्द निरर्थक हैं (अन्य शब्द रड़वा=रटने जैसे हैं)। उनका रटन करके पच-पच कर मर जाते हैं। अन-अक्षर ही सार शब्द है जो दो अक्षर 'सोऽहं' है। (रोहलसाहब का गुरु मंत्र 'सोऽहं' है जो उनको उनके गुरु साँईनाथजी से मिला था। वे इसी मंत्र का उपदेश दिया करते थे, ऐसा मुझे महंत अचलरामजी ने वार्तालाप के मध्य बताया।)॥51॥

अणअच्छर तो सबद नियारा, अनासुरति के डोरी।
जो कोइ हालै नगर हमारे, मौज पकड़ ले मेरी ॥52॥

अन-अक्षर=अक्षरातीत शब्द सर्वथा विलक्षण है। उसमें अनन्य चित्तवृत्ति की लय को लगाकर जो कोई भी हमारे नगर की ओर चलता है तो वह मेरी जैसी मौज=मेरी जैसी आनन्दावस्था प्राप्त कर लेता है ॥52॥

सब कोइ लेसी नाम हमारा, और सब नाम बिगूता।
बिन सत नाम कोइ दूजा सब्द बतावै, उसकूँ मारूँ जूता ॥53॥

सभी मेरा ही नाम जपेंगे, अन्य सब नाम विनष्ट होने वाले हैं। सत्य नाम के अलावा यदि कोई दूसरा शब्द बताता है तो मैं उसको जूतों से मार मारूँगा ॥53॥

अनुभव कथै ग्यान बहु भाखै, झूठा जगत रिझावै।
बग ज्युँ ध्यान दुनिया में राखै, जे कोइ दाम चढावै ॥54॥

पाखंडियों का आचरण बताते हैं, अनुभव का कथन करते हैं, नाना तरह का ज्ञान कहते हैं और जागतिक लोगों को झूठ के द्वारा प्रसन्न करते हैं। बगुला जैसा ध्यान जगत् में बैठकर लगाते हैं, उनके सामने, जो उनकी सेवा में धन भेंट करते हैं ॥54॥

वहाँ मानसरोवर के हंस हैं जो मुझसे वियुक्त होकर इस अभ्यासी के आदेशानुसार मानव देह में अवतरित हुए हैं ॥66॥

कोइ इक साध फकीर विरागी, अविगत कूँ ले ध्यावै।
मेरा स्रूप अरूप है न्यारा, उसकी खबर न पावै ॥67॥

कोई-एक साधु, फकीर, वैरागी अविगत की साधना करता है किन्तु मेरा स्वरूप तो अरूप है, विलक्षण है, उस अरूप का बोध प्राप्त नहीं कर पाते ॥67॥

ररंकार अटल कोटि बसै औलिया, अविगत का अविनासी ओला।
जिस घर सूँ बिछुड़ के आया, उस घर का पड़ गया झोला ॥68॥

अटल किले में ररंकार अवलिया बसता है जहाँ अविगत का अविनाशी पर्दा है। जिस घर से वियुक्त होकर यहाँ आया, अब उस घर से दूरी हो गई है ॥68॥

सब्द प्रवाणा पहुँचे नाहीं, सुरति निरति थक जासी।
अगला देह सुभाव न जावै, गर्क पड़्या माहिं चौरासी ॥69॥

शब्द का परवाना वहाँ पहुँचता नहीं। सुरति व निरति भी थक जाती हैं। पिछले जन्म के स्वभाव=संस्कार नष्ट नहीं होते। चौरासी-लाख योनियों में आकंठ डूब जाता है ॥69॥

अविगत सूँ पैंडा है ओखा, उसका किस कूँ नाहिं विचारा।
जो कोइ होवै हंस हमारा, खोज कहूँ मैं सारा ॥70॥

अविगत से आगे का रास्ता दुर्गम है। उसका किसी को भी बोध नहीं है। जो भी कोई हमारा हंस=मुक्तात्मा है, उसको मैं, उसका पूरा खोज=बोध करा देता हूँ ॥70॥

अविगत की सेत सुंन सूँ, चार करोड़ सुन आगै।
बिना आवाज न आवाज होवत है, लोप जावै नर पागै ॥71॥

अविगत की श्वेत शून्य से चार करोड़ शून्य आगे, बिना आवाज, जहाँ आवाज नहीं होती है और नर के पैर (चिह्न) लुप्त हो जाते हैं ॥71॥

फिर उसके आगै चार करोड़ गूंगी सुन है, गूंगा होइ गम जानै।
अचरज खेल अचंभा परसै, ऐसा देस पिछानै ॥72॥

उसके आगे चार करोड़ मूक शून्य का देश है जिसका मर्म गूंगा होकर ही पाया जा सकता है। वहाँ आश्चर्य-मय अचंभित करने वाले खेल का दर्शन होता है; उसको ऐसा देश जानो ॥72॥

पिया के वदन पर अचानक दृष्टि परी ॥थल॥
किहिं से कहुँ इन सुख की बतियाँ, आसा सगल सरी।
ब्रह्म अग्नि की जब धूणि धुकाई, मन की ममत जरी ॥1॥
रोहल रात गई दिन पाया, लागी प्रीति खरी।
पिया के वदन पर अचानक दृष्टि परी ॥2॥5॥

जेड्यूँ=सखी। मुंहिंजो=मेरा। जीअड़ौ=मन। खरी=सच्ची। वदन=मुख। रीझना=मुग्ध होना।

सखी! मेरा मन प्रियतम के मुख पर, जिस पर मेरी दृष्टि अचानक पड़ी आसक्त हो गया है ॥थल॥ इस सुख की बातें किससे कहूँ अथवा किस प्रकार कहूँ? मेरी समस्त मनोऽभिलाषाएँ सिद्ध हो गयी हैं। जब ब्रह्माग्नि की धूनी को धधकाया, तब उस मन में बसी ममता जल-भुन कर खाक हो गयी ॥1॥ रोहल कहते हैं- अज्ञान रात्रि व्यतीत हो गयी, ज्ञान-दिवस का उदय हो गया और फिर प्रियतम से सच्ची प्रीति लग गयी। हे सखी! प्रियतम के मुख पर अचानक दृष्टि पड़ी ॥2॥5॥

मोहन सूँ प्रीति लगी है मोरी ॥थल॥
ना जाणाँ कहा चेटक लाया, आप कनूचा आप मिलाया।
पाया प्रेम की डोरी, मोहन सूँ प्रीति लगी है मोरी ॥1॥
सुरति निरति की धुनी लगाई, बिन जिभ्या के बात बताई।
खींस लिया दिल जोरी, मोहन सूँ प्रीति लगी है मोरी ॥2॥
अनहद वाणी अखँड धुनि लागी, भया चित चेतन कुबध्या भागी।
त्रोड़ लागी तोरी, मोहन सूँ प्रीति लगी है मोरी ॥3॥
पाँच सखी मिल मंगल गाया, रोहल रात गई दिन पाया।
मिलिया स्याम किसोरी, मोहन सूँ प्रीति लगी है मोरी ॥4॥6॥

मेरी मोहन के प्रति प्रीति लग गयी है ॥थल॥ नहीं जानती, उसने कौनसा जादू किया है, स्वयं कनुचा (कन्हैया) ही आकर मेरे से मिला है। उसने मेरे ऊपर प्रेम की डोरी डाली है। मेरी मोहन से प्रीति लग गयी है ॥1॥ मैंने सुरति व निरति की ध्वनि लगाकर बिना जिह्वा के ही आत्मसाक्षात्कार की बातें बतायीं। जबरदस्ती करके मोहन ने मेरा मन आकर्षित कर लिया है। मेरी मोहन से प्रीति लग गयी है ॥2॥ अनहद वाणी की अखंड ध्वनि शुरू हो गयी। कुबुद्धि नष्ट हो जाने से चित्त चेतन हो गया। हे मोहन! तेरी लगन लग गयी है। मेरी मोहन के प्रति प्रीति लग गयी है ॥3॥ रोहल कहते हैं- पाँच सखियों (पंच ज्ञानेन्द्रियों) ने मिलकर मंगल गान किया। अब अज्ञान-रात्रि व्यतीत हो गयी तथा ज्ञान-दिन का उदय हो गया। मोहन व किशोरीजी मिल गये। मेरी मोहन से प्रीति लग गयी है ॥4॥6॥

घट हि में चन्द्र घट हि में सूरज, घट हि में नौ लख तारा।
कैहत रोहल सुनौ भइ साधौ, ढूंढ लधा घर सारा ॥2॥9॥

फकीरों को साहब प्यारा लगता है ॥थल॥ शरीर में ही गंगा, शरीर में ही यमुना व शरीर में ही ठाकुरद्वारा है। घट में ही ब्रह्मा तो घट में ही विष्णु है। घट में ही शिव का प्रसार–निवास है ॥1॥ शरीर में ही चन्द्रमा, शरीर में ही सूर्य, और शरीर में ही नौ लाख तारे हैं। रोहल कहता है- हे साधु भाई! सुनो, सारे घर=शरीर को ढूंढकर मैंने इसमें ही परमात्मा को लधा=पा लिया है ॥2॥9॥

ऐसा कोइ हंसा काया गढ जीतै, देस हमारे आवै ॥थल॥
कर्मजाल के माहिं अलूधा, किमि कर फंद कटावै।
पूरे गुरु के चरण कमल पर, अपना सीस नमावै ॥1॥
सत सब्द सत नाम का बेड़ा ले, प्रेम की फौज चढावै।
सुरति निरति का झंडा रोपै, डेरा सो अगम डोरावै ॥2॥
अर्ध उर्ध महिं करत लड़ाई, बावन जोध हटावै।
पाँच पचीस का डेरा लूटै, आगे मँजिल उठावै ॥3॥
मन कूँ मार सभ देखत लोपै, अनिल का खेल समावै।
धाम अदीठ का बाँध मकाना, निरगुण का गुण गावै ॥4॥
हद घर छोड बेहद घर चलिया, फिर पाछा नहिं आवै।
चौथे पद सूँ पद्द अगोचर, पूरा होवै तो पावै ॥5॥
रोहल नाम अनाम अनामी, निज निहनाम कहावै।
अचरज अपरम कह्यो न जावै, गैबी गैब समावै ॥6॥10॥

कर्मों के जाल में फँसा, कैसे भी करके, फंदे को काटकर कोई जीवात्मा, काया रूपी गढ़ को जीतकर हंस बनकर हमारे देश में आता है और पूर्ण गुरु के चरण-कमलों पर अपना मस्तक नमाता है ॥टेक1॥ वह सत्य रूपी उपदेश व सत्य रूपी ही भगवन्नाम का जलपोत बनाकर प्रेम रूपी फौज को उसमें बैठाता है। सुरति व निरति के झंडे को उस जलपोत पर लगता है और अगम-स्थान रूपी डेरे की ओर उसको चलाता है ॥2॥ अर्ध व उर्ध (प्राण व अपान दोनों को मिलाना) दोनों ओर लड़ाई करके बावन योद्धाओं को रणक्षेत्र से हटाता है। पाँच तत्त्व व पचीस प्रकृतियों के डेरे को लूट लेता है और आगे की मंजिल को पाने को उठ खड़ा होता है ॥3॥ सभी के देखते-देखते मन को मार देता है। अनिल=वायु=प्राणों के खेल (प्राण व अपान को एक करने के खेल) में समाता है। अदृष्टधाम का मकान बनाकर निर्गुण परमात्मा का गुणगान करता है ॥4॥ ससीम घर=देह, संसार को छोड़कर

आवै न जावै मरै न जनमें, उतपति परलय नाहिं।
संत साहब का करत विलासा, इन असथानाँ माहिं ॥4॥
आकार हि बुदबुदा ज्यूँ जल के माहीं, त्यूँ इन घर अकल दरियाह।
आप हि उपजै आप हि विनसै, कैत यूँ रोहल साह ॥5॥38॥

साहिब का कोई ही ऐसा साधु होता है जो उन्मनी सहज समाधि में खेलता, निमग्न रहता है ॥थल॥ सत्य-शब्द की डोरी पकड़कर निशि-दिन उसी की ध्वनि में लगता है। पाँच व पचीस का भर हटाकर आशा व तृष्णा को त्याग देता है ॥1॥ ऊपर-नीचे का (प्राण व अपान को एक करके) निपटारा करके दोनों को एक प्राण के रूप में रखो। जब काया का अस्तित्त्व अलग हो जाता है, उसके उपरान्त ही निर्वाण की स्थिति बनती है ॥2॥ पिंड व ब्रह्मांड रूपी अंडे के फूटने पर ही अमरलोक-धाम की प्राप्ति होती है। वह अडिग, अविचल देश कहा जाता है। वहीं हंस विश्राम पाता है ॥3॥ उस अडिग, अविचल देश में न आता, न जाता है। न मरता, न जन्मता है। वहाँ उत्पत्ति व प्रलय भी नहीं है। संत, साहिब का विलास करता है, इन स्थानों में ॥4॥ जैसे जल में जल का बुदबुदा आकारवान होता है, वैसे ही इनके घर में (अडिग, अविचल के घर में) अकल (न कलने वाला) दरियाव है। आप स्वयं ही उपजता व आप स्वयं ही विनशता है, ऐसा रोहलशाह कहता है ॥5॥38॥

साधौ नगर हमारा न्यारा।
और लोक सब ऊरा रह गया, परसै कोइ हंस प्यारा ॥थल॥
आदि पुरुष सिव विष्णू ब्रह्मा, इन चारों का विसतारा।
चौदह लोक इकीसों ब्रह्मँड, ये ही भेद पसारा ॥1॥
धर्मराइ है सभ का राजा, ले जीव नरक में डारा।
अखै वृछ मूँ अवतार उपना, वैकुँठ माहीं करत गुजारा ॥2॥
इछा सरूपी आदी माया, ओ भी चलत करत चौधारा।
बडे बडे औ सुर नर मुनिजन, अंतै छल छल मार्‌या ॥3॥
तेतीस करोड़ देव स्वर्ग में बैठा, नखत्र नौ लख तारा।
कलंक लगाया ले गौतम चांद कूँ, सूरवीर गिरनारा ॥4॥
सहस ऊपर पाँच नाम ठहराया, तीन अंड माहिं दोइ भारा।
अजर अजोनी चन्द्र सत सुकृत ध्यावै, यूँ नहिं उतरै पारा ॥5॥
सत्रह खंड पर चार धाम है, जिस पर जम का द्वारा।
एक निरंजन चार सिकारी, बाजै काल नगारा ॥6॥
इस पद अतीत नहिं मानै परवाना, किसी का न चलै सारा।
ररंकार अवगत पर उलट्या, हंस वाँ का संघारा ॥7॥

प्यारे सब्द की डोर लगाइ, चढ़ मकड़ी तार सूँ।
अनासुरत वृति धार, अलिप संसार सूँ ॥4॥
प्यारे करि सतगुरु को संग, पियाजी सूँ मिल रहौ।
औ सुख आनंद विलास, किसी कूँ मत कहौ ॥5॥
प्यारे सदा रहौ गलतान, मंगल गाविए।
रोहल साहब की धाम, हंसा पाविए ॥6॥50॥

हे प्यारे! आज पूर्णमासी है। कंथन=प्रियतम के साथ सम्बन्ध जोड़। हर्ष सहित निज भाव रख। अंत में अचरंग है ॥1॥ प्यारे! सोलह शृंगार सजाकर सत्संग में जा, भ्रम के पड़दे को तोड़; कुल की लज्जा को गँवाकर ॥2॥ प्यारे! यह काया दो दिन की है, थोड़ा-बहुत सुकृत (पुण्य) कर। निज नाम के अमृत का प्याला पी ॥3॥ प्यारे! शब्द की डोर (लय) लगाकर उस पर उसी प्रकार आरूढ़ हो जैसे मकड़ी लार से तार बनाकर बार-बार जाला पूरने को आती-जाती है और उसी में बन्द हो जाती है। अनन्य-वृत्ति परमात्म-नाम में लगाकर संसार से दूर हो जा ॥4॥ प्यारे! सद्‌गुरु की संगति करके प्रियतम से मिलकर रह। प्रियतम से मिलने का आनंद-विलास किसी से भी मत कह ॥5॥ प्यारे! सदैव प्रियतम में निमग्न रह और मंगल-गान कर। रोहल कहते हैं, साहिब की धाम हंसों को मिलती है ॥6॥50॥

प्यारे करौ आज आनंद उछाव, तिथि पूनम वार है।
प्यारे रिलमिल करौ सनेह, सतसंगत सार है ॥1॥
प्यारे वंदन कर होइ अधीन, गुरु के चरनौं रहौ।
राख निरंतर ध्यान, सत नाम अह निसि कहौ ॥2॥
प्यारे सुद्ध सुरत मिलाइ, कर दीदार सरूप का।
असंख ससि सूर उजवाल, अखंड अनूप का ॥3॥
प्यारे अखंड अनूप है आप, दरसन पर आनियो।
हंसा करै कलोल, वचन मेरा मानियो ॥4॥
प्यारे उहाँ गयाँ नहिं आवै, देह पाछै धराइ कै।
रोहल अमर पुरुष के धाम, पूगा हंसा जाइकै ॥5॥51॥

प्यारे! आज आनंद का उत्सव करो। आज पूनम तिथि है। प्यारे! हिल-मिलकर स्नेह करो, सार रूप सत्संगति है ॥1॥ प्यारे! शरणागत होकर वन्दना करो और गुरु के चरणों की सान्निध्य में रहो। निरंतर ध्यान करो। अहर्निशि सत्य-नाम का स्मरण करो ॥2॥ प्यारे! शुद्ध सुरति को प्रियतम से मिलाकर उसके स्वरूप का दीदार कर। उसका प्रकाश असंख्यों चन्द्रमा, सूर्य के अनुपम अखंड प्रकाश के समान है ॥3॥ प्यारे! प्रियतम अखंड व अनुपम है, दर्शन प्राप्त कर ताकि तेरी आत्मा आनंद-केलि करे, मेरा यह वचन मान ले ॥4॥ प्यारे!

भूला क्यों फिरौ वनवास।
सबद की करौ सुमरना, जपौ सासौ सास ॥थल॥
कइ कहता धरणि पर है, कइ ढूंढत आकास।

सोध लियो घट भीतर, है तुम्हारे पास ॥1॥
कइ कै हंसा मक्का जावन, कइ न्हावन गंगा पास।
सिर साँटे साँई मिलै, पथर नदी का दास ॥2॥
तेरा साहिब तुझ महीं, तुम तजौ औराँ की आस।
सिंह भूखा जे मरै, फिर ना खावै घास ॥3॥
गुरु तो रोहल हम कूँ मिलिया, काटिया जम फास।
दिन रैण हम कूँ येही है, तेरे चरणों का विश्वास ॥4॥
साहु स्वामी गुरु मेरा होया, दासन को मैं दास।
जन गुलाम अली सरन तेरी, आवागमन निवास ॥5॥1॥

सतगुराँ के सबद मैंनूँ, जादू रो कैसो जगायो ॥थल॥
गणेशजी के देस सूँ कोइ, अटल आसण आयो।
ब्रह्माजी देखौ सृष्टि को, कोइ ऐसो रंग रचायो ॥1॥
विष्णुजी के दास का कोइ, नाभी थाँव बतायो।
देस में महेस देख्या, दिल द्वारै ध्यायो ॥2॥
कंठ में अखंड देख्यो, सरसती को सायो।
गंगा जमना सुषमना, निज नीर तीरथ न्हायो ॥3॥
त्रिवेणी के सीर पर, मैंने अनहद नाद बजायो।
दामिनी ताँ सीस चमकी, दसवें द्वार दरसायो ॥4॥
गुरु तो रोहल हम कूँ, ऐसो ब्रह्म भेद बतायो।
सुन माहीं मेरी धुन लागी, बिन जिभ्या गुन गायो ॥5॥
शाहू शाह गुरु हेत सूँ, मैनूँ प्यालौ प्रेम पिलायो।
गुलामअली प्रेमरस को, पी मद छक छायो ॥9॥2॥

घट में गंगा घट में जमना, घट में तीरथ न्हाया है ॥3॥
काया नगर में जोति जलत है, दरसन दुर्लभ पाया है ॥4॥
रोहलसाहब किरपा कीनी, तब यह भेद बताया है ॥5॥
गुलामअली गुरु शाहू साँई, चरणनि सीस नवाया है ॥6॥16॥
राम नाम लिव लावणा, और दिसा नहिं जावणा ॥थल॥
सतगुरु हम कूँ भेद बताया, तब आपै आप कूँ ध्याया।
सहजे सहज समावणा, राम नाम लिव लावणा ॥1॥
जब आपै आप में ताली लाई, तब एकाएक में रह्यो समाई।
प्रीति उसी कूँ पावणा, राम नाम लिव लावणा ॥2॥
ना को मूआ ना को जीया, ना को गया ना को आया।
मन का मैल मिटावणा, राम नाम लिव लावणा ॥3॥
एकौ एक रह्यो जब होकै, गुलामअली गुरु शाहू के।
चरणनि सीस नवावणा, राम नाम लिव लावणा ॥4॥17॥

साधौ मैं उसी देस का वासी, जहाँ आवागमण न चौरासी ॥थल॥
तन की तीरथ परगट पाया, सिमरौं सास उसासी।
गंग जमन का भरम मिटाया, क्या वृंदावन कासी ॥1॥
यहाँ चन्द्र न सूर नदी पग बाटी, जोति में जोति प्रकासी।
हद बेहद दोनों ही नाहीं, आप में आप उदासी ॥2॥
ये संसारा झूठ पसारा, देख्या सगल सो नासी।
आपै आप कूँ ताळी लागी, नहिं को धरणि अकासी ॥3॥18॥

रेखता

दो दिना का मेला, मेला मेला सोई मेला ॥थल॥
जोई जाया रहण न पाया, चलणा एक अकेला ॥1॥
रैन गई जब उड चलिया है, पीछै करत बसेला ॥2॥
तू जो करता मेरा मेरा, छोड र चल्या सवेला ॥3॥
जान जगत सब झूठी बाजी, बजीगर का खेला ॥4॥
गुलामअली है एकौ एक, सोइ गुरू सोइ चेला ॥5॥19॥

नैनन लागो मेरो आज तुम सूँ, छोडाँ तो अब छूटै नाहिं ॥थल॥
ऐसा खजाना जो हम कूँ मिलिया, खर्चां तो अब खूटै नाहिं ॥1॥
जल नहिं डूबै न अग्नि जलावै, पाधर पड़्यो कोइ लूटै नाहिं ॥2॥
प्रेम बिना बहु जतनाँ करहै, ममता मटकी फूटै नाहिं ॥3॥

शब्द ब्रह्म एकै जब भयऊ। जीव आत्मा कहाँ तब गयऊ।।
हे सतगुरु कहि ब्रह्म मिलावहु। आतम जीव सहित समुझावहु।।

साख़ी

सुरति मिलाओ निरति में, जीव सीव को मेल।
दोबिधा भाव मिटाइए, एक अलख को खेल।।

चौपाई

जब गुरु संज्ञा युक्ति बतावै। सहजै सुरति निरति को पावै।।
जैसे सागर बुन्द समाना। सागर भयउ अकार बिलाना।।
तैसहिं शब्द समुद्र कहावै। जीव बुन्द को अन्त न पावै।।
शब्द ब्रह्म जब आतम माहीं। नाम समुन्द्र दुतिय कोउ नाहीं।।
'भीखा' संसय मन कै व्याधी। ब्रह्म रूप निज लाव समाधी।।
दूजा कपट छोड़ि चतुराई। आपै आप निरंजन पाई।।

साख़ी

भीखा दूसर है नहीं, केवल एकै नाम।
दूसर माया मूढ़ है, मन उनमेख निकाम।।

एक पवन के थकि गए, सकल क्रिया थकि जाय।
तब लग मन धावन रहै, जब लगु पवन समाय।।

चौपाई

'भीखा' यही सुरति मन जानो। सत्य एक दूसर मति मानो।।
हे प्रभु जी यक करते ढिठाई। कहत बात जिव बहुत डेराई।।
योग मता नहिं मुनि ठहरावैं। यामें भर्म सन्देह बतावैं।।
साच कहैं कि मिथ्या जानी। सहित बिचार कहिए निज बानी।।
सहज समाज सुगम ठहरावैं। शब्द स्वरूप आत्मा बतावैं।।
शुध स्वरूप सो केहि बिधि जानी। सहज समाधि कैसे पहिचानी।।

एक पवन के थकि गए, सकल क्रिया थकि जाय।
तब लग मन धावन रहै, जब लगु पवन समाय।।

चौपाई

'भीखा' यही सुरति मन जानो। सत्य एक दूसर मति मानो।।
हे प्रभु जी यक करते ढिठाई। कहत बात जिव बहुत डेराई।।

चौपाई

सोहं नाम बोलता ओई। आपै आप दुजो नहिं कोई।।
ताकी बार पार कहुँ नाहीं। सो जानै जो सत्गुरु पाहीं।।
सुन्य अकास बोलता ओई। स्वासा अर्ध उर्ध सम होई।।
ताको भेद कोई कोई जानै। जो सतसँग गुरु पहिचानै।।
सोहं सुन्य निरन्तर एका। हरिदम सोहं-सोहं एका।।
गंग जमुन को धारा येही। चन्द्र अरु सूर्य बने घर जेही।।
अर्ध उर्ध निसुबासर बहई। मध्य सरोस्वति संगम लहई।।
इंगला पिंगला सुषमनि सोई। एकै पवन दूजो नहिं कोई।।

साख़ी

भीखा पान अपान मिलि, लागो सुन्य समाधि।
सकल कृपा को अन्त यह, समुझहु महा अगाधि।।

दूजो और उपाय नहिं, आपुहिं आपको ध्यान।
देखहु आपा आप में, सो यहि बिधि गुरुज्ञान।।

चौपाई

हे प्रभुजी मैं तुम्हारी सरना। मता अगूढ़ समुझ नहिं परना।।
पान अपान कहाँ ते आए। कौन बिधि घट आनि समाए।।
ताकर आदि अन्त कहि दीजै। मोहिं पापी को आपन कीजै।।

21:39

अथ रांम नांम सिवरन विचार*

आदि एक ररंकार कुं, सिवरयां सिध न होय ।
जनहरीया ममंकार मिल, यु पंछी पर दोय ॥ १ ॥
उडि पंछी असमांन कुं, पुंहच न सधै कोय ।
जनहरीया ममंकार मुष, रह्या अधसलै होय ॥ २ ॥
ररंकार रहता पुरस, कीया कराया नांहि ।
हरीया सहजां होत है, रग रग रसनां मांहि ॥ ३ ॥
ररंकार पछिम दिसा, उलटि चढै असमांन ।
हरीया नामी पूरब दिस, ममा थकि रह्या प्रांन ॥ ४ ॥
हरीया रसनां नाभ लग, ममंकार की दौर ।
रोम रोम ररंकार हुय, ममंकार नही ठौर ॥ ५ ॥
ममंकार माया मिलै, औ तौ ईथिर रूप ।
जनहरीया ररंकार मिल, अणभै अटल[1] अरूप ॥ ६ ॥
ररौ ममौ दोय मंत्र है, या सेती लिव लाय ।
हरीया जब तब सिवरतां, लेसी पार लंघाय ॥ ७ ॥
अैसैं छाया विरष सुं, हरीया रही लपटि ।
जैसैं माया ब्रह्म सुं, कैसैं जाय विछटि ॥ ८ ॥
रांम रांम रटता रहै, आठुं पौहर अभंग ।
हरीया कबहक सहज मैं, एक न दूजै संग ॥ ९ ॥†

---

* (क, ख, ग) में यह ग्रन्थ नहीं है, एवं 'घ' प्रतिमें इसका नाम "ररै ममै समरण" है ।

(६) १. (घ) अकल ।

† (घ) में १०–११–१२–१३ क्रमशः साषियाँ नहीं हैं ।

ऐसी स्थिति होनेके पश्चात् ओऊँ=हंसः और सोऊँ=सोहं-इन दोनोंके "हंसः सोहं सोहं हंसः" इस अजपा[1] नाम गायत्रीके जपका ज्ञान प्राप्त होनेसे परब्रह्म परमात्माके दर्शनकी प्राप्ति होती है वह हुई ॥१०॥

---

१ अजपाके जपसे परब्रह्म परसता है—

ओऊं सोऊं जाप अजप्पा, घटमें कीया संप असंपा।

(श्रीहरि० वाक्यम्)

ओऊं सोऊं अर्थात् हंसः सोहं अजपा जप है। इसने घटमें असंप (जीव ब्रह्मका भेद) का संप (अभेद) कर दिया—ठीक वाच्यार्थ सफल कर दिया।

उलटा अजपा जाप जपाया। हद को जीत वेहदमें आया॥

(श्रीराम० वाक्यम्)

नासापथसमाकृष्टः पवनः फुफ्फुसं गतः।
शोधयेच्छोणितं दुष्टं तेन जीवन्ति जन्तवः॥ १॥
सोहंशब्देन जीवानां श्वासोच्छ्वासौ निरन्तरम्।
स्यातां वा हंसशब्देनोच्छ्वासश्वासौ विपर्य्ययात्॥ २॥
इत्ययं द्व्यक्षरो मन्त्रो जीवजप्योऽजपा मता।
जपारम्भो हि जननं मरणं तत्समापनम्॥ ३॥

इसी अजपा मन्त्रको अजपा गायत्री कहते हैं।

एकविंशतिसाहस्रं षट्शताधिकमीश्वरि।
जपते प्रत्यहं प्राणी सान्द्रानन्दमयीं पराम्॥ ४॥
विना जपेन देवेशि जपो भवति मन्त्रिणः।
अजपेयं ततः प्रोक्ता भवपाशनिकृन्तनी॥ ५॥

(दक्षिणामूर्तिसंहिता)

अजपा नाम गायत्रीं जीवो जपति सर्वदा।
षट् शतानि दिवारात्रौ सहस्राण्येकविंशतिः॥ १॥
एतत्संख्यान्वितं मन्त्रं हंसः सोहं क्रमेण वै।

(कुलार्णव)

जातः स इति वै शब्दमुच्चार्यारभते जपम्।
महाप्रयाणसमये हमुच्चार्य समापयेत्॥ १॥

(दक्षिणामूर्तिसंहिता)

गायत्री, हंसविद्या, आत्ममन्त्र एवं प्राणयज्ञ आदि कहा गया है। रुद्रयामल में इस जप का विधान इस प्रकार है—

प्रणवाज्जायते हंसो हंसः सोऽहं परो भवेत्।
सोऽहं ज्ञानं महाज्ञानं योगिनामपि दुर्लभम्।।
निरन्तरं भावयेद् यः स एव परमो भवेत्।
हं पुमान् सः स्वरूपेण चन्द्रेण प्रकृतिस्तु सः।।
एतद्धंसं विजानीयात् सूर्यमण्डलभेदकम्।
विपरीतक्रमे सैव सोऽहं ज्ञानं यदा भवेत्।।
तदैव सूर्यगः सिद्धो वासुदेवप्रपूजितः।
हकारार्णं सकारार्णं लोपयित्वा ततः परम्।
सन्धिं कुर्यात् ततः पश्चात् प्रणवोऽसौ महामनुः।।

स्कन्दपुराण की वैष्णवसंहिता के पाँच अध्यायों में प्रणव-साधना का अत्यन्त विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है और उसमें—१. प्रणवकवच २. प्रणवहृदय ३. प्रणव-पुरश्चर्या ४. प्रणवाष्टोत्तरशतनाम ५. प्रणवगायत्री ६. प्रणवमालामन्त्र ७. प्रणवस्तोत्रराज ८. प्रणवगीता ९. प्रणवसहस्रनाम आदि की भी पुष्कल विवेचना की गई है।

श्रीधर स्वामी की दृष्टि—गीता के (४.२६) श्लोक 'अपाने जुह्वति प्राणं प्राणेऽपानं तथापरे' की व्याख्या करते हुये श्रीधरस्वामी ने पूरक-रेचक में अवस्थित हंसमन्त्र और अनुलोम-प्रतिलोम द्वारा उसके सोऽहं रूप में परिणति की अच्छी व्याख्या की है।

उत्तरगीताकार भगवान् श्रीकृष्ण की दृष्टि—अर्जुन के द्वारा प्रश्न करने पर भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुन को उत्तर देते हुये हंसात्मक आत्ममन्त्र के विषय में अपनी दृष्टि इस प्रकार प्रस्तुत करते हैं—

आत्ममन्त्रस्य हंसस्य परस्परसमन्वयात्।
योगेन गतकामानां भावना ब्रह्म चक्षते।।
शरीरिणामजस्यान्तं हंसत्वं पारदर्शनम्।
हंसो हंसाक्षरं चैव कूटस्थं यत्तदक्षरम्।।
तद्विद्वानक्षरं प्राप्य जह्यान्मरणजन्मनी।।
काकीमुखककारान्त उकारश्चेतनाकृतिः।
अकारस्य च लुप्तस्य कोऽर्थः सम्प्रतिपद्यते।।
गच्छंस्तिष्ठन् सदाकालं वायुस्वीकरणं परम्।
सर्वकालप्रयोगेण सहस्रायुर्भवेन्नरः।
यावत्पश्येत् खगाकारं तदाकारं विचिन्तयेत्।।
खमध्ये कुरु चात्मानमात्ममध्ये च खं कुरु।
आत्मानं खमयं कृत्वा न किञ्चिदपि चिन्तयेत्।।

साधा अमरददास के शब्दों में

बिन सतगुर मन न लहै कोटिक करौ उपाय ।

निश दिन मन भटकत फिरै और कछू न दांव ॥१

किन्तु जब साधक सद्गुरु की शिक्षा में मन लगाकर प्रत्येक श्वास पर 'सत-अविगत' का स्मरण करता हुआ मन की सुरति को उसी में लगा देता है, तब मन के करोड़ों विकार नष्ट हो जाते हैं-

गुरु की सीख लगा मन लीना । स्वासा सै सत सुमरन कीना ।२

सत सुमरन से सुरत समोवै । कोट विकार इस मन के खोवै ।।३

साधा करन जी 'रिज रिंज रोग कटा इस मन का तो वैसी बताई गुरु वैदी'[4] के द्वारा गुरु वैद से मन के विकार रूपी रोग के नष्ट होने की बात कह कर मन से परित्राण पाने का ही प्रतिपादन करते हैं । साधा अमरददास जी 'सहज भाव से करौ अवेषा । मन से मारौ भरम अंदेसा ।।'[5] के द्वारा मन से भ्रम और संदेह को मारने की बात कहकर मन से परित्राण पाने का ही उपाय निर्दिष्ट करते हैं । साधा मोतीलाल मन को विषय-वासनाओं से हटाकर उज्ज्वल करने से मोक्षोपलब्धि की बात कहकर मन से परित्राण पाने का उपाय बतलाते हैं-

जिन मन को उज्जल कीना । जब मुक्त पदारथ लीना ।।६

साधा तेजराम 'सत शब्द का फिरा मसकला माईं मैल कटा इस मन का ।'[7] के द्वारा सत अविगत की भक्ति से मन के विकार रूपी मैल के कटने की बात कहकर मन से परित्राण पाने के उपाय का प्रतिपादन करते हैं ।

उपर्युक्त पंक्तियों में साधों की मन सम्बन्धी धारणा प्रतिपादित की गयी है । इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि उनका मन-वर्णन उपनिषद्, गीता, एवं निर्गुण काव्य से बड़ा साम्य रखता है । वस्तुत: साधों का मन-वर्णन परम्परा गत मन-वर्णन के अनुकूल ही है ।

१-ध्यान बानी-छं० सं० २२७

२-वही, २२८

३-वही, २३०

४-निरवानग्यान, बानी सं० ६११

५-~~मन्त्र~~- ध्यान बानी, छं० सं०२०६

६-~~सं०२४८~~ 'ग्यानसागर', छं० सं० ३४८

७-निरबान ग्यान, बानी सं० ५७१

करने की क्रिया को पूरक, उदरस्थ वायु को यथा-

प्राणायाम के तीन अंग पूरक कुम्भक और रेचक हैं । वायु के नासिका द्वारा उदरस्थ/ शक्ति रोकने की प्रक्रिया कुम्भक कहलाता है तथा भरा हुआ अशुद्ध वायु को नासिका द्वारा शनैः शनैः बाहर निकालने की क्रिया को रेचक की संज्ञा दी जाती है ।[1] कुम्भक के आठ अंग माने गये हैं । उनके नाम क्रमशः सूर्यभेदन, उज्जायी, शीतकार, शीतली, भस्त्रिका, मूर्च्छा, भ्रामरी और प्लाविनी है ।[2] सन्त सुन्दरदास ने भी इन सबका उल्लेख किया है ।[3] संत कबीर ने प्राणायाम का वर्णन किया है ।[4] डा० रामकुमार वर्मा ने वायु-साधना से सम्बन्धित संत कबीर के कई सुन्दर उदाहरण उद्धृत किये हैं ।[5]

यह बात हम पहले कह चुके हैं कि साधु लोग शास्त्रीय पंडित नहीं हैं । अतः उनकी रचनाओं में प्राणायाम का शास्त्रीय विवेचन के अन्वेषकों को निश्चय ही निराश होना पड़ेगा । उन्होंने तो केवल मन व पवन साधन का उल्लेख कर प्राणायाम का संकेत मात्र किया है । साधु अनरददास जी कहते हैं-

मनपवने बिन सुरतन लागै । निश दिन मन ममता संग भागै ।

-ध्यानवानी, छं० सं० १०२

सुखमन और पवन बिचार के सुखमन रहे समाय ।

स्वांसी सुमरन रच रहे तब गुर दरस दिखाय ।।वही, छं० २१२

साधु भमानीदासके शब्दों में —

बिन मन साधे जोग न पावै । चाहै जिसी व्याधि उपजावै ।

-नौ निद्धी, सं० १ छं० २

१-दर्शनोपनिषद्, ६।१ व योगचिन्तामणि उपनिषद्-६५ से ६७

२-योगकुण्डल्युपनिषद् १।१९-२५, १।२६ व २६, १।३०-३१, १/३३व३६ तथा हठयोग प्रदीपिका २।४३, २।६०, २।६७, २।४५ ।

३-डा० त्रिलोकीनारायण जी दीक्षित, 'सुन्दरदर्शन' पृ० ३८

४-कबीर ग्रं० पृ० १५७

५-कबीर का रहस्यवाद-१९३१, संस्करण पृ०

अवगत अगम अपार धानी सत । तामे सुरत बसावो रे ।
त्रिकुटी मध्ये निरत सुधकर । सार शब्द तहां जोवो रे ।परमाती, छं०७ से।

प्रत्याहार का चौथा साधन 'प्रणवजप' है । यह जप संख्या मे एक लाख बीस हजार होने पर ही प्रत्याहार की सिद्धि होती है । साधों ने अपना साधना में जप को तो बहुत अधिक महत्व दिया है, किन्तु उसका संख्या के उल्लेखीकरण के सम्बन्ध में सभी साध समान रूप से मौन हैं । उन्होंने प्रणव जाप के स्थान पर 'अजपाजाप' को ही विशेष महत्व दिया है । इस अजपाजाप का वर्णन हम जप शीर्षक के अन्तर्गत पाठ कर चुके हैं । इनके अतिरिक्त अन्य साधनों का उल्लेख स्पष्ट रूप से साधों की कृतियों में नहीं मिलता है । यह बात दूसरी है कि बहुत खोज करने पर एकआध उदाहरण मिल जाये, किन्तु सामान्य रूप से उनका अभाव है ।

प्रत्याहार की सिद्धि का पाँचवाँ साधन मनोवृत्ति को श्वासोच्छ्वास के लय स्थान पर स्थिर करना है । साधों का 'शब्दसुरति-योग' प्रत्याहार के इसी साधना पर आधारित है । श्वासोच्छ्वास के उद्भव का स्थान सहस्रार माना जाता है । इस सहस्रार में ही मनोवृत्ति को स्थिर करना पड़ता है । शब्द सुरति-योग में भी सुरति को सहस्रारस्थ शब्द में लीन करना पड़ता है । उस दशा में शब्द-सुरति योग को हम प्रत्याहार सिद्धि का एक साधन मानते हैं । बहुत से साधों ने सुरति को मनोवृत्ति के रूप में वर्णन किया है । साध अनरददास के शब्दों में-

ऐसी विधिया धार है काम करै उपचार ।
सुरत सुहंग चढ़ चलै चित मन करै विचार ।।साध अनरददास,
ध्यानबाना, छं०१२

साध भूपनारायण "परमहंस कोई शब्द सनेही ऊपर सुरत चढ़ावो हो"[1] के द्वारा उपर्युक्त कथन का ही समर्थन करते हैं ।

1-परमाती, 1।1

साधों की कृतियों में हमें वायु साधना के विविध स्वरूपों का दर्शन नहीं होता है। उन्होंने उसका शास्त्रीय निरूपण नहीं किया है, किन्तु फिर भी कतिपय साधों की रचनाओं में हमें उसके संकेत मिले हैं। यहां पर कुछेक साधों की कृतियों से उद्धरण प्रस्तुत करेंगे। साध अमरददास कहते हैं-

सुषमन और पवन विचार के सुषमन रहे समाय।
स्वांसा सुमरन रच रहे जब गुर दरस दिखाय।।ध्यानबानी-छं०सं०३१२

साध मोतीलाल स्वांसा पकड़ कर नाम से सुरति लगाने की बात कहते हैं-

स्वांसा पकड़े नाम से सुरती रहे समाय। बैठे लेटे डोलते कभी बिसर नहीं जाय।
-ज्ञानसागर, छं०सं०१६२

साध भूपनारायण कामी पवन बंधान के विषय में कथन है-

पदम आसन करौ पवन बंधान करौ। शब्द झनकार त्रिकुटि माही।।रेखता५।२ सं०
निरत और सुरत पवन को बांधले। शब्द प्रकाश का आगम मेला।वही, ६।५

साधों की रचनाओं में हठयोग की नाड़ी-साधना का भी विस्तृत उल्लेख नहीं उपलब्ध है। न तो उन्होंने नाड़ियों की संख्या पर ही विचार किया है और न उनका शास्त्रीय विवेचन ही प्रस्तुत किया है। कतिपय साधों ने इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना की वर्णना संकेत रूप में की है। सद्गुरु उदादास जी साधों को उपदेश देते हुये कहते हैं कि 'यदि तुम पिंड के भीतर अविनाशी 'सत-अविगत' का दर्शन करना चाहते हो तो जगत् की चाल का परित्याग कर दो। इस पिंड के भीतर गंगा, मथुरा, काशी, चन्द्र और सूर्य हैं। सद्गुरु जी ने 'हठयोग प्रदीपिका' के आधार पर इड़ा नाड़ी को गंगा तथा सूर्य से पिंगला को तथा चन्द्र और काशी से दोनों के मिलन का संकेत किया है-

देखा चाहे पिंड का ख्याल। चाले नहीं जगत की चाल।।
पिंड भीतर गंगा मथुरा काशी। पिंड भीतर चांद सूरज अविनासी।।
-नौ निधी-छं०सं० २१ व २२

साधों की हठयोग साधना में हठयौगिक मुद्राओं का कहीं पर भी सिद्धान्त रूप में कथन नहीं किया गया है। हां, ध्यान और धारणा विषयक दो एक मुद्राओं का कतिपय साधों ने संकेत भर किया है। योग के ग्रन्थों में ध्यान सम्बन्धी अनेक

मुद्राओं का उल्लेख है, किन्तु उनमें से प्रमुख ६-मुद्राओं -अगोचरी, भूचरी, चाचरी, खेचरी,

किरपासिन्ध तूँ ही किरपालू। सरनागत का तूँ रखवालू॥
अपनी दात करो प्रभराया। साची सेव चित रहे समाया॥
पूरन पुरख तूँ ही जगदीश। सरब जीयाँ का तूँ ही ईश॥
राख लें जन सरनी आया। भगतवत्सल तूँ नाम धराया॥
अपनी महमा दियो सुख सार। तुध दरबार भरे भण्डार॥
रंचक दीजो प्रभ चरनी प्रीत। निर्मल चित से गाऊँ गीत॥
साची बिरह जब अन्तर आई। मारग मुकत का भेद लखाई॥

निर्मल चित जब होया, जग से भया उदास।
'मंगत' अन्तर चित माहीं, प्रभ नाम की लागी प्यास॥1298

निर्मल प्रीत पाई सत सेव। पूरन करमी मिले गुरुदेव॥
साचे गुर ने भेद समझाया। सत मारग अन्तर दिखलाया॥
प्रभ सिमरन की सार लखाई। मूरख जीव तब शान्त पाई॥
अधिक विश्वास पाया प्रभ चरनी। साध की सीख भयो निर्मल करमी॥
मन अन्तर इक नाम कमाई। सतगुर सीख में प्रीत लगाई॥
जग जीवन देखा दिन चार। चित में उपजा पर-उपकार॥
पर-उपकार साबन ले धोई। अत मलीन बुद्ध निर्मल होई॥
स्वारथ सुख मिटे अन्धकारा। परमारथ पद निर्मल धारा॥
तुच्छ जीवन पर भयो निरासा। प्रभ चरनी पाया विश्वासा॥
साचा सरजनहार पछानी। साची सेव हिरदे में जानी॥
मन में साची करे कमाई। साचा नाम सिमरे सुखदाई॥
सरब जीयाँ संग हेत कमाई। पर की सेव हिरदे में पाई॥
परदु:ख हरना कार पछानी। निमख निमख शोभा प्रभ गानी॥
कारन कर्ता तूँ परमेश्वर। सरब जीयाँ का तूँ रखीश्वर॥
बारम्बार करूँ परनाम। प्रभ दाते दीजो बिसराम॥
माया भरम संकट अत जाई। साची प्रीत चरन चित पाई॥
इक तूँ ही तूँ मन समाये। दूजा विसरे भरम अधिकाये॥
तेरे नाम की रहे प्यास। पूरन पुरख तूँ ही अबनास॥

ग्रन्थ
श्री समता प्रकाश

साची कीरत बाँछू देव। पद पंकज की निर्मल सेव॥

प्रेम भगत हिरदे आई, दूर भये सन्ताप।
'मंगत' निर्मल प्रीत से, नाम साहब का जाप॥1299

निर्मल चित इक नाम समाई। साध की सीख मिली वडयाई॥
परम पुरष हिरदे में ध्याया। जनम जनम का ताप मिटाया॥
कारन कर्ता सो ही स्वामी। तिस के चरन लयो बिसरामी॥

सत शबद पावे सत सार। तिस गुर चरनी जाऊँ बलिहार॥
भय भरम नहीं चित को लेपा। काल करम नहीं धारे विखेपा॥
संशय शोक नहीं चित में कोई। साचा नाम इक भाओ परोई॥
सुरती अन्तर राखी धार। पल पल सिमरे नाम मुरार॥
कर्ता भाओ तजे अभिमान। दृढ़ निश्चय प्रभ सरन पछान॥
सब कुछ आज्ञा प्रभ की जानी। समता भाओ में धीर समानी॥
निश्चल बुद्ध इकागर विरता। धन्न गुर साचा शबद सँजुगता॥

जिस घट में चानन भयो, संशे शोक विनास।
'मंगत' सतगुर सो मिलें, होवे भरम का नास॥1325

एक शबद की कथा विचारी। अन्तर कीरत साची धारी॥
मन अपने का भरमन छोड़ी। सत परतीत शबद चित जोड़ी॥
पल पल आज्ञा प्रभ की मनाई। सच्चदानन्द को नित ध्याई॥
गरब त्याग ग़रीबी पाई। सरजनहार सरब दिखलाई॥
सरब जीयाँ की धूड़ रमावे। साची सेवा नित कमावे॥
अखण्ड जाप अन्तर चित जापी। प्रान पवन में सुरता थापी॥

इरध उरध का नाका जोड़ी। भरम गुबार की दुर्मत को छोड़ी॥
नित ही नाम मंगल को पाई। तिस गुर भेंट परम सुखदाई॥
ब्रह्मज्ञानी तत्त का वेता। मोह माया का नहीं चित लेपा॥
आनन्द सरूप प्रभ नाम ध्याई। अन्तरगत नित रहे समाई॥
खोल कपाट गगन में चढ़या। सत ठाकर की सरनी पड़या॥
अनहद नाद की विजे बजाई। अबगत जोती घट दरसाई॥
नित मख़मूर प्रेम के रंग। प्रभ साचे का गाये परसंग॥
निर्मल चित दृढ़ विश्वासी। साखी शबद की करे उपासी॥
भेद पाखण्ड सकल चित त्यागी। एक शबद का भया अनुरागी॥
सुन्न गुफ़ा में डेरा कीना। सत सरूप साखी को चीना॥
जरा मरन का भय निवारी। अजर पुरष संग प्रीत विचारी॥
सुपन समान जग खेल दिखलाई। परगट साहब अन्तर दरसाई॥
अनन प्रीत चित चरन चितारी। तिस गुर चरन जाऊँ बलिहारी॥

रहनी वाले गुर मिलें, पाइये नाद विचार।
'मंगत' बिपता सब मिटे, तिस गुर के उपकार॥1326

ऐसे सतगुर मेल मिलाये। सत धरम निश्चय दिखलाये॥
पाप कुपथ से जीव छुड़ाया। एक शबद का राह दिखलाया॥
पार स्वामी जो प्रभ देवा। पाइये भेद सतगुर की सेवा॥
सतगुर सेव में जीवन धार। सतगुर चरन जाओ बलिहार॥
अधिक प्रीती गुर चरनी माहीं। सतगुर दरसे पार गुसाईं॥
सतगुर रूप साहब का जानी। सतगुर बचन हिरदे पहचानी॥
पल पल आज्ञा मन मनाई। सतगुर बचन में प्रीत लगाई॥
आठ पहर सतगुर को सेवे। तिन की सिखया पल पल लेवे॥
तन मन वार गुर सेव कमाये। पाप विनास शबद गत पाये॥
गुर के वचन में धारे विश्वासा। जग में राखे गुर की आसा॥
चौसठ घड़ी गुर होवे सहाई। एह बिध प्रीत चरन की जो पाई॥
निर्मल कहनी गुर का विचार। निर्मल रहनी गुर का आधार॥

परउपकार भोजन गुर खाई। तिस गुर भेंट पाई प्रभताई॥
जुगत मुकत सब सार लखावे। प्रभ दाते की प्रीत बढ़ावे॥
अन्तर जुगुत की सार दिखाई। साचे नाम की सार समझाई॥
सकल भरम से जीव छुड़ाई। एक साहब की परतीत लखाई॥

मन पवन की जुगती तोले। विरत त्याग मन भया अडोले॥
विज्ञान सरूप पाया परसाद। साचा नाम निरन्तर साध॥
जनम जनम की मलन विनासी। सतगुर सीख सतनाम उपासी॥
तृष्ना त्याग भया निष्कामी। पायो दरबार साचा प्रभ स्वामी॥
नित नित उस्तत चित से गाऊँ। पल पल तिसका ध्यान कमाऊँ॥
अखण्ड सुरत नित जाप जपाये। नाम की रसना पल पल खाये॥
उलटा शबद आकास गुंजारी। मारग अगम का भेद लखारी॥
सुरती चढ़ी आकाश में आये। साचे शबद का धाम लखाये॥
निर्भय नाद अन्तर नित बोले। तीन भवन का ताला खोले॥
ताँ में सुरत करे निगरानी। झिलमिल जोत दरसे निर्वानी॥
दरस पाये मन तृपत समाई। दुर्मत रोग व्याध गँवाई॥
पूरन भाग सतगुर मिलाये। अगम निगम का भेद लखाये॥
पाया भेद आया विश्वासा। प्रभ की चरनी लयो निवासा॥
संकट धारी मूरख जीया। नाम सिमर के भया तृपतीया॥
नित नित सुरती नाम उचारी। आवत जावत पवन विचारी॥

मन सिमरे सतनाम को, नाम पवन समाये।
'मंगत' साची साधना, बिन गुर भेद नहीं पाये॥ 1357

सतगुर साचा मेल मिलाया। घर में साहब निर्मल पाया॥
अपरम महमा गुर की मीता। गुर की दात भयो सुखरीता॥
तपन विनास ठाँड वरताई। सतगुर सीख पाई वडयाई॥
मिथ्या जगत का भरम भुलाया। करम रोग में आवे जाया॥
साचे नाम की जुगत लखाई। नाम ध्यान सब रोग मिटाई॥
सतगुर वैद मिला सुखकारी। जिसने मन की तपन निवारी॥
प्रभ अपने की चरनी आया। सतगुर सीख मारग सत पाया॥
अन्तर नाम ध्यान में लागा। गुर परसाद सोता जन जागा॥
इरध उरध में सुरती धारी। तीन भवन में सुन झुनकारी॥

बिमल नाद घर परगट होई। पल पल तिसमें सुरत परोई॥
मधुर मधुर बानी नित बोले। अकथ कथा अन्तर चित तोले॥
तीन ताप से पुरख न्यारा। शबद पछाना प्रभ निरधारा॥
नित ही सुरती शबद समाई। करम रोग की मिटी दुहाई॥
अखण्ड नाद बोले तिरनाली। तपन विनास पाई खुशहाली॥
साची जुगती योग कमाई। मारग सच जो गुर दिखलाई॥
कठन तपस्या की भरमन छोड़ी। सहज जुगत चित नाम में जोड़ी॥
छिन छिन नाम कमावे जीया। तृष्ना भरम से भयो तृपतीया॥
जाप जपे सब ताप निवारी। सतगुर साचे भये किरपा धारी॥
भरम त्याग सतनाम चखाया। अन्तर सिमर परम सुख पाया॥

अन्तर नाम ध्याया, मन चित प्रीत लगाये।
'मंगत' निज घर जा बसे, नहीं बौहड़ गवन को पाये॥ 1358

नित ही साचा नाम ध्याओ। सुकृत सीख सुनो सुखराओ॥
नाम जपत सब बिपता काटे। संशे शोक मिटे सन्तापे॥
भाओ भगत रसना घर पाई। मान मध की मिटी दुहाई॥
सत ठाकर की सेव कमाई। झूट जगत की सार लखाई॥
भरम भुलाया मूरख जीया। नाम विसार संकट नित लीया॥
इच्छया करम अगन अत भारी। पल पल जीव ये पाये ख़वारी॥
जल जल पड़े भोग के संगा। शान्त त्याग भरम चित रंगा॥
तीन गुनों में नित नित भरमाई। भाँतक भाँत करम कमाई॥
करम फल इच्छया में गरसाया। द्वन्द विकार में नित भरमाया॥
राग द्वेष में लीन समाई। छिन ठाण्डा छिन ताप तपाई॥
निश्चल होवे नहीं रंचक इक मीता। नाम विसार परम दु:ख लीता॥
सम्पत पाये नहीं भयो धीरा। सीख नहीं माने मन बे-पीरा॥

प्रभ दाते की दात पछानो , मन तन सेव कमाओ ।
पल पल तिसकी आज्ञा ध्यायो , निर्भय धाम लखाओ ॥
मनुआँ राखो शबद के माहीं , घट में पवन को पीयो ।
उलट दृष्ट आकाश पहछानो , धार शबद लख लीयो ॥
धारा माहीं ध्यान लगाओ , सतखण्ड वासा पाओ ।
निर्मल प्रीत से नाम कमाओ , भव दुस्तर तर जाओ ॥
बन्धन काट करम दु:खदाई , प्रभ की प्रीत विचारो ।
उलटे मारग सुरती गाढ़ो , साचा शबद निहारो ॥
शबद में अपना तन मन वारो , तब पाओ बिसरामा ।
निर्भय धाम निरन्तर खोजो , अमर पुरष निष्कामा ॥
गरभ जून की फाँसी काटी , सत ठाकर घर ध्याई ।
मोह माया अन्धकार विनासा , जीव शान्त पद पाई ॥
मारग मुकत में जीवन पाया , अखण्ड शबद निर्वानी ।
ताँ में सुरती लीन समाई , चित अकथ कथा बखानी ॥
गुनी ज्ञानी साध तपीशर , खोज खोज कर हारे ।
माया दुस्तर नित भरमावे , बिन शबद ना उतरें पारे ॥

साचा शबद पहचान निरंतर , जो सुन्न के घाट समाया ।
'मंगत' जिस जन सेव पछानी , बौहड़ गरभ नहीं पाया ॥1386
नाम सिमर सत सीख विचारो , मन के हरो विखाद ।
अनंक बिगन को हरनेहारा , प्रभ नाम अगम आगाध ॥
मन की तृखा विनास होवे , निज घर में ले बिसराम ।
नाम की औखद जिस जन खाई , पाया निर्मल धाम ॥
एक नाम की प्रीत विचारो , पाओ एक नाम भरवासा ।
एक नाम में जो मरजीवे , परसे पद अबनासा ॥
नाम पदारथ अत सुखदाई , मन के रोग मिटाये ।
दीनदयाल घर परगट हो के , निर्भय शान्त लखाये ॥
इस संसार में रास अधिक है , एक नाम भगवन्त ।
गुरमुख विरले पाई परापत , भरम किये भसमन्त ॥
साचा ठाकर सेव करो नित , जो मन के ताप निवारी ।
प्रभ सिमरन बिन पायें नहीं थाओं , नित आवागवन विचारी ॥
समाँ विचारो जीवन का मीता , नित खोज मारग कल्याना ।
मिल सत्संग सतनाम विचारो , निर्भय पद निर्वाना ॥
अबनाशी की खोज करो नित , मिथ्या भरम को त्यागो ।
भाओ भगत प्रभ सेव कमाओ , सतगुर चरनी लागो ॥
तेरा जीवन निर्मल होवे , अनन भगत रस खाई ।
बाहरमुख की भरमन नासे , निज घर आन समाई ॥
अन्तरयामी सरब भरपूरा , सत शबद अबनाशी ।
अन्तरमुख हो सेव कमावे , तब जीवन बन्ध खुलासी ॥
मन को अन्तर नेहचल कीजे , सतनाम की रसना खाये ।
निर्गुन सर्गुन दोनों बाँधे , तत्त शबद घर पाये ॥
दो पर्बत में सुरती राखे , उलट पलट गत सोधे ।
तत्त निरंजन परगट पाये , निज मन को इयों बोधे ॥
सुरती खेल खेले अचम्भा , मन पवन इक कीजे ।

जीवत मिरतक सार पछाने , भेद अगम का लीजे ॥
पद निर्वान शबद को पीवे , काल करम होये नासा ।
सुन्न समाध अमीरस खाये , देखे अजब तमाशा ॥
साचा घर अन्तर में पाया , भ्रम दुर्मत लीन समाई ।

① गुरासा सैण आपरी भारी
नाभि कमल पर सुरति लगायी करि सोलह सिणगारी
ईड़ा पींगला दोनों मिलगी झालर रे झनकारी
सुखमण नारि सरोदे आयी पुँगी पुरुष दरबारी
संत स्वामी मंगलगिरी जी महाराज

② आसन पदम थिर लगाया,
मूल कमल का छेदा खटका
बंकनाल उलटे साधाया,
रस्ता कहीं न अटका
संत शीतलनाथ जी महाराज

③ नाभ कमल में स्वासन स्वासा उलटे पवन चढ़ाया
उलटि पवन कमल में ~~पैढ़ी~~ पलटी बंकनाल समाया
उनमनि नारि ध्यान लगावे सुखमण कूँची लगाया
संत पन्नानाथ जीमहाराज

④ धरण गगन बीच पवन पकड़कर, सोहंग साधना माई
संत नवल साहेब जी महाराज

⑤ मन को करले स्थर पदम आसन पक्का
इड़ा पिंगला सुखमना तेरा रस्ता अपने का
संत कबीर साहेब